4 रायपुर संभाग
अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त, प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा की...

6 अभिमत
एक देश एक पंजीकरण गेम चेंजर योजना

09 शिक्षा एवं स्वास्थ्य
संविधान दिवस पर चिकित्सकों ने किया 1100 से ज्यादा...

10 संस्कारधानी
स्टेट हाइवे किनारे गली में वृद्धा की जघन्य हत्या



रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 01 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-100 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### भाजपा बौखलाहट में केजरीवाल पर हमला करवा रही : आतिशी



**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि भाजपा दिल्ली का चुनाव तीसरी बार हारने की बौखलाहट में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला करवा रही है। आतिशी ने एक्स पर कहा दिन दहाड़े भाजपा के कार्यकर्ता ने केजरीवाल पर हमला किया। दिल्ली का चुनाव तीसरी बार हारने की बौखलाहट भाजपा में दिख रही है। उन्होंने कहा भाजपा वालों, दिल्ली के लोग ऐसी घटिया हरकतों का बदला लेंगे। पिछली बार 08 सीटें आयीं थी, इस बार दिल्ली वाले भाजपा को ज़ीरो सीट देंगे। आप के वरिष्ठ नेता राघव चड्ढा ने कहा दिल्ली की बिगड़ती क़ानून व्यवस्था पर अरविंद केजरीवाल ने आवाज़ उठाई और उन पर कायराना हमला किया गया। ये बेहद निंदनीय है। लोकतांत्रिक राजनीति में हिंसा की कोई जगह नहीं है।

### लव लाइफलीला में काम करना मेरी खुशकिस्मती : प्रसून जोशी



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष, गीतकार एवं पटकथा लेखक प्रसून जोशी ने कहा कि मेगा म्यूजिकल राजाधिराजः लव लाइफ लीला में गीतों के माध्यम से कृष्णा की पूरी कहानी कहना मेरे लिये नया था और मैं खुद को काफी खुशकिस्मत मानता हूँ कि मुझे इसके लिये काम करने का मौका मिला। राष्ट्रीय राजधानी के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में मेगा म्यूजिकल राजाधिराजः लव लाइफ लीला के शो का आयोजन किया गया।

### तेज रफ्तार कार ने मारी टेंपो में टक्कर, पांच की मौत छह घायल

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले में हुए एक वीभत्स सड़क हादसे में तेज रफ्तार कार ने टेंपो को टक्कर मार दी, जिससे टेंपो सवार 5 लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई और कार सवार दोनों युवक समेत कुल 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, बस्ती जिले के नव्वागांव के विजय चौधरी (32) अपनी कार के साथ गांव के सोहराब (42) के साथ बहराइच आए थे ताकि अपनी गाड़ी को सही करवा सकें। जब वे बहराइच से वापस बस्ती लौट रहे थे, तब टेंपो सवारी लेकर वीरपुर से इकौना जा रहा था। मोहनीपुर के पास बलरामपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने अचानक टेंपो को सामने से टक्कर मार दी। टेंपो में कुल 9 लोग सवार थे, जिनमें से 5 की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

# नागरिकों को मिलेगी इको-फ्रेंडली, किफायती, भरोसेमंद और सुगम परिवहन की सुविधा : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com






छत्तीसगढ़ के चार शहरों रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई और कोरबा में नागरिकों को जल्द ही इको-फ्रेंडली, किफायती, भरोसेमंद और सुगम परिवहन की सुविधा मिलने जा रही है। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत इन चारों शहरों में कुल 240 ई-बसें संचालित की जाएंगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत रायपुर के लिए 100, बिलासपुर और दुर्ग-भिलाई के लिए 50-50 तथा कोरबा के लिए 40 ई-बसों की स्वीकृति प्रदान की गई है। राज्य स्तर पर इसके लिए सुडा को नोडल एजेंसी तथा संबंधित जिलों में गठित अरबन पब्लिक सर्विस सोसाइटी को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि ई-बस सेवा प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ के शहरों में कम कार्बन उत्सर्जन से वायु गुणवत्ता में सुधार और पर्यावरण का संरक्षण होगा। कम ऊर्जा खपत और बेहतर ईंधन दक्षता के साथ ही नागरिकों को आरामदायक आवागमन की सुविधा सुलभ होगी। इसे शहरों में मेट्रो के विकल्प या उसके सहयोगी साधन के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि लोगों को किफायती, भरोसेमंद और सुगम परिवहन की सुविधा मिले। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन के ढांचे को दुरुस्त करने केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना प्रारंभ की गई है। सार्वजनिक परिवहन की इस अभिनव योजना में केंद्र सरकार द्वारा शहरों को बसों की खरीद तथा उनके संचालन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इसका एक बड़ा हिस्सा शहरों में बस डिपो एवं बीटीएम पॉवर इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसी अधोसंरचना विकास के लिए भी खर्च किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के तहत तीन तरह की बसें स्टैंडर्ड, मीडियम और मिनी चलाई जाएंगी। शहरों की जनसंख्या के आधार पर बसों की संख्या निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि राज्य शासन ने सड़कों पर इन ई-बसों को उतारने की तैयारियां तेज करते हुए चारों शहरों में बस डिपो और बीटीएम पॉवर इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए कुल 67 करोड़ 40 लाख रुपए मंजूर करते हुए निविदा आमंत्रण की भी अनुमति दे दी है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य शहरी विकास अभिकरण ने चारों शहरों में ई-बस सेवा के संचालन के लिए अलग-अलग गठित अरबन पब्लिक सर्विस सोसाइटी को इन दोनों कार्यों के लिए राशि स्वीकृत करते हुए निविदा आमंत्रित करने कहा है। सुडा द्वारा रायपुर में बस सेवा प्रारंभ करने के लिए बस डिपो के सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर हेतु रायपुर अरबन पब्लिक सर्विस सोसाइटी को 14 करोड़ 33 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। इसमें आठ करोड़ 60 लाख रुपए का केन्द्रांश और पांच करोड़ 73 लाख रुपए का राज्यांश शामिल है। सुडा ने बीटीएम पॉवर इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए भी 12 करोड़ 90 लाख रुपए मंजूर किए हैं। दुर्ग-भिलाई में ई-बसों हेतु बस डिपो के सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए दुर्ग-भिलाई अरबन पब्लिक सर्विस सोसाइटी को छह करोड़ 73 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति सुडा द्वारा जारी की गई है।

## बीजापुर बालक आश्रम शाला के 23 बच्चे अचानक बीमार



पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के बीजपुर जिले में भोलापटनम बालक आश्रम शाला भोपालपटनम के 23 बच्चे अचानक बीमार पड़ गए। आश्रम में शाम के प्रार्थना करते समय अचानक से पांच- छः बच्चे चक्कर खाकर गिर पड़े। देखते ही देखते अन्य बच्चों को भी चक्कर आने लगा। अधीक्षक नें तुरंत सभी बच्चों को अस्पताल लाकर भर्ती कराया। अचानक एक साथ इतने बच्चों के बीमार पढ़ने से प्रशासन भी सख्ते में आ गया। आनन-फानन में बच्चों को अस्पताल पहुंचाया गया जहाँ डॉक्टरो नें बच्चो का इलाज शुरू किया। डॉक्टर के मुताबिक हिस्टेरिया डर कि वजह से बच्चो को चक्कर आया हैं। अस्पताल मे इलाज के बाद भूत-प्रेत का शक जाहिर करते हुए अधीक्षक ने बच्चों का झाड़ फूंक भी कराया हैं।

## शाह ने पुलिस अधिकारियों से पूर्वी सीमाओं पर उभरती सुरक्षा चुनौतियों पर विशेष ध्यान देने को कहा

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यों में पुलिस के शीर्ष नेतृत्व से देश की पूर्वी सीमाओं पर उभरती सुरक्षा चुनौतियों, आप्रवासन और शहरी पुलिसिंग जैसे विषयों पर विशेष ध्यान देने को कहा है। शाह ने ओडिशा के भुवनेश्वर में राज्यों के पुलिस महानिदेशकों और पुलिस महानिरीक्षकों के 59वें सम्मेलन का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दूसरे और तीसरे दिन सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। यह सम्मेलन, हाइब्रिड मोड में आयोजित किया जा रहा है और इसमें सभी राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस प्रमुख तथा केन्द्रीय पुलिस बलों के प्रमुख हिस्सा ले रहे हैं। साथ ही देशभर से अनेक पुलिस अधिकारी वर्चुअल तौर पर इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं।

## रेलवे ने शुरू किया कंबलों का अल्ट्रा वायलेट कीटाणुशोधन



**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने अपने यात्रियों को स्वच्छ और उच्च गुणवत्ता के बेडरोल देने के लिए उनकी साफ-सफाई में खासकर कंबल की सफाई के लिए अल्ट्रा वॉयलेट तकनीक का इस्तेमाल शुरू किया है जो तकरीबन शत-प्रतिशत सफल सिद्ध हुई है।

## पंचशील पार्क में बुज़ुर्ग की हत्या से हर कोई भयभीतः केजरीवाल


पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंचशील पार्क में बुजुर्ग की हुई निर्मम हत्या से दिल्ली में हर कोई डरा हुआ है। केजरीवाल ने पंचशील पार्क में पीड़ित परिजनों से मुलाकात के बाद कहा, हम अभी पंचशील पार्क में हैं जो दिल्ली का एक तरह से सबसे पॉश इलाका माना जाता है। यहां पर अभी कुछ दिन पहले एक 64 साल के बुजुर्ग की गला काटकर और उनके शरीर को चाकुओं से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। उनका परिवार बहुत सदमे और दुख में है क्योंकि पता नहीं चल पा रहा है कि यह क्यों और कैसे हुआ। उन्होंने कहा, इस घटना से अन्य वरिष्ठ नागरिक भी सदमे में हैं।

## चक्रवाती तूफान फेंगल तमिलनाडु-पुड्डुचेरी तटों के करीब पहुंचा

वार्ता < चेन्नई
www.dailypioneer.com



बंगाल की खाड़ी के ऊपर सक्रिय चक्रवाती तूफान फेंगल उत्तरी तमिलनाडु और पुड्डुचेरी के तटों के करीब पहुंच गया है और इसके तट पर पहुंचने का अनुमान है। मौसम विभाग ने रेड अलर्ट संदेश के साथ अपने अपडेट में कहा कि बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में चक्रवाती तूफान फेंगल पिछले छह घंटों के दौरान 13 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ा और आज सुबह 0830 बजे उसी क्षेत्र में केंद्रित था। यह पुडुचेरी से लगभग 120 किलोमीटर पूर्व-उत्तरपूर्व, चेन्नई से 110 किलोमीटर दक्षिणपूर्व, नागपट्टिनम से 200 किलोमीटर उत्तर-उत्तरपूर्व और त्रिंकोमाली से 420 किलोमीटर उत्तर में केंद्रित है। इसके पश्चिम की ओर बढ़ने तथा पुड्डुचेरी के करीब कराईकल और महाबलीपुरम के बीच उत्तर तमिलनाडु- पुड्डुचेरी तटों को पार करने की संभावना है। इस तूफान की गति 70-80 किलोमीटर प्रति घंटे से लेकर 90 किलोमीटर प्रति घंटे तक हो सकती है। इस बीच चेन्नई शहर और इसके उपनगरों और कावेरी डेल्टा जिलों में भारी होने से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। चेन्नई शहर के कई इलाकों में जलभराव की खबर है और नागरिक अधिकारी रुके हुए पानी को बाहर निकालने में पूरी तरह जुटे हुए हैं। प्राप्त रिपोर्टों के मुताबिक चेन्नई के कई उपनगरीय इलाके जलमग्न हो गए हैं, जिससे लोगों को घरों के अंदर ही रहना पड़ रहा है। हवाई अड्डे के सूत्रों ने बताया कि कुछ उड़ानें रद्द कर दी गयीं और कई अन्य का मार्ग बदल दिया गया है। प्रतिकूल मौसम की स्थिति और रनवे पर जलभराव के कारण हवाई अड्डे को दोपहर से बंद कर दिया गया। दक्षिणी रेलवे ने यह भी घोषणा की कि उपनगरीय ईएमयू ट्रेनों को कम आवृत्ति पर चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने आधुनिक नियंत्रण केंद्र का दौरा किया और चक्रवात परिदृश्य की समीक्षा की और वर्तमान स्थिति और किए गए प्रबंधों पर वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला कलेक्टरों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि सभी प्रयास किए गये हैं और युद्ध स्तर पर राहत और पुनर्वास उपाय किये जायेंगे।

## संसद में गतिरोध पर आत्मचिंतन करें जनप्रतिनिधि : धनखड़

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि संसद में जारी गतिरोध पर जनप्रतिनिधियों को आत्मचिंतन करना चाहिए और संविधान की प्रस्तावना के अनुरूप शत-प्रतिशत कर्तव्य परायणता निभानी चाहिए। धनखड ने यहां 'विकसित भारत 2047 - विज़न ऑफ न्यू इंडिया 3.0' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संसद हमारे प्रजातंत्र का मंदिर है और यहां लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने का स्थान है। उन्होंने कहा, हमें वहां जनता की पूजा करनी चाहिए। लोगों के सपनों को साकार करना है, लेकिन हम ऐसे मंदिर की गरिमा नहीं रख पा रहे हैं। वहां विचार-विमर्श नहीं हो रहा है। उप राष्ट्रपति ने कहा कि संसद बहस, संवाद, विचार विमर्श और चर्चा का स्थान है, लेकिन वहां बाधा और व्यवधान हो रहा है। उन्होंने कहा कि संसद के शीतकालीन सत्र का पहला सप्ताह व्यवधान में समाप्त हो गया। व्यवधान और बाधा को हथियार बना लिया गया है। उन्होंने कहा, मैं पुरजोर अपील करूंगा कि जनप्रतिनिधि अपनी आत्मा को टटोले। अपनी शपथ को ध्यान में रखें, भारत के संविधान की प्रस्तावना को सामने रखें और संसद को शत-प्रतिशत कर्तव्य परायण बनायें। उन्होंने कहा कि राजनीति के अंदर परिवर्तन के बिना कुछ नहीं होता है और देश में यह परिवर्तन हो रहा है। सर्वोच्च पद पर जनजाति की महिला और सबसे शक्तिशाली केंद्र सरकार में अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्ति हैं। इतिहास में छह दशक के पश्चात किसी प्रधानमंत्री को जनता ने तीसरी बार आशीर्वाद दिया है। धनखड़ ने कहा कि विकसित भारत अब सपना नहीं है। यह भारत का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य है उन्होंने विभिन्न विकास योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत के प्रति अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक, विश्व आर्थिक मंच की सोच बदल रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए प्रति व्यक्ति की आय में आठ गुणा वृद्धि करनी होगी।

## भारत और सिंगापुर के सैनिकों का संयुक्त अभ्यास 'अग्नि वारियर' संपन्न

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारतीय सेना और सिंगापुर सशस्त्र बलों का द्विपक्षीय संयुक्त सैन्य अभ्यास अग्नि वारियर - 2024 महाराष्ट्र की फील्ड फायरिंग रेंज देवलाली में संपन्न हो गया। सेना के अनुसार 28 नवम्बर को शुरू हुआ तीन दिन के अभ्यास में सिंगापुर सशस्त्र बलों की टुकड़ी ने भाग लिया, जिसमें सिंगापुर आर्टिलरी के 182 सैनिक शामिल थे और भारतीय सेना की ओर से आर्टिलरी रेजिमेंट के 114 सैनिकों ने भाग लिया। इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत एक बहुराष्ट्रीय बल के रूप में संयुक्तता हासिल करने के लिए अभ्यास और प्रक्रियाओं की आपसी समझ को बढाना था। अभ्यास में दोनों सेनाओं की तोपों द्वारा संयुक्त अग्नि शक्ति नियोजन, निष्पादन और नई पीढ़ी के उपकरणों के उपयोग का प्रदर्शन किया गया।

## फिल्म अमरन की टीम ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



फिल्म अमरन की टीम ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। अमरन की टीम ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर उनसे मुलाकात की। अमरन की टीम से अभिनेता शिवकार्तिकेयन, निर्देशक राजकुमार पेरियासामी और निर्माता आर महेंद्रन शामिल थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फिल्म अमरन में मेजर मुकुंद वरदराजन और भारतीय सेना की देशभक्ति और वीरता के उनके असाधारण चित्रण के लिए टीम को बधाई दी। कमल हासन, महेंद्रन और सोनी पिक्चर्स द्वारा निर्मित और राजकुमार पेरियासामी द्वारा निर्देशित फिल्म अमरन में शिवकार्तिकेयन और साई पल्लवी मुख्य भूमिकाओं में हैं। अपनी रिलीज़ के बाद से, फिल्म को दर्शकों से शानदार समीक्षा मिल रही है और यह बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है।

## विमानवाहक पोत विक्रमादित्य के रिफीट के लिए 1207 करोड़ रूपये का अनुबंध

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्रालय ने नौसेना के विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य के 'शॉर्ट रिफिट' और 'ड्राई डॉकिंग' के लिए मेसर्स कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के साथ 1207.5 करोड़ रुपये के एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। आईएनएस विक्रमादित्य को नवंबर 2013 में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था। रिफिट का कार्य पूरा होने के बाद आईएनएस विक्रमादित्य उन्नत लड़ाकू क्षमता के साथ नौसेना के सक्रिय बेड़े में शामिल हो जाएगा। इस परियोजना से देश के औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूती मिलेगी और यह रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल हब के रूप में कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सीतारमण ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ लगभग 25 स्टॉलों का भी दौरा किया

## निर्मला सीतारमण ने 50294 लाभार्थियों में वितरित किए 1121 करोड़ का ऋण

एजेंसी < मधुबनी
www.dailypioneer.com




केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण बिहार के मधुबनी में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में शामिल हुई, 50294 लाभार्थियों को 1121 करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए गए। सीतारमण ने बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की उपस्थिति में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान 50294 लाभार्थियों को 1121 करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए गए। इस मौके पर चौधरी ने क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में मधुबनी आने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण को धन्यवाद दिया। साथ ही क्षेत्र में आर्थिक विकास के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री की देखरेख में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में किए जा रहे प्रयासों का विशेष रूप से उल्लेख किया। क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम के दौरान 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के कुछ वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना कार्ड भी प्रदान किए गए। इस दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री ने प्रतिष्ठित नागरिकों को मैथिली और संस्कृत में संविधान की पांच-पांच प्रतियां भी वितरित कीं। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक ने विभिन्न ग्रामीण सड़कपरियोजनाओं के लिए 155.84 करोड़ रुपये और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक ने 75.52 लाख रुपये से अधिक की राशि मंजूर करने की घोषणा की। बाद में सीतारमण ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ लगभग 25 स्टॉलों का भी दौरा किया, जिनमें बैंकों और नाबार्ड द्वारा वित्तपोषित उद्यमियों के विभिन्न स्थानीय उत्पादों और हस्तशिल्प को प्रदर्शित किया गया था। बैंकों ने स्कूलों में बुनियादी ढांचे की बेहतरी के लिए कॉर्पोरेट-सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के तहत खास तौर पर लड़कियों के लिए बने स्कूलों में सहायता को भी मंजूरी दी। केंद्रीय वित्त मंत्री ने एक एम्बुलेंस को भी हरी झंडी दिखाई और सीएसआर के तहत विभिन्न गतिविधियों की घोषणा की गई।

## राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वायनाड दौरे के लिए कालीकट पहुंचे

एजेंसी < कोझिकोड
www.dailypioneer.com



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और उनकी बहन एवं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा वायनाड दौरे के लिए कालीकट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। सांसद चुने जाने के बाद पहली बार वायनाड दौरे पर आयी सुवाड्रा ने यहां हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, मैं वापस आकर बहुत खुश हूं और वायनाड के लोगों के साथ काम करने के लिए तैयार हूं, ताकि उन्हें बेहतर जीवन जीने में मदद मिल सके। संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) कार्यकर्ताओं ने कोझिकोड जिले के मुक्कम में भाई-बहन का गर्मजोशी से स्वागत किया। वाड्रा ने स्वागत समारोह में मलयालम में वायनाड के मतदाताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वह और गांधी वायनाड के विकास के लिए हमेशा यहां के लोगों के साथ रहेंगे। इसके बाद गांधी और वाड्रा सड़क मार्ग से तिरुवंबाडी के लिए रवाना हो गये जहां यूडीएफ कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित जनसभा में शामिल होंगे। इसके बाद वाड्रा शाम को नीलांबुर के करुलई, वंडूर और एरनाड निर्वाचन क्षेत्र के एडवन्ना में जनसभाओं को संबोधित करेंगी। वह रविवार को वायनाड जिले के मनंतावडी, सुल्तान बाथरी और कलपेट्टा में तीन जनसभाओं में शामिल होंगी।




# पर्यटन उद्योग को प्रोत्साहित करने वाली क्रांतिकारी योजना है सस्की : यादव

पायनियर संवाददाता ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देश के 40 विशेष पर्यटन स्थलों को विश्व के पर्यटन स्थलों भांति की विकसित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रदेशवासियों की ओर से धन्यवाद देते हुए आभार माना है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 3 हजार 295.76 करोड़ की राशि देश के 40 चिन्हित पर्यटन स्थलों के लिए स्वीकृत की है।

उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थलों के सौंदर्यीकरण से ये स्थल देशी और विदेशी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनते है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन स्थलों के लिए निर्धारित मापदंड के लिए पर्यटन स्थलों के रख-रखाव एवं पर्यटकों के लिए संपूर्ण गाईड, कैफ़ेटरिया रहने के लिए होटल, गेस्ट हाउस आदि की व्यवस्था का होना आवश्यक है। केंद्र सरकार द्वारा देश के 23 राज्यों के 40 पर्यटन स्थलों में से मध्यप्रदेश की धार्मिक एवं पावन नगरी ओरछा ए मेडिएबल स्प्लेन्डर एवं भोपाल में इंटरनेशनल सेंटर फॉर एम.आई.सी.ई को विश्व स्तरीय आईकॉनिक सेंटर के रूप में विकसित करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के प्रति भी आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थल के विकसित होने से पर्यटकों की संख्या से पर्यटन उद्योग और उससे जुड़े छोटे-बड़े उद्योग एवं स्थानीय बाजार भी लाभान्वित होते हैं। इस योजना में राज्यों के प्रतिष्ठित पर्यटन केन्द्रों के विकास, ब्रांडिंग और विश्व व्यापार स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के साथ ही रोजगार सृजन को बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे निश्चित ही पर्यटन, रोजगार, बाजार, अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के साथ ही भारत की गौरवशाली संस्कृति एवं परंपरा का भी प्रसार होगा।

# उदयपुर में राजस्थान राज्य अंडर-13 शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर में दिल्ली पब्लिक स्कूल में राजस्थान शतरंज संघ एवं उदयपुर जिला शतरंज संघ (यूडीसीए) के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय अंडर-13 शतरंज प्रतियोगिता 2024 का शुभारंभ हुआ। यूडीसीए अध्यक्ष सोनल गर्ग ने बताया कि प्रतियोगिता दिल्ली पब्लिक स्कूल के सहयोग से दिल्ली पब्लिक स्कूल, भुवाणा, उदयपुर में 30 नवंबर और एक दिसंबर को आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस चैंपियनशिप में उदयपुर जिले ने 97 खिलाड़ियों के साथ सबसे बड़ी भागीदारी दर्ज की है। जयपुर से 20, अजमेर से 14 और जोधपुर से 11 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा दौसा से नौ, कोटा से सात, भीलवाड़ा से छह, चित्तौड़गढ़ से पांच, हनुमानगढ़ और अलवर से 4-4, राजसमंद और पाली से 3-3, बाड़मेर से दो और सिरोही से एक खिलाड़ी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। सीकर, नागौर, बीकानेर और झुंझुनूं से भी 1-1 खिलाड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। गर्ग ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के 18 जिलों से 190 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है, जो राज्य में शतरंज की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है तथा प्रतियोगिता में युवा खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। यह आयोजन युवाओं को शतरंज में अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। शाला के प्राचार्य संजय नरवरिया ने बताया कि इस राज्य स्तर की प्रतियोगिता में संपूर्ण राज्य के विजेताओ को राष्ट्रीय स्तर पर पहुचने एवं अपनी पहचान बनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर मिलेगा एवं ये बच्चे शतरंज को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने का काम करेंगे।

# परिश्रम ही सफलता का मुख्य आधार : डॉ. शांडिल

एजेंसी ◄ सोलन
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि अनुशासन में रहकर समय पर किया गया परिश्रम ही सफलता का आधार है। डॉ. शांडिल सोलन ज़िला के कण्डाघाट स्थित राजकीय महिला पॉलीटेक्निक संस्थान में तीन दिवसीय 26वीं हिमाचल प्रदेश इंटर-पॉलीटेक्निक स्पोर्ट्स मीट (महिला) के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस स्पोर्ट्स मीट में 16 बहु-तकनीकी संस्थानों की 114 छात्राओं ने भाग लिया। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में बैडमिंटन तथा टेबल टेनिस खेलों का आयोजन हुआ। डॉ. शांडिल ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि युवाओं को परिश्रम से नहीं घबराना चाहिए और नियमित रूप से प्रयत्नशील रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि लड़कियां हमारे समाज का आधार है और एक सुशिक्षित कन्या न केवल दो परिवारों का सम्बल बनती है अपितु समाज को नई राह भी दिखाती है। उन्होंने आग्रह किया कि पढ़ाई के साथ-साथ मानसिक एवं शारीरिक व्यायाम को भी नियमित समय दें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के लिए अनेक कार्य कर रही है। राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं के लिए जहां पुरस्कार राशि में अभूतपूर्व वृद्धि की गई है वहीं खिलाड़ियों की डाईट मनी में भी आशातीत बढ़ौतरी की गई है। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा रोज़गार एवं स्वरोज़गार के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही है। प्रदेश सरकार युवाओं को कृत्रिम मेधा और ड्रोन जैसे भविष्य के पाठ्यक्रमों में पारंगत बनाने के लिए कार्य कर रही है। इस वर्ष तकनीकी शिक्षा पर 330 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। डॉ. शांडिल ने छात्राओं से आग्रह किया कि अनुशासित रहकर सदैव अपने से बड़ों का सम्मान करें और अपने सभी साथियों को नशे से दूर रखें। उन्होंने कहा कि नशा तन, मन और धन का नाश करता है। स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया और आशा जताई कि सभी छात्राएं इन खेलों से सकारात्मक सीख ग्रहण करेंगी। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को अपनी ऐच्छिक निधि से 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। बैडमिंटन प्रतियोगिता में राजकीय बहुतकनीकी संस्थान रैहन, ज़िला कांगड़ा की टीम विजेता रही। राजकीय बहुतकनीकी उदयपुर, लाहौल-स्पीति की टीम उप विजेता रही। टेबल टेनिस में राजकीय बहुतकनीकी महाविद्यालय रैहन की टीम विजेता तथा राजकीय बहुतकनीकी महाविद्यालय हमीरपुर की टीम उपविजेता रही। डॉ. शांडिल ने इससे पूर्व कण्डाघाट में निर्माणाधीन 50 बिस्तर वाले अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करवाया जाएगा।

# बच्चों को मेहनत करना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए : गंगा

एजेंसी ◄ पटना
www.dailypioneer.com

सिक्किम और मेघालय के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें खूब मेहनत करनी चाहिए और खूब आगे बढ़ना चाहिए। भारतीय डाक विभाग की ओर से आयोजित तीन दिवसीय बिहार डाक टिकट प्रदर्शनी के भव्य आयोजन के तीसरे और अंतिम दिन चीफ पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार, पोस्टमास्टर जनरल उत्तरी प्रक्षेत्र, परिमल सिन्हा, पोस्टमास्टर जनरल पूर्वी प्रक्षेत्र मनोज कुमार,एवं पवन कुमार, डाक निदेशक, मुख्यालय के द्वारा कार्यक्रम के लिए पधारे मुख्य अतिथि एवं सभी विशिष्ट अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व राजयपाल प्रसाद ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जिस बिहार की महिलाएं विद्वता में जल्दी गिनी नहीं जाती है, उसी बिहार के महिलाए प्राचीन समय में कई विचारधारों की प्रणेता रही है। उन्होंने डाक टिकटों के इतिहास के बारे में भी चर्चा की,जिसमे विश्व का पहला डाक टिकट तत्कालीन अजीमाबाद वर्तमान पटना के ताम्र टिकट तथा स्वतंत्र भारत के प्रथम डाक टिकट विशेष रहा। इस अवसर पर पोस्टमास्टर जनरल पूर्वी प्रक्षेत्र, भागलपुर मनोज कुमार ने अपने स्वागत संबोधन में वर्तमान समय में डाक विभाग के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। उन्होंने प्रदर्शित डाक टिकटों के महत्त्व को सभी उत्सुक दर्शको के समक्ष रखा, उनके द्वारा प्रदर्शित अति दुर्लभ तीनों डाक टिकटों के बारे में विस्तार से बताया गया,एवं क्र के अनावरण एवं विमोचन के विषय वस्तु पर प्रकाश डाला गया। रुबन हॉस्पिटल, पटना के निदेशक डॉ. सत्यजीत कुमार सिंहने पत्र लेखन के साथ बहने वाले भाव के अहमियत को समझाया। उन्होंने इस भव्य प्रदर्शनी के लिए चीफ पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार को धन्यवाद दिया। सुप्रसिद्ध लेखक इम्तियाज़ अहमद ने इस डाक प्रदर्शनी कि प्रशंसा करते हुए डाक विभाग के इतिहास को शेरसाह सूरी से काफी पूर्व मौर्य कालीन समय से भारत में व्यवस्थित बताया। डूमरॉव घराना के ध्रुपद गायक कमोद पाठक ने डाक विभाग के द्वारा प्रदान किये गए इस पहचान के लिए डाक विभाग की बहुत बहुत धन्यवाद दिया और चीफ पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने डूमरॉव घराने के संक्षिप्त इतिहास के बारे में बताया। उनके द्वारा इस बात की पूरी उम्मीद जताई गयी कि इस कार्यक्रम के बाद बिहार के संगीत घरानों को नया पहचान मिलेगा एवं कला जगत में ये घराने नयी ऊँचाइयों को प्राप्त करेंगे। इसके बाद मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य विशिष्ट अतिथियों के द्वारा मंडन मिश्र-शंकराचार्य पर विशेष आवरण का विमोचन किया गया। बिहार के संगीत घराने पर पिक्चर पोस्टकार्ड का अनावरण किया गया।

# संस्कृति संरक्षण में उत्सवों की सराहनीय भूमिका : नेगी

पायनियर संवाददाता ◄ सोलन
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के राजस्व, बागवानी, जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश की समृद्ध संस्कृति के संरक्षण में विभिन्न उत्सवों एवं महोत्सवों की सराहनीय भूमिका रही है। नेगी ने अर्की विधानसभा क्षेत्र के कुनिहार में दो दिवसीय 'रियासत विंटर कार्नीवाल' कार्यक्रम का शुभारम्भ करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी समृद्ध संस्कृति पर्यटकों और प्रदेशवासियों के लिए आकर्षण का केन्द्र रही है। उन्होंने कहा कि संस्कृति का प्रचार-प्रसार तभी सुनिश्चित होता है जब उस संस्कृति को समझने वाले अन्य को इस विषय की सारगर्भित जानकारी प्रदान कर सकें। उन्होंने आग्रह किया कि प्रदेश के कलाकार यह सुनिश्चित बनाएं कि लोगों तक हिमाचल की समृद्ध संस्कृति विशुद्ध रूप से पहुंचे। उन्होंने आशा जताई कि दो दिवसीय विंटर कार्नीवाल हिमाचली कलाकारों को बेहतर मंच प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा। राजस्व मंत्री ने कहा कि मौलिक लोक संस्कृति प्राचीन युग की धरोहर है इसमें प्राचीन लोक सांस्कृतिक विरासत का प्रतिबिंब परिलक्षित होता है। उन्होंने कहा कि लोक कलाकारों को उचित मंच, मानदेय व सम्मान देने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत है। नेगी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम लोक कलाकारों को बेहतर मंच प्रदान करने तथा उनकी प्रतिभाओं को उभारने में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की संस्कृति को आगे ले जाने के लिए युवा पीढ़ी को हमारी संस्कृति से रू-ब-रू करवाना आवश्यक है। राजस्व मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित बना रही है कि देश के संविधान के अनुरूप न केवल विभिन्न कार्य पूरे हो अपितु लोगों को भी विकास के लाभ समय पर मिलें। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अपने क्षेत्र के विकास का नियमित अनुश्रवण करें और अपनी समस्या विधि सम्मत रूप से उच्च स्तर तक पहुंचाएं। अर्की विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि लोक कलाकारों और स्थानीय प्रतिभाओं को सशक्त मंच प्रदान करने के लिए यह आवश्यक है कि मेलों और उत्सवों में स्थानीय प्रतिभाओं को अधिक से अधिक समय दिया जाए। उन्होंने आशा जताई कि विंटर कार्नावाल विशेष रूप से युवाओं को हिमाचल की लोक लुभावनी संस्कृति की बहुआयामी जानकारी प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कुनिहार में पहली बार रियासत विंटर कार्नीवाल आयोजित करने के लिए आयोजन समिति को बधाई दी।

# नाबालिग लड़की के प्रसव के मामले में हॉस्पिटल बंद

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले में एक नाबालिग लड़की के प्रसव के मामले में अस्पताल को बंद कराया गया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर ममता तिमोरी ने बताया कि तिलकगंज स्थित एक मल्टी स्पैशलिटी हॉस्पिटल में नाबालिग लड़की का प्रसव कराया गया, जिसकी सूचना मिलने के बाद हॉस्पिटल की जांच की गई। जिसमें नाबालिग लड़की के प्रसव से संबंधित दस्तावेज के लिए स्पष्टीकरण देने बावत पत्र जारी किया गया। जांच के बाद गठित दल ने मल्टी स्पैशलिटी हॉस्पिटल रेल्वे स्टेशन रोड जाकर हॉस्पिटल को बंद कर दिया है।

# खाद्य विभाग के अधिकारियों ने सीखे आनंद के तरीके

**भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण और वेयर हाउसिंग के अधिकारियों ने 28 से 30 नवंबर तक वाल्मी भवन में आनंद संस्थान के प्रशिक्षकों से आनंदित रहने के तरीके सीखे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण में 'स्वयं की स्वयं से मुलाकात', 'पॉवर ऑफसाइलेंस' का अनुभव एवं जीवन को आनंददायक बनाने के तरीकों को सिखाया गया। समापन सत्र में प्रमुख सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण रश्मि अरूण शमी और आनंद संस्थान के निदेशक प्रवीण गंगराड़े भी शामिल हुए। प्रशिक्षण में लगभग 50 अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। प्रशिक्षण रामसहाय यादव, अर्चना शर्मा, अंजना श्रीवास्तव, मुकेश कामले और कमलकान्त द्वारा दिया गया।

## सांची में दो दिवसीय महाबोधि महोत्सव शुरु

**सांची।** 30 नवम्बर (वार्ता) मध्यप्रदेश के रायसेन जिले के सांची में क्र से दो दिवसीय सांची महाबोधि महोत्सव शुरू हुआ, जिसके तहत भगवान बुद्ध के प्रिय शिष्यों सारिपुत्र और महामोदगल्यान के अस्थि कलशों को तलघर से निकाल कर इनकी पूजा अर्चना की गई और इन्हें आम श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए रखा गया। वर्ष में एक बार ही सांची महोत्सव के लिए इन दोनों शिष्यों के अस्थि कलशों को तलघर से बाहर निकाला जाता है। तलघर की एक चाबी जिला प्रशासन के पास तो एक अन्य श्रीलंका सोसाइटी के पास रहती है। महोत्सव के दौरान महाबोधि श्रीलंका सोसाइटी से सांची स्तूप तक भगवान बुद्ध की शोभा यात्रा निकली गई। शोभा यात्रा में देश विदेश से आए बौद्ध धर्म के अनुयायी शामिल हुए। महोत्सव के लिए जापान, श्रीलंका, वियतनाम, मलेशिया सहित कई देशों के श्रद्धालु सांची आये हैं।

# सब इंस्पेक्टर के लिए रिश्वत लेते हुए दो संविदा कर्मचारी चढ़े सीबीआई के हत्थे

**भोपाल।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने केंद्रीय मादक पदार्थ निरोधक ब्यूरो (सीबीएन), मंदसौर के दो संविदा कर्मचारियों को एक व्यक्ति से एक लाख 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। दोनों संविदा कर्मचारी ये रिश्वत राशि सीबीएन के एक सब इंस्पेक्टर के लिए ले रहे थे। सब इंस्पेक्टर का नाम इस मामले में प्राथमिकी में दर्ज किया गया है। सीबीआई की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति ने इस मामले में सीबीआई से फरियाद करते हुए कहा था कि सीबीएन सब इंस्पेक्टर अभिषेक अग्निहोत्री अफीम की खेती के लाइसेंस के ऐवज में उससे एक लाख 20 हजार रुपए की मांग कर रहा है। इस मामले में सीबीआई ने सब इंस्पेक्टर और अज्ञात अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इसके बाद सीबीआई ने जाल बिछाते हुए कार्रवाई की और दो संविदा कर्मचारियों रामनिवास और कांति लाल को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। मामले में आगे की जांच जारी है।

# सिलीगुड़ी में 151 किलो गांजा बरामद, चार तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी ◄ राजगंज
www.dailypioneer.com

पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी के विशेष टास्क फोर्स ने सिलीगुड़ी-जलपाईगुड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर फाटापुकुर संलग्न टोल प्लाजा इलाके में एक पिकअप वैन से 151 किलों गांजा बरामद किया तथा इस संबंध में चार लोगों को दो वाहनों के साथ गिरफ्तार किया। पिकअप वैन में गुप्त चेंबर बनाकर गांजा तस्करी की कोशिश की जा रही थी। तस्करी से पहले ही एसटीएफ ने 151 किलो गांजे के साथ चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना में दो वाहनों को भी जब्त किया गया है। आरोपियों के नाम मौसम सरकार, हबलू हुसैन, रफीकुल मियां और उत्तम चंद्र नारायण हैं। ये सभी कूचबिहार जिले के निवासी हैं। बताया जाता है कि सिलीगुड़ी एसटीएफ को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली थी कि कूचबिहार से एक पिकअप वैन गांजा की तस्करी के उद्देश्य से सिलीगुड़ी ले जाया जा रहा है। इसी के आधार पर एसटीएफ ने फाटापुकुर में टोल प्लाजा के पास पिकअप वैन को रोका। इसके अलावा पिकअप वैन के पीछे आ रहा एक अन्य चार पहिया वाहन को भी रोका गया। पिकअप वैन की तलाशी के दौरान गुप्त चेंबर से कुल 22 पैकेट गांजा मिला।

# नई चेतना 3.0 अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

एजेंसी ◄ दरभंगा
www.dailypioneer.com

अन्तरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन पखवारा के दौरान महिला विशेष कोषांग दरभंगा के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हैकॉक इंस्टीच्युशन मध्य विद्यालय, लहेरियासराय, में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र/छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उक्त कार्यक्रम में छात्र, छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक , भाषण, चित्रकारी, गायन तथा रंगोली बनाकर इस जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों एवं आम जनों को मन्त्र मुग्ध किया। केंद्र प्रशासक अजमतुन निशा द्वारा बच्चों को गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि लिंग आधारित हिंसा के प्रति खुद भी सजग बने तथा दूसरों को भी सजग बनाने का प्रयास करें। उन्होंने बताया कि बाल विवाह मानवाधिकार का एक गंभीर उल्लंघन है, जो सीधे तौर पर लड़कियों एवं लड़कों के जीवन, स्वास्थ्य व सुरक्षा को खतरे में डालकर उनके भविष्य की संभावनाओं को सीमित करता है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम वर्ष 2006 से देश भर में लागू है। इसके तहत 18 वर्ष से कम आयु की लड़की एवं 21 वर्ष से कम उम्र के लड़कों की शादी निषेध है।

# राज्य एवं केंद्र की सरकार पंचायत प्रतिनिधियों के साथ कर रही है सौतेला व्यवहार : मिथिलेश

एजेंसी ◄ दरभंगा
www.dailypioneer.com

मुखिया महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय ने क्र कहा कि राज्य एवं केंद्र की सरकार लगातार पंचायत प्रतिनिधियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। दरभंगा जिला मुखिया महासंघ के जिला अध्यक्ष राजीव कुमार चौधरी की अध्यक्षता में राज्यव्यापी आह्वान पर क्र जिला समाहरणालय स्थित धरना स्थल पर जिला के मुखिया एवं मुखिया प्रतिनिधियों की आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का सपना था कि सत्ता का विकेंद्रीकरण हो एवं पंचायत स्तर पर सरकार बनेगा तो आमजन की समस्या और गांव के विकास का फैसला आम सभा के माध्यम से पंचायत की जनता खुद करेंगे तभी गांव का सर्वांगीण विकास होगा लेकिन केंद्र एवं राज्य की सरकारी त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के साथ लगातार सौतेला व्यवहार कर राष्ट्रपिता के सपनों के साथ खिलवाड़ कर रही है,जिससे ग्रामीण स्तर पर विकास का स्तर शून्य होता जा रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार प्रशासन द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत सरकार को लगातार कमजोर करने की साजिश चल रही है। मुखिया एवं पंचायती राज के जनप्रतिनिधि अपने अधिकारों में कटौती से प्रताड़ित है। राय ने कहा कि अब लगातार बिहार में अपराधियों का तांडव भी मुखिया एवं पंचायत के अन्य प्रतिनिधियों पर लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण सीतामढ़ी के कोचर पंचायत के मुखिया, मधुरेन्द्र मिश्र की सरेआम अपराधियों के द्वारा हत्या है। बिना पुलिस भय के खुलेआम गोलियों से भून डाला गया। पुलिस शराब खोजने में व्यस्त रहा है। विकास कार्यों के सामग्री का दर सही निर्धारित नहीं होने के कारण दरभंगा जिला में पंचायत से पंचायत समिति तक के खाते में षष्ठम वित्त आयोग का अरबों रुपया दो साल से प्रशासन की उदासीनता के कारण पड़ा हुआ है और पूरे जिला का विकास कार्य ठप्प है। जिसकी लिखित एवं मौखिक सूचना संबंधित सभी अधिकारियों को पूर्व में दिया गया है। बिहार सरकार के गलत नीतियों के खिलाफ हम धरना प्रदर्शन के लिये विवश है। मुखिया महासंघ के जिला अध्यक्ष राजीव कुमार चौधरी ने कहा कि पूरे पंचायती राज के प्रतिनिधियों को सरकार ने पंगु बनाकर रख दिया है। हमें आमजन काफी आशा के साथ वोट देकर जीताते हैं, लेकिन हम सरकार की गलत नीतियों के कारण जनता के हित में काम नहीं कर पाते हैं।

# आईएनए में आयोजित 239 प्रशिक्षुओं की पासिंग आउट परेड

**कन्नूर।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए), एझिमाला में आयोजित 239 प्रशिक्षुओं की पासिंग आउट परेड (पीओपी) की समीक्षा की। नौसेना की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, 239 प्रशिक्षुओं में चार देशों के आठ विदेशी कैडेर और 29 महिला प्रशिक्षु शामिल थीं। मुख्य अतिथि के साथ उनकी पत्नी शशि त्रिपाठी, नौसेना पत्नी कल्याण संघ (एनडब्ल्यूडब्ल्यूए) की अध्यक्ष और दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल वी श्रीनिवास भी उनके साथ थे, जिन्होंने संचालन अधिकारी के रूप में काम किया। इस अवसर पर एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने सर्वश्रेष्ठ कैडेरों को पदक प्रदान किए।

# एक साल में 441 आवेदन आए, 294 को मिली पेरोल

वार्ता ◄ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश सरकार ने अदालत में कैदियों के पैरोल पर अपनी एक विस्तृत रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट में बताया गया कि एक सितंबर 2023 से 31 अगस्त 2024 के बीच जेल में बंद कैदियों की ओर से पेरोल के लिए 415 नियमित आवेदन आए थे जबकि 26 आपातकालीन पैरोल आवेदन प्राप्त हुए। राज्य सरकार ने यह रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट के मुताबिक कुल आवेदन में से 277 नियमित आवेदनों को अनुमति दी गई। 17 आपातकालीन पैरोल दी गई। इस समय के बीच जेल प्राधिकरण की ओर से 72 आवेदनों को खारिज कर दिया गया, जिसके बाद कैदियों ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर और न्यायमूर्ति राकेश कैंथला की खंडपीठ ने 20 नवंबर को सरकार को प्रदेश में पेरोल पर कैदियों की स्थिति पर स्टेटस रिपोर्ट दायर करने के आदेश दिए थे। अदालत ने यह आदेश हाईकोर्ट में पेरोल पर याचिकाओं की बढ़ रही संख्या पर दिए थे। अदालत ने कहा कि अगर ऐसी प्रथा जारी रही तो उच्च न्यायालय पैरोल देने वाला फोरम और न्यायालय बन जाएगा। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कहा था कि जमानत व्यक्ति का अधिकार है और नियमों के तहत ही कैदी पेरोल के लिए आवेदन करते हैं। याचिका में आरोप लगाए गए हैं कि जेल अधीक्षक को पेरोल के आवेदन आने के 24 घंटे के बाद इसे उपायुक्त (डीसी) को सूचित करना पड़ता है। डीसी इसे पुलिस अधीक्षक (एसपी) को भेजते हैं। एसपी इसे एक हफ्ते के अंदर जेल महानिदेशक (डीजीपी) को भेजते हैं। डीजीपी को तीन दिनों के अंदर इस आवेदन पर कार्रवाई करनी होती है, लेकिन आवेदन पर अधिकारियों की ओर से देरी की जा रही है। इसकी वजह से आवेदन पर महीनों तक कोई निर्णय नहीं लिया जाता।

# पछवाड़ा कोयला खदान से पीएसपीसीएल को हुई 1000 करोड़ रु की बचत : हरभजन सिंह ईटीओ

**चंडीगढ़।** पंजाब के बिजली और लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने आज यहां बताया कि पंजाब राज्य पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने पछवाड़ा कोयला खदान से सस्ता कोयला प्राप्त कर लगभग 1000 करोड़ रुपये की बड़ी बचत की है। हरभजन सिंह ईटीओ ने कहा कि वर्ष 2015 से बंद पड़ी पछवाड़ा कोयला खदान को पंजाब सरकार ने दिसंबर 2022 में पुनः चालू किया। यह कदम कोल इंडिया लिमिटेड के मुकाबले सस्ता कोयला प्राप्त करने का बेहतर विकल्प साबित हुआ। पछवाड़ा कोयला खदान से प्राप्त वित्तीय लाभों का विवरण देते हुए उन्होंने बताया कि कोल इंडिया लिमिटेड के मुकाबले पछवाड़ा खदान से कोयला प्रति एक लाख मीट्रिक टन पर 11 करोड़ रुपये सस्ता पड़ा। उन्होंने बताया कि पीएसपीसीएल ने अब तक 2400 रैक के माध्यम से 92 लाख मीट्रिक टन कोयला प्राप्त किया है। बिजली मंत्री ने कहा कि इस पहल के चलते पंजाब के थर्मल प्लांट में अब कोयले की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि रोपड़ स्थित गुरु गोबिंद सिंह सुपर थर्मल पावर प्लांट के पास 35 दिनों का कोयला स्टॉक है, लहरा मोहब्बत स्थित श्री गुरु हरगोबिंद थर्मल प्लांट के पास 26 दिनों का और गोइंदवाल साहिब स्थित गुरु अमरदास थर्मल प्लांट के पास 28 दिनों का स्टॉक है।

# सरकार किसानों को कृषि कार्य में सहूलियत देने के लिए उठा रही है महत्वपूर्ण कदम : नीतीश

वार्ता ◄ पटना
www.dailypioneer.com



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य की पूर्ववर्ती सरकारों में किसानों और कृषि क्षेत्र के विकास के लिए कोई काम नाम नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए क्र कहा कि उनकी सरकार कृषकों को कृषि कार्य में सहूलियत देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। कुमार ने यहां गांधी मैदान में आयोजित चार दिवसीय राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेले का एग्रो बिहार-2024 का उद्घाटन करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा, कृषि यांत्रिकरण मेले का आयोजन बहुत पहले से हमलोग करा रहे हैं। नवबंर 2005 में सरकार में आने के बाद से कृषि क्षेत्र के विकास एवं किसानों के हित के लिए कई कदम उठाए गए हैं जिसका लाभ किसानों को मिल रहा है। किसानों के हित के लिए हमलोग लगातार काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, हमलोगों के सरकार में आने के पहले किसानों एवं कृषि क्षेत्र के विकास के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए। हमलोगों ने राज्य में कृषि रोडमैप बनाया और कृषि विकास कार्यक्रम चलाये गये, जिससे फसलों, फलों एवं सब्जियों के उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को कृषि कार्य में सहूलियत देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। प्रदर्शनी में लगाए गए कृषि यंत्रों और कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं और क्रियाकलापों के बारे में जो जानकारी दी गई है उसको सभी लोग देखें और समझें।

# हाई प्रोफाइल अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी के श्रृंखला का किया गया ध्वस्त

■ अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी करते 1 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बाना क्षेत्र में अवैध रूप से सट्टा, जुआ पर अंकुश एवं गांजा पर बड़ी कार्यवाही करते हुये 30 नवंबर को मोबाईल फोन से बुधधीर के सूचना प्राप्त हुआ की उड़ीसा, माकड़ी, चिचाड़ी की ओर से रायपुर की ओर जा रही एक रायल इनफिला मोटर सायकल क्रमांक सी.जी. 27 एन. 2952 में अवैध मादक पदार्थ गांजा का परिवहन किया जा रहा है। जिसकी सूचना पर मेन रोड एन.एच. 30 चिचाड़ी जाने यत्ती रास्ता तालान के पास ने नाकेबंदी की गई जो मुखबीर के बताए अनुसार एक रायल इनफिल्ड मोटर सायकल कमांक सी.जी. 27 एन. 2952 को रोककर हमराह स्टाफ के तलाशी ली गई जो बुलेट मोटर सायकल के पीछे एक फाल रंग के बैग के अंदर में 8 पैकेट गांजा मिला चालक से पूछताछ करने पर अपना नाम सुब्रत राय निवासी बाजारपारा फरसगांव का रहने वाला बताया। जिसके कब्जे से कुल गांजा 23.60 किलोग्राम बीगती 2 लाख 30 हजार रुपये एवं बुलेट मोटर सायकल कीमती 1 लाख 50 हजार रुपये एवं गांजा तस्करी कर प्राप्त अवैध धन से खरीदे गये क्रेटा कार 11 लाख रुपये कुल जुमला रकम 14 लाख 80 हजार को अपराध क्रमांक 165/2024 धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट में जब्त किया गया। थाना फरसगांव के अपराध क्रमांक 57/2024 एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी में जब्त एक ट्रक व 1 क्विंटल 10 किलोग्राम गांजा का घटना दिनांक से फरार आरोपी सुब्रत राय को गिरफ्तार को गिरफ्तार किया गया।

# पिछड़ा वर्ग का हुआ बैठक, नव नियुक्त जिला अध्यक्ष समेत पदाधिकारी का हुआ स्वागत

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



भानुप्रतापपुर में शुक्रवार को पिछड़ा वर्ग समाज का जिला स्तरीय बैठक आयोजित किया गया। बैठक के पूर्व हाल ही में मनोनीत किए गए नव नियुक्त जिला अध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारी का फूल माला से स्वागत किया गया। स्वागत से अभिभूत दिख रहे पिछड़ा वर्ग के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष माधेश्वर जैन समेत सभी पदाधिकारी ने कहा कि जो नई जिम्मेदारी मिली है उसे पूर्ण समर्पण के साथ निभाएंगे पिछड़े वर्ग के हितों के लिए जो भी करना होगा पीछे नहीं हटेंगे। तत्पश्चात बैठक में प्रमुख एजेंडा पर चर्चा किया गया। जिसमे ग्रामीण और ब्लॉक स्तर पर 15 दिसम्बर तक नए कार्यकारिणी गठन करना है। तथा बस्तर संभाग में भी होने वाले गठन की रूपरेखा को लेकर चर्चा की गई। जिसमे बताया गया की शनीवार को जगदलपुर में संभागीय कार्यकारणी का गठन होगा जिसमें कांकेर जिले के पदाधिकारी शमिल होंगे। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष जगन्नाथ साहू, गौरी शंकर साहू, मनीष योगी, परमानंद साहू, हरेश चक्रधारी, मधेश्वर जैन जिला अध्यक्ष, अरविंद जैन, अशोक जैन, दशरथ साहू जिला उपाध्यक्ष, अजय साहू जिला मीडिया प्रभारी,नंदा गोसाई महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष, हीरामणि यादव महिला प्रकोष्ठ जिला महासचिव, अनीता सोनी, भगवती गजेंद्र, गीता साहू, गजानन डड़सेना, मुकेश चंद्राकर, महासचिव अशोक यादव, विजय साहू सचिव, राजीव श्रीवास युवा प्रकोष्ठ जिलाअध्यक्ष, तरुण सिन्हा उपाध्यक्ष, वेद प्रकाश सिन्हा संगठन मंत्री, अलित सिन्हा, उत्तम साहू, देवेंद्र सिन्हा, धनेश यादव, विजय पटेल दुर्गुकोंदल ब्लॉकअध्यक्ष, अजय साहू जिला मीडिया प्रभारी, कटेंद्र, हेमंत यादव आदि मौजूद रहे।

**बस्तर संभाग के पिछड़ा वर्ग अभ्यार्थियों के लिए ऊंचाई में छूट प्रदान करने सौपा ज्ञापन** – बैठक के बाद पिछड़ा वर्ग समाज ने एसडीएम कार्यालय में जाकर ज्ञापन सौंपा है। जिसमे मांग किया है कि पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ नया रायपुर विज्ञापन में प्रकाशित आरक्षक संवर्ग भर्ती प्रक्रिया में ओबीसी वर्ग अभ्यर्थियों के लिए ऊंचाई में 168 मांगा गया है परंतु बस्तर संभाग के अभ्यर्थियों के लिए छूट प्रदान करने प्रावधान बनाया गया है परंतु इस भर्ती प्रक्रिया में सिर्फ बस्तर संभाग के अभ्यर्थी एसटी, एससी को ही छूट प्रदान किया गया है।

# एएमएनएस किरन्दुल द्वारा 36 बच्चों को किया गया साइकिल वितरण



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

मुख्य रूप से दूरस्थ आदिवासी स्थानों में शिक्षा को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए सीएसआर के तहत आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया लिमिटेड द्वारा ज्ञानज्योति कार्यक्रम आयोजित की गई।विशेष रूप से पिछड़े आदिवासी क्षेत्र के वंचित छात्रों को उनके प्रयासों के लिए प्रोत्साहित करते हुए को शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय विद्यानगर किरंदुल में शनिवार चयनित टॉपर छात्र छात्राओं को साइकिल प्रदान किया गया। जिसमें कोड़ेनार क्रमांक 01, कोड़ेनार क्रमांक 02, किरन्दुल बस्ती, मदाड़ी, पीरनार मड़कामीरास, गुमियापाल, कुटरेम एवम विद्यानगर के 36 विद्यार्थियों को नगरपालिका सीएमओ शशिभूषण महापात्र एवं एएमएनएस महाप्रबंधक वाई वी राघवेलु द्वारा साईकिल वितरित किया गया। ताकि उनकी शिक्षा जारी रहे और स्कूल में ड्रॉपआउट कम हो और अन्य छात्रों को भी बढ़ावा मिले। इस प्रकार की सुविधा मेधावी छात्रों को अपने उच्च अध्ययन को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करती है। मौके पर एएमएनएस सीएसआर प्रमुख डॉ तेजप्रकाश, गोविंद राजू, रघु, एसएमडीसी अध्यक्ष अतुल सिंह, आर एस चौहान, प्राचार्या उमा ठाकुर उपस्थित थे।

# तनुजा बेलसरिया जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के लिए हुई चयनित

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा-2023 में भानुप्रतापपुर के ग्राम घोठा की तनूजा बेलासरिया ने सफलता प्राप्त कर जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के पद पर चयनित हुई है। पिछली बार इनका चयन सहायक जेलर के पद पर हुआ था पर इन्होंने दोबारा परीक्षा दी।

तनूजा शिक्षक हेमलाल बेलसरिया और उमा बेलसरिया की सुपुत्री तथा संजय बेलसरीया की भतीजी है।तनूजा के सफल होने पर परिवार समेत सभी ने उन्हे हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उल्लेखनीय हो की बीती देर रात छत्तीसगढ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 'राज्य सेवा परीक्षा-2023' के सफल अभ्यर्थियों के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। विज्ञापन 242 पदों के लिए जारी किया गया था, जिसमें पास हुए 703 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था और अब सफल हुए अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। जिसमे तनूजा का नाम भी शामिल है।

# नौकरी दिलाने का झांसा देकर किया ठगी



पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

आरोपीया के द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर वर्ष 2019 में कई लोगों से ठगी किया गया था, जिसमें प्रार्थीया एवं पीड़ितों की रिपोर्ट पर थाना कोंडागांव में अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थीया एवं इसके रिश्तेदारों से लगभग 21 लाख रुपए नौकरी लगाने के नाम पर ठगी किया गया है। रिपोर्ट पर तत्काल थाना कोण्डागांव में अपराध क्रमांक 293/2024 धारा 420,34 पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के द्वारा तत्काल आरोपी को गिरफ्तार करने निर्देश प्राप्त होने पर टीम गठित कर फरार आरोपीया के संबंध में पता तलाश किया गया। आरोपी के मिलने पर आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया। जिसमें आरोपी ने पीड़िता के साथ ठगी करना स्वीकार किया। जिस पर आरोपीया मेवा चोपड़ा को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमांड हेतु प्रस्तुत किया गया। न्यायिक रिमांड प्राप्त कर आरोपी को जेल में भेजा गया हैं।

# 4 को होगा एक दिवसीय रोज़गार मेला

**कोंडागांव।** जिला कोण्डागांव एवं अन्य जिले के शिक्षित युवाओं और युवतियों के लिए कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मॉडल कैरियर सेंटर कोण्डागांव द्वारा 4 दिसंबर दिन बुधवार को सूरडोंगर मैदान, केशकाल में पूर्वान्ह 11 से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के 12 नियोजकों द्वारा अपनी-अपनी संस्थाओं में 4225 विभिन्न पदों पर कार्य करने हेतु भर्ती की जाएगी। इस रोजगार मेले के माध्यम से निजी क्षेत्र में नियोजित होने के इच्छुक एवं पात्र युवक-युवतियां अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता, रोजगार पंजीयन निवास, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि, मूल दस्तावेज, छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ सहित उक्त दिवस को रोजगार मेला में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# सेवा कार्यों के लिए मितानिनों का हुआ सम्मान



पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में मितानिन दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सभी वार्ड की मितानिनों का एकत्रित होकर सम्मानित किया गया। मितानिनों को श्रीफल और पुष्प भेंटकर उनका सम्मान किया गया और स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके योगदान को सराहा गया।इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी के द्वारा मितानिनों को सम्मानित किया गया, जिससे वे उत्साहित और गर्वित नजर आईं।

इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी हमारी मितानिन बहनें हैं। मितानिनों ने स्वास्थ्य सेवाओं में अहम भूमिका निभाते हुए समुदाय के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और सहायता प्रदान की है जिसके चलते उनका योगदान अत्यधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। उन्होंने कहा कि मितानिनों के इस सम्मान समारोह में उनमें उत्साह और प्रेरणा से भरे है। क्योंकि उन्होंने अपने कार्यों के प्रति मेहनत और समर्पण दिखाया है। मितानिनों का काम सिर्फ स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित नहीं है बल्कि समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाने का काम भी करता है।

# रंगारंग लोक नृत्य नाट्य प्रदर्शन के साथ सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन



■ एनएसएस स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति पर आधारित नाटक कर, श्रमदान भी किया

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय शिविर का शानदार समापन समारोह कबेंगा के मिडिल स्कूल प्रांगण में संपन्न हुआ। विश्व विद्यालय समन्वयक डॉ. डीएल पटेल, जिला संगठक शशि भूषण कन्नौजे के कुशल मार्गदर्शन में सात दिनों में स्वयं सेवकों ने अपनी दिनचर्या में योग प्राणायाम के साथ साथ श्रमदान कर गांव वासियों को स्वच्छता हेतु प्रेरित किया। कुपोषण, नशा मुक्ति, प्लास्टिक उन्मूलन, बाल विवाह, मौलिक अधिकार पर आधारित नाटक प्रदर्शन ने सभी दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। बस्तर विश्वविद्यालय के समन्वय डॉ. डीएल, पटेल का योग आयुर्वेद पर प्रेरणादायक उद्बोधन से शिविरार्थी लाभान्वित हुए। जिला संगठक शशि भूषण कन्नौजे के मार्गदर्शन में शिविर सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में उप दल नायक महेश ने अपने अनूठे नशा मुक्ति नाटक से सबको प्रभावित किया।

**केंद्र सरकार द्वारा बढ़ाये गए 117 रु. प्रति क्विंट. को 3100 रू. प्रति क्विंट. में जोड़ते हुए 3217 रू प्रति क्विंट. में धान की खरीदी कर अपने चुनावी वादे को पूरा करे भाजपा सरकार**

# भाजपा सरकार किसानों से धान नहीं खरीदने का षडयंत्र कर रही है : विक्रम मंडावी

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने जिला मुख्यालय बीजापुर में प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों से धान नहीं खरीदने का षड्यंत्र कर रही है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार की नई नीति से स्पष्ट है कि वह किसानों से धान खरीदी कम करना चाहती है।विक्रम मंडावी ने कहा कि इस बार 160 लाख मिट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है। इसके लिए 14 नवंबर से 31 जनवरी तक का समय निर्धारित है। शनिवार, रविवार और सरकारी छुट्टियों को घटाकर कुल 47 दिन मिल रहे हैं। इसका मतलब यह है कि प्रति दिन सरकार को लगभग साढ़े तीन लाख मिट्रिक टन की खरीदी प्रति दिन करनी होगी, तब जाकर लक्ष्य पूरा होगा। वर्तमान में जिस रफ्तार से धान खरीदी हो रही है उसमें लक्ष्य प्राप्त करना असंभव लग रहा। विधायक विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि सोसाइटियो को निर्देश है कि एक दिन में अधिकतम 752 क्विंटल यानी 1880 कट्टा धान ही खरीदा जाना है। ऐसे में एक किसान का शेष धान के लिये उसको आगामी दिनों की तारीख दी जा रही है। सरकार ने यह घोषणा किया है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आयेगा, लेकिन जो लोग 14 नवंबर को धान बेचे थे, उनके खाते के रकम नहीं आया है, जो रकम आ रहा है वह एक मुस्त 3100 नहीं है। सिर्फ 2300 रू. प्रति क्विंटल ही आ रहा है। (जो समर्थन मूल्य है उतना) अनावरी रिपोर्ट गलत बनाया जा रहा जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा। किसानो से पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है। बीज उत्पादक किसानों से सोसायटी में धान नहीं खरीदा जा रहा। सोसायटी में सूचना चस्पा किया गया है कि बीज उत्पादक किसानों का धान नहीं लिया जायेगा। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में बारदानों को लेकर कहा कि सोसायटी में बारदाना की कमी है किसान परेशान है। सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नये 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाये। 50 प्रतिशत पुराने बरदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। आगे उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्रो में टोकन नहीं जारी किया जा रहा है किसान घंटो खड़े रहते है। आनलाईन टोकन सिस्टम के कारण किसानों को 15 दिन बाद का भी टोकन नहीं मिल रहा है। विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि धान की कीमत का भुगतान 3217 रू. में करे क्योंकि 3100 रू. भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रू. बढ़ा दिया है। इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रू. से बढ़ाकर 3217 रू. किया जाये। कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 देने का वादा किया था लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 रू. में धान खरीदी किया था। धान उपार्जन की कांग्रेस सरकार की नीति को भाजपा सरकार ने बदल दिया है। नई नीति के अनुसार 72 घंटे में बफ स्टॉक के उठाव की नीति को बदल दिया है। पहले इस प्रावधान के होने से समितियों के पास ये अधिकार होता था कि वे समय सीमा में उठाव न होने पर चुनोती दे सकें। अब जो बदलाव हुआ है उसके बाद बफ स्टॉक के उठाव की कोई सीमा ही नहीं है। धान खरीदी केन्द्रों में जगह की कमी आ रही है। पहले मार्कफे डे द्वारा समस्त धान का निपटान 28 फरवरी तक कर देने की बाध्यता रखी गई थी, अब इसे बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया गया है। जबकि धान खरीदी 31 जनवरी तक होगी उसके बाद धान खरीदी बंद हो जाएगी, यानी समितियों/ संग्रहण केंद्रों में धान अब दो महीने तक रखा रह रहेगा।

ESAF
ESAF SMALL FINANCE BANK

REGD. OFFICE: ESAF Bhavan, Mannuthy, Thrissur- 680 651, Kerala.

**GOLD AUCTION NOTICE**

Notice is hereby given for the information of all concerned that gold ornaments pledged with ESAF Small Finance Bank and not redeemed by borrowers, despite repeated reminders and notices, of our branches, are listed below. This will be auctioned as per the details given below.

DATE OF AUCTION: 10-12-2024 TIME: 2 pm to 5 pm
AUCTION VENUE: Through e-Auction
AUCTION ADDRESS: https://gold.matexnet.org/
CONTACT NUMBER: 95001 73386 / 99629 79770

To register as bidder for the e-Auction with terms and conditions, and full details of e-Auction please visit the above site.

**BRANCHES AND LOAN ACCOUNT NUMBERS**

BAGBAHARA: 63230000296668, 377706, 75230000865891, 1510033, 1810648, 2273940, 75240001051626, BAIKUNTHPUR: 75230001883369, BHILAI: 63230000395422, BILASPUR: 75230001966313, 1966903, 75240001084614, CHAMPA: 75230002256133, 75240001051326, DHAMTARI: 75230002272082, DURG: 63230000390551, 63230000390551, 75240001084504, KATGHORA: 63240000196727, 75240001081399, KAWARDHA: 75240001056327, KORBA:63230000404307, 63230000404307, MAHASAMUND: 63240000194951, 195959, 75230000714636, 714686, 2262111, 75240001069273, 1070700, 1071898, MUNGELI: 75230002270575, PITHORA: 75230002259787, 2262021, 75240001058434, 1071418, 1080131, RAIGARH: 63230000416154, 63230000416154, 75230002257251, RAJNANDGAON: 75230001807344, 75230001807344, SARANGARH: 75240001061187, SHIVRINARAYAN: 75230002264287.

Customers who are interested to release the ornaments by paying the total due amount may do so, at the respective branches, on or two days before the date of the auction. Bidders who wish to participate in the auction shall produce their KYC documents. GST No. is mandatory for registered firms/companies. Bidders shall deposit a sum of Rs.50,000 as EMD before participating in the auction.

Place: Thrissur
Date: 01-12-2024

Sd/-
Authorized Signatory

# अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त, प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा की पहल से कर्मचारियों ने काम पर की वापसी

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



निगम प्लेसमेंट कर्मचारियों की 12 दिनों से चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल आखिरकार समाप्त हो गई। शहर की बिगड़ती व्यवस्थाओं और सफाई की स्थिति को देखते हुए नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा भाजपा पार्षदों की मध्यस्थता ने इस विवाद को सुलझाने में अहम भूमिका निभाई। कर्मचारियों ने काम पर लौटने का निर्णय लिया। हड़ताल का कारण और प्रभाव कर्मचारियों ने ठेका प्रथा बंद करने, वेतन वृद्धि और अन्य लंबित मांगों को लेकर यह हड़ताल शुरू की थी। हड़ताल के कारण शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई थी जिससे सड़कों और मोहल्लों में कचरे का अंबार लग गया था। इससे न केवल स्वच्छता, बल्कि स्वास्थ्य की स्थिति भी चिंताजनक हो गई थी। शहरवासियों को बढ़ती गंदगी और अव्यवस्था से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। प्रशासन और कर्मचारियों के बीच संवाद विफल होने से स्थिति और भी बिगड़ गई थी। नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा विजय मोटवानी ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए इसे हल करने के लिए हस्तक्षेप किया। उन्होंने कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच मध्यस्थता करते हुए संवाद स्थापित किया। प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने फोन पर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा आप सब मेरे परिवार के सदस्य हैं। आपकी हर समस्या को मिलकर हल करेंगे। मैं आप सभी से निवेदन करता हूं कि शहर के हित में काम करें और अपनी सेवाएं फिर से शुरू करें। आपकी मांगों का समाधान प्राथमिकता पर किया जाएगा। कर्मचारियों ने तुरंत हड़ताल समाप्त करने और काम पर लौटने का निर्णय लिया। उनकी वापसी से शहर में सफाई और अन्य व्यवस्थाएं फिर से पटरी पर लौटने लगी है। नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा ने आश्वासन दिया कि कर्मचारियों की समस्याओं को संबंधित उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा और उनका समाधान शीघ्र सुनिश्चित किया जाएगा। रामू रोहरा ने भी वादा किया कि निगम कर्मचारियों के अधिकारों और उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। मध्यस्थता के दौरान पार्षद विजय मोटवानी, धनी राम सोनकर, श्यामा साहू, हेमंत बंजारे, प्रकाश सिन्हा, बिशन निषाद, दीपक गजेंद्र, प्राची सोनी, रितेश नेताम, श्याम लाल नेताम, ईश्वर सोनकर, नीलू डागा, सरिता आसाई, मिथलेश सिन्हा आदि शामिल हैं।

# हितग्राहियों को बैंकिंग से संबंधित आवश्यक जानकारी देकर शासन की योजनाओं से करें लाभान्वित

## सीईओ जिला पंचायत ने डीएलसीसी एवं डीएलआरसी की बैठक में दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिला पंचायत सभाकक्ष में सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति डीएलसीसी और जिला स्तरीय समीक्षा समिति डीएलआरसी की बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले के विभिन्न बैंकों द्वारा दी जा रही ऋण सुविधा की जानकारी ली और लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक इंद्र कुमार टिलवानी ने जिले की विभिन्न बैंकों की शाखाओं की जानकारी दी और हितग्राहियों को दी जा रही सुविधाओं को विस्तारपूर्वक बताया। सीईओ श्रीवास्तव ने कहा कि जिन बैंकों की प्रगति कम है, उसे बेहतर किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के प्रगति सहित खोले गए खातों की बैंकवार जानकारी लेते हुए शासन की योजनाओं से हितग्राहियों को गंभीरता से लाभान्वित करने कहा। इसके लिए उन्होंने शिविर लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में सीईओ ने कहा कि बैंक सखी द्वारा गांवों में निःशुल्क सेवाएं दी जातीं हैं। इस संबंध में बैंक सखियों को अपने सेंटर में निःशुल्क का नेम प्लेट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्व सहायता समूह की महिलाओं को अधिक से अधिक लाभान्वित करने और पंजीयन की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। सीईओ ने बड़ौदा आरसेटी में चल रहे प्रशिक्षण और प्रशिक्षकों की जानकारी ली। साथ ही यहां प्रशिक्षित कितने हितग्राही रोजगार अथवा स्वरोजगार से लाभान्वित हो रहे, उनकी जानकारी भी सीईओ ने बैठक में ली। उन्होंने मछली पालन, सब्जी उत्पादन इत्यादि प्रशिक्षणों को बढ़ावा देने कहा। सीईओ ने कहा कि जिन हितग्राहियों के द्वारा दस्तावेज नहीं लाया अथवा दस्तावेजों में कमी हो तो बैंक मैनेजर उन्हें वापिस नहीं भेंजें, बल्कि समन्वय स्थापित कर दस्तावेजों की पूरी.पूरी और सही जानकारी दें तथा हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए। बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, मुद्रा योजना, रोजगार सृजन कार्यक्रम, किसान क्रेडिट कार्ड, आधार सीडिंग, डीबीटी मैपिंग, पीएम जनमन के अंतर्गत पीवीटीजी बसाहटों के हितग्राहियों का खाता खोलने, अंत्योदय, आदिवासी स्वरोजगार योजना इत्यादि की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अब डनेश्वर निषाद के हाथों पर होगी व्यापारी संघ की जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता ‹ मगरलोड/धमतरी
www.dailypioneer.com



मेघा के सभी व्यापारियों ने अपना नया अध्यक्ष चुन लिया है। दरअसल शुक्रवार को व्यापारी संघ मेघा द्वारा एक समारोह का आयोजन किया था जिसमें एकजुटता दिखाते हुए सर्व सहमति से व्यापारियों ने नये अध्यक्ष के तौर पर डनेश्वर निषाद को मनोनित किया। वही उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह दिग्वा, योगेश साहू को सचिव, कोषाध्यक्ष मिश्री लाल बैस, सहसचिव चंद्रशेखर विश्वकर्मा तथा किसन लाल विश्वकर्मा को पुनः मीडिया प्रभारी बनाया गया। इस मौके पर अध्यक्ष डनेश्वर निषाद ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वो मेघा के व्यापारियों की हर परिस्थितियो में सहयोग करेंगे एवं सबको साथ लेकर साथ चलने का आश्वासन भी दिया।

# प्राथमिक विद्यालय सनबाहली में हुआ न्योता भोजन कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता ‹ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

संकुल केंद्र जमदरहा के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सनबाहली में न्योता भोजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य रूप से सरपंच प्रतिनिधि देव कुमार सिदार समन्वयक डिजेन्द्र कुर्रे प्रधानपाठक जगदीश मांझी शिक्षक डोसराम बसंत, रसोईया, सफाई कर्मचारी एवं विद्यालय के समस्त छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे। शासन के महत्वाकांक्षी पहल के अंतर्गत न्योता भोजन में बच्चों को पौष्टिक भोजन मिले। और शासन के मध्यान भोजन राशि में बचत हो। न्योता भोजन की अवधारणा सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है।कोई भी व्यक्ति या सामाजिक संगठन, जन्मदिन, सालगिरह या दूसरे खास मौकों पर अपने पास के स्कूल, आश्रम या छात्रावास में जाकर बच्चों के लिए न्योता भोजन का कार्यक्रम कर सकता है।इसमें पूरा भोजन या मिठाई, नमकीन, फल या अंकुरित अनाज के रूप में खाद्य सामग्री भी दी जा सकती है। इसी योजना के तहत सरपंच प्रतिनिधि देव कुमार सिदार के जन्मोत्सव के अवसर पर बच्चों को न्योता भोजन कराया गया।उत्कृष्ट आयोजन हेतु विकासखंड शिक्षा अधिकारी जे. आर. डहरिया, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे,लोकेश्वर कंवर,विनोद शुक्ला विकासखंड स्त्रोत समन्वयक पूर्णानंद मिश्रा, नोडल प्राचार्य उत्तर कुमार चौधरी एवं समन्वयकगण बधाई प्रेषित किए है।

# 1 लाख 42 हजार परिवारों मे से 2378 परिवार को 100 दिन का रोजगार सरकार की फजियत



पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

| ब्लॉक नाम | जॉबकार्ड धारी | सौ दिन मिले काम |
|---|---|---|
| फिंगेश्वर | 32402 | 310 |
| छुरा | 28495 | 597 |
| गरियाबंद | 22779 | 326 |
| मैनपुर | 31414 | 785 |
| देवभोग | 27804 | 360 |

लाख दावों के बावजूद मनरेगा स्कीम भी मजदूरों को रोजगार देने में नाकाम हो रही हैं जबकि मजदूरों की आर्थिक ढांचा को मज़बूत बनाने में मनरेगा वरदान साबित हुआ है लेकिन जिला पंचायत अधिकारियों की सुस्ती से मनरेगा पर आश्रित मजदूरों को निर्धारित 100 दिन की मजदूरी नहीं मिल पा रही है गौरतलब हो कि जिला भर में 1 लाख 42 हजार 894 जॉबकार्डधारी है जिन्हें रोजगार दिलाने के लिए हर साल की तरह इस साल भी 1 अप्रैल से डबरी तालाब कुंआ इत्यादि काम शुरू किया मतलब 1 अप्रैल से लेकर अभी करीब करीब 100 दिन तक मनेरगा काम हुआ है लेकिन अब तक 30% मजदूरों को भी 100-100 दिन का रोजगार नहीं मिल पाया है ऐसे आने वाले दिनों मे मनेरगा पर निर्भर मजदूरों को 100 दिन रोजगार मिलने की कल्पना कैसे किया जा सकता है जानकारी अनुसार जिला के 5 विकासखंड में 1 लाख 42 हजार 894 जॉब कार्ड धारी परिवार है जिनमें से सिर्फ 2 हजार 378 परिवारों को 100-100 दिन का रोजगार मिल पाया है और बचे मजदूर आज भी जिला प्रशासन की ओर मुंह ताके हुए है कि उन्हें कब सौ दिन का मजदूरी मिलेगा सबसे ज्यादा दरकार मैनपुर और देवभोग ब्लॉक के लोगो को रोजगार गारंटी कार्य की जरूरत होती हैं क्योंकि इन ब्लॉक में ना तो कोई कारखाना है और मजदूरी के लिए कोई उपाय जबकि परिवार की भरण पोषण में सबसे प्रमुख मनेरगा में मिलने वाली मजदूरी रोल अदा करती है फिर भी निर्धारित दिवस की मजदूरी के लिए कोई पहल नहीं होता और ना जिला के अधिकारी हजारों मजदूरों को काम दिलाने के लिए कोई रुख अख्तियार कर रहे है मतलब सरकार की निर्धारित दिवस की मजदूरी देने की मंशा पर पालिंदा लगाते फज़ियत कराने में पीछे नहीं है। पलायन का कारण भी इः मजदूरों को निर्धारित मजदूरी नहीं मिलने का दुष्प्रभाव पलायन के रूप देखने को मिलता है। हालांकि पलायन का सही आंकड़ा सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज भी नहीं हो पाता लेकिन जमीनी तौर पर पलायन आम है पहले लगभग लगभग 100 दिन का काम जैसे तैसे मिलता भी था लेकिन कुछ सालों वह रोजगार भी पूरी तरह से नहीं मिल रहा है जिसकी चिंता ना अधिकारियों को होती है और ना अधिकारियों को कोई फर्क पड़ता है शायद यही वजह है कि मनरेगा के जरिए रोजगार उपलब्ध कराने की पहल बिल्कुल भी नहीं होता जबकि जितने दिन का मजदूरी मिलता है उससे साल का गुजरा करना भी मुश्किल है बावजूद इसके अधिकारी गंभीर नहीं हैं।

### कमरों में होने वाली अधिकारियों की बैठकें खानापूर्ति

गांव गांव के अंतिम जॉबकार्डधारी को मनरेगा तहत रोजगार देने के लिए अधिकारियों की लगातार बैठक भी नुमाइश साबित हो रही हैं क्योंकि ऐसे बैठक का लाभ मजदूरों के बीच बिल्कुल देखने को नहीं मिलता तभी जिला पंचायत में होने वाले बैठकों मजदूरों के साथ साथ जनप्रतिनिधि भी नुमाइश का आरोप लगाते हैं तभी इस बार भी सौ सौ दिन का काम मिल पाना मुश्किल नजर आ रहा है हालांकि रोजगार मूलक कार्य से जोड़कर अधिकारी निर्धारित मानव दिवस देने की खोखली दावा कर रहे हैं क्योंकि आने वाले पंचायती चुनाव के बीच 100-100 दिन का काम मिलने का आसार बिल्कुल भी नजर नहीं आ रहा है।

# आईटीआई भाटापारा में नई दिशा अभियान का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर नशा से बचने हेतु नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत नई दिशा कार्यक्रम प्रति सप्ताह जागरूकता शिविरों का आयोजन स्कूल, कॉलेज, ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आईटीआई भाटापारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 111 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। उप संचालक समाज कल्याण अरविंद गेड़ाम ने बताया कि नशा एक व्यक्ति करता है और बरबाद उसका पुरा परिवार हो जाता है। अगर नशे की लत से छुटकारा पाना है तो एक दृढ़ संकल्प लेकर अथवा एक सकारात्मक सोच लेकर नशे को छोड़ना पड़ेगा इस हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नशामुक्ति केन्द्र भी सहयोग करता है। नशामुक्ति केन्द्र में मनोचिकित्सक उपलब्ध है, दवाईया भी दी जाती है एवं सकारात्मक सोच को अपने मन में रखकर नशे को जिन्दगी से विदा देना है, अन्यथा इस नशे की लत हमें जिन्दगी से विदा कर देगी। सरकार इन पीड़ित को नशे के चुंगल से छुड़ाने के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाती है, शराब और गुटखें पर रोक लगानें के प्रयास करती है। नशा एक ऐसी बिमारी है जो समाज को खोखला करती है एंव इससे कई परिवार नष्ट हो रहे है, इसलिए नशे से दुर रहे। नशा मुक्त भारत अभियान, मानसिक स्वास्थ्य एवं महिला उत्पीड़न के बारे में बताया गया साथ ही साथ नशामुक्ति हेतु संकल्प भी लिया गया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को अपने परिवार, मोहल्ले आस-पास के वातावरण को नशे से मुक्त करने हेतु जानकारी दी गई है एवं संकल्प वाचन किया गया। खैरघटा स्थित नशामुक्ति केन्द्र में प्रतिदिन योगाभ्यास, पूजा पाठ एवं सामाजिक कार्यक्रम कराया जाता है। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जीवन जीने की कला जिसे अंग्रेजी में आर्ट ऑफ लिविंग कहा जाता है इसके संबध में भी जानकारी बच्चों को दी गई जिससे वह अपना जीवन सहजता एवं सरलता से यापन कर सके एवं जीवन की कठनाईयों का सामना कर सकें। इस अवसर पर मनोचिकित्सक सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल एवं मोहिन्दर घृतलहरे, सखी वन स्टॉप सेन्टर सुतुलिका परघनिया, प्रीती नवरत्ने एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, आईटीआई के प्राचार्य एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# कलेक्टर दीपक सोनी ने वीडियो कॉल के जरिये पीएससी टॉपर रविशंकर वर्मा को दी बधाई

पायनियर संवाददाता ‹ कसडोल
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2023 के परीक्षा में सर्वोच्च अंक हासिल करने ग्राम कोसमंदी निवासी टॉपर रविशंकर वर्मा को विडियो कॉल के जरिए बधाई दी। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा नवाचार कार्यक्रम हम होंगे कामयाब अंतर्गत जिले के युवाओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में तैयारी कर रहे छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन देने के लिए वर्मा को आमंत्रित किया। वर्मा ने भी आमंत्रण को स्वीकार करते हुए आगामी दिनों बलौदाबाजार आने की बात कही। उन्होंने बताया की वे वर्तमान में कोरिया जिले रोजगार अधिकारी के रूप में पदस्थ हुं, प्रशासनिक अकादमी निमोरा में अभी ट्रेनिंग चल रही है। इस दौरान उन्होंने अपने परिवारिक पृष्ठभूमि के बारे में बताया। इसके साथ ही कलेक्टर सोनी ने कसडोल विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कटगी के 19 वीं रैंक हासिल करने वाले अजय कुमार देवांगन और उनके पिता से बातचीत कर बधाई देते हुए उनका हौसला बढ़ाया। कोरिया जिले के छोटे से गांव कोसमंदी में जन्मे रविशंकर वर्मा की कहानी हर उस युवा के लिए प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद बड़े सपने देखने की हिम्मत रखते हैं। किसान पिता बालकृष्ण और गृहिणी मां योगेश्वरी और एक बड़े भाई और दो बड़ी बहन के इस लाड़ले ने अपने दृढ़ निश्चय और समर्पण से वह मुकाम हासिल किया, जो लाखों अभ्यर्थियों का सपना होता है–डिप्टी कलेक्टर बनना।

### सपनों की नींव

रविशंकर का जीवन साधारण ग्रामीण पृष्ठभूमि से शुरू हुआ। पढ़ाई में शुरू से ही रुचि रखने वाले रविशंकर ने इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच में बीटेक किया और एनआईटी से पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई के बाद प्राइवेट नौकरी शुरू की, लेकिन मन सिविल सेवा में जाने का था। यही सपना उन्हें अपनी आरामदायक नौकरी छोड़कर एक कठिन राह चुनने के लिए प्रेरित करता रहा।

### कठिनाइयों के बीच जारी रहा संघर्ष

रविशंकर ने पहली बार छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (PSC) की परीक्षा दी, लेकिन सफलता उनके हाथ नहीं लगी। यह सिलसिला चलता रहा और उनके चार प्रयास असफल हो गए। 2021 में पांचवें प्रयास में उन्हें 50वीं रैंक मिली और वे रोजगार अधिकारी बने। हालांकि, उनका सपना डिप्टी कलेक्टर बनने का था और उन्होंने इसे कभी नहीं छोड़ा। जिला कोरिया में रोजगार अधिकारी की जिम्मेदारी निभाते हुए, रोज 9 घंटे की सरकारी ड्यूटी, पत्नी और एक एक साल की छोटी बिटिया के साथ कोरिया में ही रहकर रवि वर्मा ने अपने सपने को पूरा करने की तैयारी करते रहे।

### सोशल मीडिया और समय का प्रबंधन

अक्सर कहा जाता है कि सिविल सेवा की तैयारी के लिए सोशल मीडिया से दूर रहना चाहिए, लेकिन रविशंकर ने इस धारणा को गलत साबित किया। उन्होंने सोशल मीडिया का सही और सीमित उपयोग किया। उनकी सफलता का राज समय का प्रबंधन था। उन्होंने बताया कि यदि आपका कॉन्सेप्ट क्लियर है, तो कम समय में भी बेहतर तैयारी की जा सकती है।

### साक्षात्कार में आत्मविश्वास की जीत

रविशंकर का इंटरव्यू शानदार रहा। साक्षात्कार के दौरान उनसे सब्जेक्ट के साथ उनकी हॉबी क्रिकेट से जुड़े सवाल भी पूछे गए। उन्होंने आत्मविश्वास के साथ सभी सवालों का जवाब दिया,जो उनकी सफलता की अहम वजह बना।

### कामयाबी की नई ऊंचाई

2024 में, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के परिणाम घोषित हुए और रविशंकर वर्मा टॉपर्स की सूची में सबसे ऊपर रहे। यह पल उनके लिए सपना सच होने जैसा था। उनके परिवार,गांव और हर उस व्यक्ति के लिए गर्व का क्षण था, जो उन्हें जानता था।


### प्रेरणा का संदेश

रविशंकर वर्मा की यह कहानी बताती है कि सफलता के लिए सिर्फ मेहनत और समर्पण चाहिए। परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मन में दृढ़ निश्चय हो, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं।उनकी यात्रा यह भी सिखाती है कि बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए संसाधनों की कमी कोई बाधा नहीं होती। रविशंकर वर्मा आज उन लाखों युवाओं के लिए एक प्रेरणा हैं, जो अपनी मेहनत और आत्मविश्वास से इतिहास लिखने का साहस रखते हैं। 'सपने पूरे करने के लिए न हालात बदलने की जरूरत है, न जगह बदलने की। जरूरत है तो सिर्फ खुद पर विश्वास और अपनी मेहनत पर भरोसे की।

# जिले में अब तक 11 लाख 9855 क्विंटल हुई धान की खरीदी

## माईक्रो एटीएम की सुविधा से किसानों को बैंक की भीड़ से मिल रही राहत, समय की हो रही बचत

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



प्रदेश सहित जिले में 14 नवंबर से धान खरीदी सुचारू रूप से शुरू हो चुकी है। धान का सही मूल्य मिलने से किसानों के चेहरे पर साफतौर पर खुशी देखी जा सकती है। जिले में इस वर्ष धान की बम्पर खरीदी हो रही है। मिली जानकारी अनुसार जिले में गत वर्ष की तुलना में दुगुनी गति से इस वर्ष खरीदी की जा रही है। अब तक जिले के 26 हजार 374 पंजीकृत किसानों द्वारा कुल 11 लाख 9 हजार 855 क्विंटल 60 किलोग्राम धान का विक्रय किया गया,इसके एवज में 20 हजार 162 किसानों को 162 करोड़ 18 लाख रूपये का भुगतान को किया जा चुका है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किसानों के हित में लिए गए बड़े फैसले और प्रशासनिक व्यवस्था की सराहना करते हुए किसान खुश हैं। इन समन्वित प्रयासों के चलते जिले में धान खरीदी का यह खरीफ सीजन संतोषजनक साबित हो रहा है।

### अब तक हुई धान की खरीदी

खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले में 26 हजार 374 किसानों से 11 लाख 9855.60 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। जिसके तहत 4 लाख 50 हजार 412.42 क्विंटल, 8151. 20 क्विंटल पतला,6 लाख 51 हजार 292 क्विंटल सरना शामिल है। जिसके एवज में लगभग 20 हजार 162 किसानों को 162 करोड़ 18 लाख रूपये का भुगतान आंनलाईन माध्यम से आज दिनांक तक किया जा चुका है। गौरतलब है कि जिले में 1 लाख 67 हजार 787 किसान पंजीकृत है। जिसके तहत इस वर्ष 9 लाख 62 हजार 910 मैं.टन खरीदी अनुमानित है। शासन की मंशानुरूप धान खरीदी केन्द्रों में धान का विक्रय करने के लिए आने वाले किसानों को सभी सुविधायें उपलब्ध करायी जा रही है, जिसमें किसानों को माईक्रो एटीएम की सुविधा सहित पर्याप्त मात्रा में बारदानों की उपलब्धता,सही नापतौल के लिए इलेक्ट्रानिक तराजू,पेयजल,छाया, बिजली, शौचालय आदि की व्यवस्था की गयी है। माईक्रो एटीएम के जरिए किसान खरीदी केन्द्रों में 10 हजार रूपये तक की राशि आहरित कर सकते हैं साथ ही राशि जमा भी किया जा सकता है, इससे बैंकों में होने वाली अनावश्यक भीड़ से राहत मिल रही है और समय की भी बचत हो रही है। जिले में इस बार भी बेहतर प्रबंधन और किसानों के हित में उठाए गए कदमों के चलते किसानों में उत्साह है।

### माइक्रो एटीएम से किसानों को मिली सहूलियत, मुख्यमंत्री का जताया आभार

जिले के ग्राम भरसेला के किसान रमेश कुमार साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किसानों के लिए शुरू की गई माइक्रो एटीएम सुविधा का लाभ उठाया। लाहोद सोसायटी में धान बेचने गए रमेश कुमार को सोसायटी में ही 10 हजार रुपए तक की राशि तुरंत मिल गई। रमेश ने बताया कि इस सुविधा से अब बैंक में लंबी कतारों में खड़े होने की जरूरत नहीं पड़ती। माइक्रो एटीएम से राशि सीधे सोसायटी में ही मिल जाने से समय की बचत होती है और काम भी आसान हो गया है। यह पहल किसानों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। रमेश कुमार साहू ने कहा,'मुख्यमंत्री जी ने किसानों के लिए जो यह सुविधा शुरू की है, वह सराहनीय है। इससे हमें तुरंत धनराशि मिल जाती है, जिससे खेती-किसानी के कामों में तेजी आती है। हम उनका दिल से आभार प्रकट करते हैं। माइक्रो एटीएम सुविधा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के किसान हितैषी दृष्टिकोण का परिणाम है, जिससे राज्य के किसान अपने वित्तीय कार्यों को सरल और सुविधाजनक तरीके से पूरा कर पा रहे हैं।

# बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने हेतु जिले में बाल विवाह के रोकथाम के लिए अभियान की शुरूवात

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान, दुर्ग जिले में विशेष आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



भारत सरकार केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा विज्ञान भवन दिल्ली से बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में बाल विवाह रोकथाम और जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में समाज के हर वर्ग को शामिल कर बाल विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ सशक्त कदम उठाने का संदेश दिया गया।
संपूर्ण राज्य की भांति जिले दुर्ग में भी बाल विवाह मुक्ति हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी के परिपालन में समस्त विद्यालयों एवं पंचायतों में बच्चों एवं ग्रामीणजनों को बाल विवाह मुक्ति हेतु शपथ दिलाई जा रही है, इस संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसी कड़ी में पाटन स्थित ऑडिटोरियम में दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा पाटन में समस्त विद्यालयों के प्राचार्य तथा संकुल समन्वयकों को बाल विवाह मुक्त अभियान अंतर्गत शपथ दिलाई गई। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी पाटन लवकेश ध्रुव, परियोजना अधिकारी पाटन सुमीत गंडेचा उपस्थित थे।
**विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन**-दुर्ग जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में बाल विवाह रोकथाम हेतु विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इन सभाओं में जन प्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। सभा के दौरान बाल विवाह के दुष्प्रभावों पर चर्चा की गई और इसे रोकने के लिए सामूहिक प्रयास करने की शपथ ली गई।
**स्कूल-कॉलेजोंमें शपथ ग्रहण कार्यक्रम**-जिले के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने बाल विवाह रोकथाम की शपथ ली। विद्यार्थियों को यह भी समझाया गया कि बाल विवाह न केवल बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि यह उनके शारीरिक, मानसिक और शैक्षिक विकास में भी बाधा डालता है।
**शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों में सहभागिता**-दुर्ग जिले के विभिन्न शासकीय और अशासकीय संस्थानों में बाल विवाह विषय पर चर्चा आयोजित की गई। संस्थानों के कर्मचारियों ने बाल विवाह मुक्त समाज बनाने की शपथ ली और इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।
**आंगनबाड़ी केंद्रों में चर्चा और शपथ ग्रहण**-जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में परियोजना अधिकारियों एवं सेक्टर सुपरवाइजरों, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता के उपस्थिति में बाल विवाह के मुद्दे पर विशेष चर्चा की गई। माता-पिता, देखभाल करने वालों और बच्चों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने बाल विवाह रोकने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए शपथ ली।
**आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों में जागरूकता**-दुर्ग जिले के आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों में भी इस अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों और अधीक्षकों ने मिलकर बाल विवाह के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की और इसे रोकने के लिए एकजुट होने की शपथ ली।

# शहर के ग्रीन चौक में लगेगी महापुरुषों की प्रतिमा,महापौर ने किया कमिश्नर के साथ प्रतिमा निर्माण स्थल का निरीक्षण

## ग्रीन चौक को जल्द शहीद चौक के नाम से जाना जाएगा

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत महापौर धीरज बाकलीवाल ने कमिश्नर सुमित अग्रवाल, एमआईसी सदस्य संजय कोहले, भोला महोविया, मनदीप सिंह भाटिया, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, भवन अधिकारी गिरीश दिवान के साथ ग्रीन चौक में महापुरुषों की प्रतिमा निर्माण स्थापना स्थल का निरीक्षण कर निगम अधिकारियों को तत्काल कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। स्टेशन रोड ग्रीन चौक के बीचों बीच चौराहे पर सरदार उत्तम सिंह, सरदार भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और सुभाष चंद बोस की प्रतिमा जल्द स्थापित होगी। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कमिश्नर सुमित अग्रवाल के संग प्रतिमा निर्माण स्थापना स्थल ग्रीन चौक का निरीक्षण कर निगम अधिकारियों को तत्काल कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर भवन अधिकारी गिरीश दीवान, मनीष पारख, पूर्व पार्षद अल्ताफ अहमद, गौरव उमरे, अजय रात्रे सहित अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहें।मेघ गंगा ग्रुप के द्वारा लीफेक्सर अविष एडुक मनीष पारख द्वारा किया गया व गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा द्वारा मांग की गई थी। हम मेरा शहर, मेरी जिम्मेदारी पहल के तहत नवीनतम विकास को साझा करने के लिए उत्साहित हैं! शहीद चौक जिसे पहले ग्रीन चौक के नाम से जाना जाता था. चल रहे निर्माण का उद्देश्य हमारे क्रांतिकारी नायकों और दूरदर्शी नेताओं को श्रद्धांजलि देना है जिन्होंने हमारे देश को आकार दिया है। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि प्रतिमाएं सम्मान का प्रतीक है, शहर के चौराहों पर लगी प्रतिमा हमको उनके कार्यो ओर बलिदानों को याद कराती है। इस महत्वपूर्ण कदम से शहर की सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा मिलेगी।उन्होंने शहर क्षेत्र अंतर्गत महापुरुषों के प्रतिमाओं का रख रखाव पर विशेष ध्यान देने की बात कही। शहीद चौक को अपने शहर में गौरव और स्मरण का प्रतीक बनाएं।मेरा शहर, मेरी जिम्मेदारी पहल हमारे अतीत का सम्मान करते हुए बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# छत्तीसगढ़ के विष्णु देव सरकार किसान हितैषी सरकार : हर्षा लोकमनी चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ◄ अमलेश्वर
www.dailypioneer.com



पाटन ब्लॉक अंतर्गत सेवा सहकारी समिति घुघुवा (ज) में प्राधिकृत अध्यक्ष सुरेश सोनकर के पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ जहां कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमनी चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर, ग्राम पंचायत सरपंच भानु सोनकर, रामावतार साहू मनबोध साहू, फेरहा राम धीवर,महामंत्री कैलाश यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष मोहन साहू, महामंत्री राजू साहू, युवा नेता धर्मेंद्र सोनकर, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष राम साहू, कुमार साहू, ओमप्रकाश साहू, शिवा साहू उपस्थित रहे। किसानों को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के नारा जय जवान जय किसान का जय घोष के साथ छत्तीसगढ़ सरकार किसान हितैषी सरकार जिसका योजना का लाभ सभी किसानों को मिल रहा है किसी भी समस्या का निराकरण करने के लिए प्राधिकृत अध्यक्ष की नियुक्ति राज्य सरकार ने किया है। इस अवसर पर परमानंद साहू,परस राम साहू, हरिराम साहू, लोकेश साहू, देवनाथ सोनकर, नरसिंह ध्रुव, पुनीत राम सुनाकर, रमेश साहू, नोहर सोनकर, राजू सोनकर, महेश सोनकर, समारू सोनकर, पुसव सोनकर, गोवर्धन साहू, बाहरू सोनकर, प्रभु यादव, खेदू सोनकर, जीवन मानिकपूरी, नोनकरण, पूनू सोनकर, हरि राम साहू, देवेंद्र सोनकर, नारद यादव, देवेंद यदु, श्यामलाल नेताम, भोलाराम सोनकर सहित अन्य किसान मौजूद रहे। सह समिति प्रबंधक रमेश कुमार सोनकर के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया।
कार्यक्रम का संचालन युवा नेता धर्मेंद्र सोनकर ने किया। आभार व्यक्त समिति के कंप्यूटर ऑपरेटर रमेश कुमार सोनकर ने किया।

# शिक्षा विभाग को प्री बोर्ड परीक्षा में बच्चों की सुविधाओं का ध्यान रखने के दिए निर्देश

## कलेक्टर ने आंगनबाड़ी व धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण





पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने पाटन विकासखण्ड क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने पाटन में शिक्षा विभाग की प्री बोर्ड तैयारी, परख कार्यक्रम के संबंध में संकुल समन्वयक, नोडल प्राचायों की बैठक ली। उन्होंने दुर्ग जिले का बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे प्रदर्शन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। ऑडिटोरियम में बाल विवाह मुक्त भारत के संबंध में शपथ दिलाई गयी। इसके पश्चात आंगनबाड़ी केंद्र कसही, उप स्वास्थ्य केंद्र कसही, धान खरीदी केंद्र पाटन, पंदर, सोरम का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार कलेक्टर चौधरी ने धान खरीदी केन्द्रों में कृषकों से बात कर उनकी समस्याएं सुनी। समिति प्रभारियों को धान खरीदी के संबंध में दिशा-निर्देश दिये। ग्राम कसही में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन मकान का भी निरीक्षण किया गया।

# तालाब किनारे व नाली में डाल रहा था मलबा, निगम ने कार्रवाही के बाद लगाया 5 हज़ार का जुर्माना



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत डिबरा पारा तालाब के किनारे व नाली को पाटा जा रहा था।जिसकी शिकायत अधिकारियों से की गई। बता दे कि वार्ड नंबर 39 स्थित गर्वमेंट स्कूल के पीछे पोटिया जाने वाले मार्ग में मुकेश सोनकर द्वारा डिपरापारा तालाब व नाली को धड़ल्ले पाटकर बंद कर रहा था। कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश एवं भवन अधिकारी गिरीश दिवान के मार्गदर्शन पर मौके पर उपअभियंता करण यादव, अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता द्वारा टीम के साथ पहुँचकर तालाब स्थल का निरीक्षण करने पर पाया गया. जो स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है. तालाब में मलबा पाटकर नाली को बाधित किया रहा था। इस दौरान अधिकारियों ने निरीक्षण कर दिनेश सोनकर को दोबारा ऐसा नही करने की चेतवानी देते हुए पांच हज़ार का जुर्माना लगाया। तालाब व निगम की नाली को पाटने की कोशिश कर रहा था संबंधित को बेदखली की कार्रवाही कर जुर्माना लगाया गया।

# संभागायुक्त ने अपराधी को केन्द्रीय जेल दुर्ग में निरूद्ध करने दिये आदेश

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

दुर्ग संभाग के आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने पुलिस अधीक्षक दुर्ग के प्रतिवेदन पर स्वापक, औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार, निवारण अधिनियम-1988 की धारा-3 सहपठित धारा-11 के तहत न्यायालयीन आदेश पारित कर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त दुर्गा अम्मा निवासी बालाजी नगर मंदिर के पास खुर्सीपार भिलाई जिला दुर्ग को 06 माह के लिए केन्द्रीय जेल दुर्ग में निरूद्ध करने आदेशित किया है। आदेश पारित करने के पूर्व संभाग आयुक्त द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत जवाब/तर्क, न्याय दृष्टांतों एवं शपथपूर्वक कथन का अध्ययन तथा प्रकरण में प्रस्तुत ईश्तगासा मय दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। तथ्य के अनुसार दुर्गा अम्मा के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के 02 मामले पर कार्यवाही की गई है। एक मामले पर दो माह तीन दिवस के सश्रम कारावास व 05 हजार रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। दूसरा प्रकरण माननीय विशेष न्यायाधीश एन.डी.पी.एस. के न्यायालयीन में विचाराधीन है। अनावेदिका जेल से छूट जाने के पश्चात् लगातार मादक पदार्थ खरीदी बिक्री में संलिप्त रही है। उसकी प्रवृत्ति में कोई सुधार प्रतीत नहीं होता है। वर्तमान में उनके विरूद्ध शराब व गांजा सहित अन्य मादक पदार्थ बेचने की शिकायते लगातार मिलती रही है। वह खुर्सीपार थाना क्षेत्र के लड़कों का गेंग बनाकर रखी गई है तथा उक्त क्षेत्र में गांजा/शराब बेचने का कार्य निरंतर की जा रही है। उसकी आपराधिक गतिविधियों से समाज में रहने से विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसी स्थिति में प्रकरण में आये प्रतिवेदन, जवाब, साक्षियों के बयान एवं तर्क के आधार पर उसे जेल में निरूद्ध किया जाना आवश्यक है। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक दुर्ग के प्रतिवेदन के अनुसार अनावेदिका खुर्सीपर थाना क्षेत्र में लुक-छिपकर अपने अवैध कार्यों को संचालित करती आ रही है।

# पशुपालन व्यवसाय से शुभम यादव की आर्थिक स्तर में हुई सुधार

■ गौपालन से एक लाख 30 हजार रुपये की आय अर्जित की

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन न केवल आय का महत्वपूर्ण जरिया है, बल्कि इससे रोजगार भी मिलता है। ग्रामीणों की अर्थव्यवस्था में पशुपालन का महत्वपूर्ण स्थान है। राज्य सरकार ने ग्रामीण आय बढ़ाने और कृषि विविधीकरण को सहयोग देने में पशुपालन के महत्व पर जोर दिया। पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने प्रति पशु उत्पादकता में सुधार के लिए पिछले नौ वर्षों के दौरान अनेक महत्वपूर्ण पहल की हैं। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप पशुधन आधारित आजीविका के साधन बढ़ाने के उद्देश्य से जिले के छोटे पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। दुर्ग जिले के खपरी (सी) निवासी शुभम यादव का स्वयं का रोजगार स्थापित करने का सपना साकार हुआ। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण वे अपने परिवार का भरण-पोषण नहीं कर पा रहे थे। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पले-बढ़े यादव ने अपने गांव में ही बड़ा व्यवसाय शुरू करने की सोची। उन्होंने पशुधन विकास विभाग से संपर्क किया और उन्हें वर्ष 2023-24 में गौ-पालन के लिए दो गायों के लिए 70 हजार रूपए का अनुदान प्रदान किया गया। यादव दो गायों से प्रतिदिन 8 लीटर दूध का उत्पादन कर उसे शहरी क्षेत्र के होटलों, कारखानों और मिठाई की दुकानों पर बेच रहे हैं। उन्होंने खेत में हरा चारा (नेपियर) घास लगाया, जिससे गायों को हरा चारा मिलने लगा। पशुपालन विभाग के अधिकारी की प्रेरणा और मार्गदर्शन से हितग्राही को गौपालन और डेयरी के लिए प्रोत्साहित किया गया। योजना का लाभ लेने से पहले हितग्राही की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। श्री यादव ने गौपालन से कुल 1 लाख 30 हजार रुपये की आय अर्जित की है। वर्तमान में दो गाय और एक बछड़ा है। विभाग द्वारा एक गाय में कृत्रिम गर्भाधान कराया गया है। विभाग द्वारा समय-समय पर उपचार, टीकाकरण और कृमिनाशक, डिटाइसिंग, रक्त और गोबर के नमूने लेने का कार्य किया जाता है, जिससे पशु स्वस्थ है ।

# अमृत सरोवर भंसूली में मनाया गया संविधान दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ रानीतराइ
www.dailypioneer.com



संविधान दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत भंसूली(के) के अमृत सरोवर स्थल पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, सरपंच तुलसी डहरिया, उपसरपंच कमलेश साहू द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर के तैलचित्र में माल्यार्पण कर किया गया।ग्रामीणों द्वारा रंगोली,नारे और गीत के माध्यम से संविधान के महत्व को बताया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग ने भारत के संविधान के विषय में बच्चों से चर्चा करते हुए इसके महत्व और नागरिकों को इसके फायदे की जानकारी दी, संविधान को बनाने के लिए हमारे देश के महापुरुषों के योगदान को याद दिलाया। तत्पश्चात संविधान की उद्घोषणा का शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर गैंदलाल डहरिया पूर्व जप,डा के के साहू, तेजराम सिन्हा, कार्यक्रम प्रभारी गोपी सोनी तकनीकी सहायक,पूर्व सरपंच नीलमणि साहू, दिनेश साहू, सचिव दीनबंधु यदु, बीरेंद्र देवांगन, मुकेश साहू, पीलूराम साहू, देवनारायण साहू, परसो ढीमर, भानुप्रताप साहू, डा हेमन्त साहू, महावीर निर्मल, मंथीर साहू, ओंकार देवांगन, राधा साहू, पूर्णिमा साहू, चेतन ठाकुर रोजगार सहायक, परदेशी साहू, भीम यादव, महेश साहू पंचगण ग्रामवासी उपस्थित थे।

## चरोदा के आदर्श नगर में उल्टी दस्त की स्थिति नियंत्रण में

**दुर्ग।** नगर निगम भिलाई-चरोदा के वार्ड नंबर 23 एस.एस.के. आदर्श नगर चरोदा में 27 नवम्बर 2024 को उल्टी-दस्त की आऊटब्रेक की सूचना प्राप्त होने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के निर्देशानुसार प्रभारी जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ. दिव्या श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, एन.एच.एम. डॉ. भूमिका वर्मा के मार्गदर्शन में 28 नवम्बर 2024 को जिला महामारी विशेषज्ञ रितिका मसीह, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक चरोदा विवेक मिंज व स्वास्थ्य विभाग के मैदान अमलो द्वारा संकमित क्षेत्र का भ्रमण किया गया। शहरी खंड चिकित्सा अधिकारी, चरोदा व खंड चिकित्सा अधिकारी पाटन के द्वारा वार्ड नं. 23 एस.एस.के. आदर्श नगर चरोदा में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों की टीम द्वारा शिविर लगाकर प्रभावित मरीजों का उपचार किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी से मिली जानकारी अनुसार 28 नवम्बर 2024 को उक्त संक्रमित क्षेत्र में उल्टी-दस्त के 01 एवं दस्त के 01 इस प्रकार कुल 02 नये मरीज मिले।

## मार्कफेड द्वारा धान उपार्जन का निपटान 28 फरवरी तक कर देने की बाध्यता रखी गई थी, जिसे बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया गया

# घोषणा के अनुरूप धान न खरीदना पड़े इस वजह से सरकार कर रही षड्यंत्र : सुनील सिंह

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



स्थानीय कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए जिला प्रवक्ता ने छत्तीसगढ़ की धान खरीदी नीति पर बात की और कहा कि छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने मजाक बना कर रख दिया है छत्तीसगढ़ में विष्णु देव सरकार की नई नीति से स्पष्ट है कि किसानों के धान खरीदी काम करने का षड्यंत्र छत्तीसगढ़ में चल रहा है जिसके लिए छत्तीसगढ़ में सरकार ने प्रतिदिन लगभग 3:30 लाख मैट्रिक तक की खरीदी करने का लक्ष्य रखा है और कुल 47 दिन ही धान खरीदी के लिए निर्धारित हैं।
14 नवंबर से 31 जनवरी तक के कुल समय अवधि में रविवार और शनिवार सहित सरकारी छुट्टियां को घटाने के बाद सिर्फ 47 दिन ही बचते हैं। सोसाइटी में बरदाने की कमी है किसान परेशान है सरकार ने कहा है कि 50-50% नए और पुराने बरदानों की उपलब्धता कराई जा रही है परंतु बरदानों की कमी से धान खरीदी प्रभावित हो रहा है किसानों को टोकन जारी नहीं हो रहे हैं किसान लाईन में लगकर टोकन के लिए लंबे समय तक खड़े रह रहे हैं ऑनलाइन टोकन सिस्टम के कारण 15 दिन बाद का टोकन भी नहीं मिल पा रहा है सरकार ने 160 लाख मिट्रिक टन-धान का खरीदी का लक्ष्य रखा है परंतु यह लक्ष्य सिर्फ दिखावे का है और लक्ष्य धान की अच्छी फसल होने के बाद भी पूरा होना सरकार की नीतियों के कारण मुश्किल है। सरकार की 21 क्विंटल खरीदी की घोषणा के बाद अनावरी रिपोर्ट और पोर्टल पर दिए गए फसल विवरण के बाद भी टोकन में खरीदी की मात्रा कम किसानों को कम दी जा रही है, जिससे अंततः किसान को परेशान होना पड़ रहा है और भारतीय जनता पार्टी अपने वादे से भी मुकर रही है।
लघु और सीमांत कृषकों को और ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। कांग्रेस सरकार मांग करती है कि छत्तीसगढ़ की सरकार किसानों को धान का मूल्य 3270 प्रति क्विंटल भुगतान करें क्योंकि 3100 पर भाजपा ने अपनी चुनावी वायदे में घोषणा किया था और केंद्र की सरकार ने समर्थन मूल्य 117 रुपए वृद्धि कर दी है इस कारण धान की खरीदी मूल्य 3217 रुपए प्रति क्विंटल किया जाना ही उचित होगा कांग्रेस की जब सरकार थी तो कांग्रेस की सरकार ने समर्थन मूल्य बढ़ने पर किसानों को कांग्रेस की सरकार ने धान का समर्थन मूल्य सहित कुल मूल्य 2640 रुपए प्रति क्विंटल भुगतान किया था।
जिला प्रवक्ता सुनील सिंह ने आगे यह भी कहा है कि सरकार की धान उपार्जन नीति जो कांग्रेस के समय में थी उसे सरकार ने बदल दिया है नई नीति के अनुसार 72 घंटे में बम्फर स्टॉक के उठाव नीति को बदल दिया गया है पहले समितियों के पास पर्याप्त अधिकार थे समय सीमा में उठाव न होने पर वह चुनौती दे सकते थे पर अब बदलाव हुआ है उसमें बम्फर स्टॉक के उठाव की कोई सीमा नहीं है धान खरीदी केंद्रों में जगह की कमी आना तय है और वह कमी दिखाई भी दे रही है। मार्कफेड द्वारा धान उपार्जन का निपटान 28 फरवरी तक कर देने की बाध्यता रखी गई थी,जिसे बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया गया है धान की खरीदी बंद 31 जनवरी को होगी और समितियां में सावधान का संग्रहण 2 महीने तक रखा रहेगा धान मिलिंग के लिए कांग्रेस ने प्रति क्विंटल 120 देने का निर्णय लिया था जिसे अब घटकर 60 कर दिया गया है।
कांग्रेस के सरकार के दौर में 700 नई राइस मील खुली थी अब राइस मिलों को बंद करने की स्थिति मिल मालिकों के पास आ गई है और राइस मिलरों ने भी धान की मिलिगं करने में असमर्थता व्यक्त कर दी है। समूचे परिस्थितियो को देखते हुए यह स्पष्ट है कि सरकार आने वाले समय में धान की खरीदी किसानों को दिए गए आश्वासन अनुसार भी नहीं कर पाएगी।

# कोटपा एक्ट के तहत तम्बाखू व धुम्रपान बिक्री पर की कार्यवाही

## स्कूल परिसर व सार्वजनिक स्थानों पर नशीली पदार्थ प्रतिबंधित

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले में तम्बाखू एवं अन्य मादक पदार्थों के उपयोग के नियंत्रण एवं धुम्रपान से होने वाले दुष्प्रभाव की रोकथाम हेतु संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर के आदेशानुसार तथा कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग दुर्ग, स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कोटपा एक्ट 2003 के तहत् चालानी कार्यवाही की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी ने बताया कि झाडूराम देवांगन शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल, जिला चिकित्सालय दुर्ग एवं बस स्टैण्ड दुर्ग के आसपास पान दुकानों पर तम्बाखू, सिगरेट की बिक्री पर चालानी कार्यवाही की गई है। धारा 4 के तहत् सार्वजनिक स्थान में धुम्रपान प्रतिबंधित है। कोटपा एक्ट की धारा 6 के तहत् स्कूल के 100 मीटर की दायरे में तम्बाखू उत्पाद बेचना प्रतिबंधित है। 18 वर्ष के कम उम्र के बच्चों को धुम्रपान एवं अन्य तम्बाखू उत्पाद बेचना भी प्रतिबंधित है। तम्बाखू उत्पादों का सेवन करते पाए जाने पर समझाईश देने के साथ-साथ नो स्मोकिंग व नाबालिग बच्चों द्वारा तम्बाखू उत्पादों पर खरीदी बिक्री पर प्रतिबंध का बोर्ड लगाते हुए कुल 15 चालानी कार्यवाही की गई।

## संपादकीय

### एक देश एक पंजीकरण गेम चेंजर योजना

**एक** देश एक पंजीकरण-ओएनओएस योजना देश के अकादमिक क्षेत्र में गेम-चेंजर होगी। इसने विद्वानों व शोधकर्ताओं में बहस को जन्म दिया है। 'वन नेशन' की श्रृंखला में इस नवीनतम योगदान का संबंध अकादमिक जर्नलों के पंजीकरण से है। भारत सरकार द्वारा हाल में 'वन नेशन वन सब्स्क्रिप्शन'-ओएनओएस को मंजूरी देने से योजना पर अकादमिक और शोध क्षेत्रों में काफी बहस हुई है। भारतीय अकादमिक क्षेत्र के लिए गेम-चेंजर कही जाने वाली इस योजना का लक्ष्य देश भर में उच्च शिक्षा और शोध संस्थानों के लिए अकादमिक जर्नलों और प्रकाशनों की पहुंच सुनिश्चित करना है। इस पहल से लाभ की उम्मीद है क्योंकि इससे संसाधनों पर खर्च कम होगा तथा उनकी पहुंच बढ़ेगी, पर इसके क्रियान्वयन, अकादमिक स्वतंत्रता पर पड़ने वाले प्रभावों तथा इसकी जरूरत पर चिन्ता प्रकट की जा रही है। सूचना एवं लाइब्रेरी नेटवर्क-इन्फ्लिबनेट द्वारा 6,300 संस्थानों में प्रबंधित इस योजना में एक एकीकृत डिजिटल नेटवर्क के माध्यम से 30 प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रकाशकों के 13,000 ई-जर्नलों तक पहुंच बनेगी। पहले तीन साल में इसके लिए 6,000 करोड़ रुपये के बजट आबंटन के साथ सरकार का उद्देश्य लगभग 1.8 करोड़ छात्रों, शोधकर्ताओं तथा फैकल्टी सदस्यों का सशक्तीकरण करना है। इस कदम से वैश्विक शोध इकोसिस्टम में भारत की स्थिति और मजबूत हो सकती है तथा इससे संसाधनों में कमी ला कर संस्थानों के बीच असमानता घटाने में सहायता मिलेगी। ओएनओएस योजना अकादमिक ज्ञान को लोकतांत्रिक बनाने में



सहयोग दे सकती है। उच्च गुणवत्ता वाले प्रकाशनों तक पहुंच से छोटे संस्थानों को लाभ होगा जो अक्सर सीमित बजट का सामना करते हैं। सुदूर तथा गैर-फंडिंग वाले क्षेत्रों में छात्रों और शोधकर्ताओं को भी अब प्रमुख संस्थानों के समान पहुंच मिलेगी जिससे शिक्षा और शोध में समानता को बढ़ावा मिलेगा। पंजीकरणों के केन्द्रीकरण से खर्च काफी घटाने में भी सहायता मिलेगी। एक एकीकृत पोर्टल यह सुनिश्चित करेगा कि संसाधनों का अधिकतम उपयोग हो जिससे अन्य अकादमिक प्राथमिकताओं के लिए बजट बढ़ेगा। इससे ज्यादा सक्षम और प्रभावी शोध व्यवहारों को बढ़ावा मिलेगा।

लेकिन संभावित लाभों के बावजूद ओएनओएस योजना ने कुछ चिन्तायें पैदा की हैं। एक प्रमुख मुद्दा जर्नलों के चयन के बारे में अस्पष्टता है। अकादमिक आवश्यकतायें अपने विषयों, संस्थानों तथा शोध केन्द्रीयता के कारण विविधतापूर्ण होती हैं। ऐसे में निर्णय प्रक्रिया के केन्द्रीकरण से विशिष्ट आवश्यकताओं की अनदेखी हो सकती है जिसका परिणाम संसाधनों का अनुपयुक्त या असंतुलित संग्रह हो सकता है। आलोचकों का तर्क है कि सरकार उन प्रकाशनों या दृष्टिकोणों तक पहुंच सीमित कर सकती है जिनको वह पसंद न करती हो। इस प्रकार अकादमिक विमर्श प्रभावित हो सकता है। एक और तर्क है कि इस योजना से पहले से चल रही अच्छी योजनायें बाधित हो सकती हैं। अनेक संस्थानों ने सहयोग के माध्यम से जर्नलों तक पहुंच की व्यवस्था बनाई है। इसके अंतर्गत डेवलपिंग लाइब्रेरी नेटवर्क-डेलनेट व जेएसटीओआर जैसे प्लेटफार्म पहले से काम कर रहे हैं। इस योजना के केन्द्रीकृत दृष्टिकोण के कारण अकादमिक संस्थानों की स्वायत्तता कम हो सकती है। वर्तमान समय में फैकल्टी सदस्य यह तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं कि संस्थान को किन जर्नलों की आवश्यकता है, पर इससे वे हाशिये पर जा सकते हैं। स्वायत्तता की कमी से अकादमिक खोज और उभरती शोध आवश्यकताओं के प्रति प्रतिक्रिया प्रभावित हो सकती है। ऐसे में निश्चित लाभ के बावजूद योजना को जल्दी से क्रियान्वित करने के बजाय अकादमिक क्षेत्र की चिन्ताओं को संबोधित करना लाभदायक होगा।

# प्रधानमंत्री मोदी की नाइजीरिया यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया नाइजीरिया यात्रा का उद्देश्य अफ्रीकी देश के साथ संबंधों को पुनर्जीवित करने के साथ ही साझेदारियों के माध्यम से चीन का प्रभाव सीमित करना है।



पारुल चंद्रा
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



**चीन** द्वारा आक्रामक ढंग से नाइजीरिया को अपने पक्ष में लाने के प्रयासों के लगभग दो महीने बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अफ्रीकी देश की हालिया यात्रा से ऐसा ही करने का प्रयास किया है। 17 साल के बाद होने वाली भारतीय प्रधानमंत्री की यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों में नई गति पैदा करना है। उम्मीद की जाती है कि इससे नाइजीरिया में चीन का प्रभाव सीमित करने में कुछ सहायता मिलेगी। हालांकि नाइजीरिया के साथ भारत के दशकों से निकट और जीवन्त संबंध हैं, पर फिलहाल उसे चीन से प्रतियोगिता का सामना करना पड़ रहा है। भारत और नाइजीरिया के बच 'रणनीतिक साझीदारी' है, पर इस अफ्रीकी देश और चीन ने अपने सबंधों को इस साल बढ़ा कर 'समग्र रणनीतिक साझीदारी' के स्तर तक ला दिया।
बीजिंग में सितंबर में हुई नवीं चीन-अफ्रीका सहयोग सम्मेलन-फोकैक में नाईजीरिया तथा अन्य दर्जनों अफ्रीकी देश शामिल हुए थे। ये सम्मेलन नियमित रूप से हो रहे हैं और पहला सम्मेलन 2006 में हुआ था। इनमें से एक सम्मेलन कोविड-19 के दौरान वर्चुअल हुआ था। लेकिन भारत 2015 के बाद अफ्रीकी सम्मेलन करने में सफ्ल नहीं हुआ जिसका कारण मुख्यत: वैश्विक महामारी तथा भू-राजनीतिक तनाव था, लेकिन इसे वस्तुत: रणनीतिक दूरदर्शिता की कमी की तरह भी देखा गया।

चीन रणनीतिक व आर्थिक कारणों से अफ्रीकी महाद्वीप पर ज्यादा ध्यान दे रहा है। रणनीतिक रूप से वह स्वयं को अमेरिका के कट्टर दुश्मन के रूप में पेश करता है। लेकिन दुनिया के दूसरे सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश की पकड़ इस महाद्वीप में विशाल बाजार तथा खनिज संसाधनों की प्रचुरता के कारण है। पैसे के संकट का सामना करने वाले अनेक अफ्रीकी देशों के लिए चीन कर्ज प्राप्त करने का बड़ा संसाधन रहा है जिनका प्रयोग ढांचागत निर्माण में किया गया।

लेकिन इससे कर्ज के भारी जाल में फंसने का खतरा भी पैदा होता है। अफ्रीका चीन के 'बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव'-बीआरआई का महत्वपूर्ण हिस्सा है। 55 देश इस पहल में शामिल हुए हैं जिसे भारत गहरे संदेह से देखता है। बीआरआई के अंतर्गत चीन के विस्तारवादी नजरिये का प्रकटीकरण होता है और वह नाइजीरिया के माध्यम से लागोस में गहरे समुद्री बंदरगाह व रेलवे लाइनों का विकास कर रहा है। चीन नाइजीरिया का सबसे बड़ा द्विपक्षीय कर्जदाता है। दोनों पक्षों ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग व नाइजीरियन राष्ट्रपति बोला अहमद तिनुबू की फोकाक सम्मेलन में बीजिंग में मुलाकात के समय गहरे आर्थिक संबंध स्थापित करने का निर्णय किया था।

इस पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नाइजीरिया यात्रा और महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि भारत नाइजीरिया के साथ अपनी रणनीतिक साझीदारी को 'उच्च प्राथमिकता' देता है। इस यात्रा के परिणामस्वरूप तीन समझौते हुए हैं जिनमें सर्वेक्षण में सहयोग, कस्टम मामलों में सहयोग तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम शामिल हैं।

हालांकि, संयुक्त बयान में सहयोग के लिए 14 क्षेत्रों की पहचान की गई है, पर इसे मूर्तरूप देने के लिए भारत को आने वाले वर्षों में काफी प्रयास करने होंगे। इनमें द्विपक्षीय निवेश समझौता, दुहरे कराधान से बचने का समझौता तथा कर्ज की व्यवस्था में सुधार पर समझौता

> चीन रणनीतिक व आर्थिक कारणों से अफ्रीकी महाद्वीप पर ज्यादा ध्यान दे रहा है। रणनीतिक रूप से वह स्वयं को अमेरिका के कट्टर दुश्मन के रूप में पेश करता है। लेकिन दुनिया के दूसरे सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश की पकड़ इस महाद्वीप में विशाल बाजार तथा खनिज संसाधनों की प्रचुरता के कारण है। पैसे के संकट का सामना करने वाले अनेक अफ्रीकी देशों के लिए चीन कर्ज प्राप्त करने का बड़ा संसाधन रहा है जिनका प्रयोग ढांचागत निर्माण में किया गया।

शामिल हैं। भारत और अफ्रीका के बीच सर्वोच्च स्तर पर संबंध मजबूत करना अनेक कारणों से बहुत जरूरी है। यह अफ्रीका का सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश है जिसका प्रभाव क्षेत्र दूर तक फैला हुआ है। यह अफ्रीकी संघ-एयू का संस्थापक सदस्य है जिसे जी-20 में शामिल कराने में भारत ने प्रमुख भूमिका निभाई है।

नाइजीरिया ब्रिक्स में सहभागी देश भी है। यह देश ओपेक का सदस्य भी है तथा राष्ट्रपति तिनुबू वर्तमान समय में इकोनोमिक कम्युनिटी आफ वेस्ट अफ्रीकन स्टेट्स-इकोवाक के अध्यक्ष भी हैं। ऐसे में द्विपक्षीय व्यापार और निवेश में वृद्धि से नाइजीरिया में भारतीय कंपनियों को बहुत सहायता मिलेगी। नाइजीरिया में विनिर्माण क्षेत्र में 200 भारतीय कंपनियां काम कर रही हैं और उन्होंने यहां 27 बिलियन डालर निवेश किया है। हालांकि भारत नाइजीरिया के सर्वोच्च 5 व्यापार साझीदारों में शामिल है, पर दुर्भाग्य से द्विपक्षीय व्यापार 2023-24 में घट कर 7.89 बिलियन डालर रह गया जो 2021-22 में 14.95 बिलियन डालर था। इसका कारण नाइजीरिया से भारत के तेल आयात में कमी है। भारत ने यूक्रेन से टकराव को देखते हुए रूस द्वारा प्रस्तावित सस्ती तेल दरों का लाभ उठाया और रूसी तेल का आयात बढ़ गया।

नाइजीरिया के साथ संयुक्त बयान में भारत ने इस देश के साथ कच्चे तेल व एलएनजी खरीद के दीर्घकालीन समझौतों पर जोर दिया है। इससे द्विपक्षीय व्यापार के एक बार फिर बढ़ने की उम्मीद जागती है। यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि भारत ने नाइजीरिया के तेल एवं गैस क्षेत्र में निवेश की इच्छा जताई है। संयुक्त बयान में सहयोग के अन्य क्षेत्रों में आतंकवाद व समुद्री डकैती शामिल हैं। नाइजीरिया अनेक सालों से बोको-हरम जैसे उग्रवादी समूहों का मुकाबला कर रहा है जो उसके तेल और गैस क्षेत्रों को निशाना बनाते हैं। भारत ने नाइजीरिया में पाइपलाइनों की सुरक्षा में जानकारियां देने और सहयोग का प्रस्ताव किया है।

समुद्री डकैती का मुकाबला करने में समुद्री सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। नाइजीरिया को गाइना की खाड़ी में ऐसे हमलों का सामना करना पड़ता है जहां से महत्वपूर्ण समुद्री परिवहन लाइनें गुजरती हैं। भारत ने समुद्री डकैतों से निपटने के लिए 2022 में दो युद्धपोत आईएनएस सुमेधा और आईएनएस तारकश तैनात किए थे। चीन की नौसैनिक गतिविधियों को देखते हुए भारतीय नौसेना की यह तैनाती बहुत महत्वपूर्ण है।

संक्षेप में कहें तो भारत को नाइजीरिया के साथ संबंधों को आगे बढ़ाने में तेजी से कदम उठाने होंगे। समय आ गया है कि हम अफ्रीकी देशों के साथ अपने परंपरागत संबंधों का विकास करें क्योंकि चीन इस महाद्वीप में रणनीतिक स्पेस पर लगातार कब्जा कर रहा है।

# ट्रंप की टैरिफ आधारित विदेश नीति

> भारत अच्छी तरह जानता है कि भले ही पहली टैरिफ गोलियां भारत पर न चलाई जाएं, लेकिन अंततः कई भारत पर चलाई जाएंगी।

कुमारदीप बनर्जी
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



**दु**निया भर में क्रिसमस और नए साल के जश्न से पहले ही आतिशबाजी शुरू हो गई है। ट्रम्प प्रेसीडेंसी 2.0 एक गेम चेंजर हो सकता है, जो संभावित रूप से कई वैश्विक भू-राजनीतिक और आर्थिक साझेदारियों को फिर से संगठित कर सकता है। सबसे पहले, दुनिया भर के देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी के बिडेन युग के दिनों को एक अधिक लेन-देन के दृष्टिकोण से बदल दिया जाएगा, जिसे राष्ट्रपति ट्रम्प अपने दूसरे कार्यकाल में संस्थागत बनाने की संभावना रखते हैं। कार्यभार संभालने से पहले ही, राष्ट्रपति-चुनाव डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी टैरिफ-आधारित विदेश नीति को जोरदार तरीके से बताया है।

उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान चीन के आयात पर लगभग 60 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात की थी। हाल ही में उन्होंने कहा है कि 20 जनवरी को पदभार संभालने के बाद उनके द्वारा हस्ताक्षरित पहला कार्यकारी आदेश कनाडा, मैक्सिको और चीन के आयात पर टैरिफ लगाने का होगा।

बेशक, चेतावनी यह है कि जब तक वे अवैध अप्रवासियों को भेजना बंद नहीं करते और अमेरिका में ड्रग्स पर प्रतिबंध नहीं लगाते। डोनाल्ड ट्रम्प जानते हैं कि उनके टैरिफ-आधारित विदेश नीति दृष्टिकोण को डेमोक्रेट और रिपब्लिकन दोनों का समर्थन प्राप्त है। यह उनके मेड इन अमेरिका, स्थानीय रोजगार सृजन के कथानक को अच्छी तरह से दर्शाता है, जिसने उन्हें लगातार दो कार्यकाल में व्हाइट हाउस में वापस पहुंचा दिया।

भारत इस क्षेत्र की देखरेख कर रहा है, क्योंकि वह अच्छी तरह जानता है कि भले ही पहली टैरिफ गोलियां भारत पर न चलाई जाएं, लेकिन अंतत: कई भारत पर चलाई जाएंगी। श्री ट्रम्प पहले ही अपनी चुनावी रैलियों में भारत के उच्च टैरिफ के बारे में बोल चुके हैं और भले ही भारतीय आईटी



सेवा क्षेत्र ने अमेरिका के लिए कितना भी अच्छा किया हो, उन्हें कठोर संदेश भेजने की जरूरत है। राष्ट्रपति ट्रम्प 2.0 के तहत आगामी यूएस-भारत द्विपक्षीय संबंधों में एकमात्र बचत अनुग्रह व्यक्तिगत समीकरण होगा, जो राष्ट्रपति-चुनाव का प्रधान मंत्री मोदी के साथ है। एक-दूसरे को लंबे समय से जानना और एक-दूसरे की शासन शैली को देखना, शुरुआती लाभ हो सकता है, लेकिन दीर्घकालिक समाधान नहीं। प्रमुख भारतीय व्यापार वार्ताकारों की बहुत मांग है, खासकर वे जो ट्रम्प के पहले राष्ट्रपति पद के दौरान सरकार में रहे हैं।

किसी समय, द्विपक्षीय वार्ता में टैरिफ का मुद्दा सामने आएगा, जहाँ कठोर बातचीत की आवश्यकता हो सकती है। बिडेन प्रशासन के तहत भारत और अमेरिका ने व्यापार नीति मंच (झक्क्ष) के रूप में व्यापार और टैरिफ मुद्दों को निपटाने के लिए एक औपचारिक संस्थागत ढांचा स्थापित करने में कामयाबी हासिल की। ??झक्क्ष मंच अमेरिका और भारत के व्यापार प्रतिनिधियों को नियमित रूप से मिलने और आपसी चिंता के क्षेत्रों पर चर्चा करने और समाधान खोजने का अवसर प्रदान करता है। निश्चित रूप से तंत्र ट्रम्प प्रशासन के तहत भी मौजूद था, लेकिन एक बैठक और प्रधान मंत्री मोदी के नेतृत्व में एक नई भारतीय सरकार (व्यापार और विदेश मामलों की नीति पर कम ध्यान देने के साथ) के साथ, इसने बहुत कम उद्देश्य पूरा किया। संभावना है कि डोनाल्ड ट्रम्प की कार्यशैली को देखते हुए, झक्क्ष को पृष्ठभूमि में धकेल दिया जा सकता है और व्यापार संबंधों में घर्षण को कम करने के लिए कई लेन-देन संबंधी द्विपक्षीय बैठकें आयोजित की जा सकती हैं।

यह ध्यान देने योग्य हो सकता है कि भारत का अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष है, एक बिंदु जिसे श्री ट्रम्प सौदे के अपने पक्ष को निकालने के लिए ध्यान में रखेंगे।

इस बीच, अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वातावरण के अपेक्षित कड़े होने से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। चीन को कुछ वस्तुओं को आगे बढ़ाने के लिए नए बाजार खोजने होंगे, जो अमेरिका को निर्यात करने के लिए बहुत महंगे हो सकते हैं। भारत और उसके पड़ोसी देशों को कमर कसनी होगी। अमेरिका में वस्तुओं की कीमतें, जिनमें से अधिकांश चीन से आयात की जाती हैं, घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ डाल सकती हैं, जिससे दरों में बढ़ोतरी हो सकती है।

ये वैश्विक प्रतिकूलताएँ आने वाले लंबे समय के लिए कथानक को आकार देंगी। इसका वैश्विक तेल की कीमतों और कई वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि पर मुद्रास्फीतिकारी प्रभाव पड़ सकता है। भारत के रिजर्व बैंक ने पहले ही चेतावनी दी है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी, संरक्षणवाद और टैरिफ तीन प्रमुख कारक हैं जो अगले साल भारत की अर्थव्यवस्था को आकार देंगे। यह एक और कठिन रस्सी होगी जिसमें बाजीगर के चतुर हाथ होंगे जो भारत को अगले कुछ वर्षों तक आगे ले जा सकते हैं।

## आप की बात

### बांग्लादेश को समझा दो

**बांग्लादेश** में गत 5 अगस्त से शुरू हुआ हिन्दुओं पर अत्याचार समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा।शेख हसीना के तख्ता पलट के नाम पर कथित आन्दोलन 2 दिन बाद ही हिन्दू विरोध में बदल गया था।जो आज तक निरन्तर जारी है। वहां की सरकार के मुखिया युसुफ, सेना और कट्टरपंथी जमातों ने मिलकर हिन्दुओं को समाप्त करने या देश छोड़ने का अभियान चला रखा है। किन्तु आश्चर्य है कि भारत सरकार ने इस पर कोई प्रभावशाली कदम नहीं उठाया। दिल्ली की यह उदासीनता विश्व भर के हिन्दुओं को व्यथित करने वाली है। क्योंकि भारत में एक हिन्दू हितेषी सरकार है, इसलिए भी यह और भी पीड़ादायक है।यह वही बांग्लादेश है जिसका जन्म भारतीय सेना के पराक्रम के गर्भ से हुआ था, यह वही बांग्लादेश है जिसकी भूख मिटाने के लिए कम से कम दो दशकों तक विद्यालयों में छात्रों द्वारा बांग्लादेश की सहायतार्थ एक निश्चित राशि प्रति माह दी जाती रही,यह वही बांग्लादेश है जिसकी स्त्रियों को भारतीय सैनिक पाकिस्तानी सेना के तम्बुओं में से उनके बदन को अपनी वर्दी से ढककर बचाकर लाए थे।आज वो ही नंगा बांग्लादेश हिन्दू महिलाओं का चीर हरण करने पर उतारू है। मोदी जी अब समय नहीं है। इससे पहले कि भारत में इसकी प्रतिक्रिया हो बांग्लादेश की सरकार को समझा दो।

- **डॉ नरेंद्र टोंक**, मेरठ

### शांति और सद्भाव जरूरी

**उत्तर** प्रदेश की संभल जामा मस्जिद का विवाद सुर्खियों में है । अब अजमेर दरगाह को लेकर भी कोर्ट में दायर की गई याचिका को स्वीकार कर लिया है । पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने बयान दिया है कि हम आर-पार के मुड़ में है, धर्मस्थलों को तोड़कर बनी सभी मस्जिदों को फिर मंदिर बनाएंगे। देश में सांप्रदायिक सद्भाव व भाईचारा खराब ना हो, इसलिए 1991 में तत्कालीन सरकार ने पूजा स्थल कानून (प्लेसेस ऑफ़ वर्शिप एक्ट) बनाया था । इसमें स्पष्ट है कि 15 अगस्त 1947 से पहले भारत में धर्म का जो पूजा स्थल था, उसे किसी दूसरे पूजा स्थान में बदला नहीं जा सकता । इस कानून में सजा व जुर्माने ने का प्रावधान भी है। मगर देश में पूजा स्थान को लेकर एक के बाद एक याचिका दायर की जा रही है। अगर कोर्ट संभल की तरह आदेश देती रही तो निश्चित ही देश का सांप्रदायिक माहौल बिगड़ना तय है। अगर ऐसा होता है तो 1991 में बना कानून केवल लॉ की किताबों में ही सीमित रहकर, शोभा बढ़ता रहेगा। उक्त कानून का औचित्य खत्म हो जाएगा। कानून पर अमलीजामा कोर्ट ही पहना सकती है। सुप्रीम कोर्ट को उक्त कानून का हवाला देते हुए ऐसी विवादित याचिकाओं को अस्वीकार कर देना चाहिए ताकि देश का सांप्रदायिक माहौल न बिगड़े। संभल की घटना यही सीख देती है। देश में शांति व सद्भाव की जरूरत है, ना कि विवादों की।

- **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

### आरोपों की जांच हो

**अदाणी** समूह पर अमेरिकी अदालत द्वारा लगाए गए रिश्वत देने के आरोप सनसनीखेज हैं। अदालत ने जाने-माने भारतीय कारोबारी गौतम अदाणी उनके भतीजे सागर अदाणी और उनकी कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी के कुछ अधिकारियों के खिलाफ भारत में सौर ऊर्जा आपूर्ति का अनुबंध हासिल करने के लिए 2000 करोड रुपए से अधिक की रिश्वत देने और अमेरिकी निवेशकों को गुमराह करने के आरोप लगाए हैं। इस प्रकरण से अदाणी समूह सहित भारत की प्रतिष्ठा को बट्टा लगा है। पहले भी अदाणी समूह पर शेअरों में हेरा फेरी के आरोप लग चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के बड़े औद्योगिक घरानों की साख बनी रहे इस हेतु भारत में भी इस प्रकरण की निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से जांच होना चाहिए। यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियां केंद्र सरकार पर अदाणी समूह के पक्ष में कार्य करने एवं उन्हें लाभ पहुंचाने के आरोप लगाती रहती हैं। केंद्र की एनडीए सरकार को अपने आप को निष्पक्ष साबित करने का यह एक अवसर है। हांलाकि अमेरिकी अदालत के आरोपों को अंतिम सत्य नहीं माना जा सकता क्योंकि पैसों के लेनदेन के कोई प्रमाण अभी सामने नहीं आए हैं। फिर भी यह धारणा टूटनी चाहिए कि भारत में बड़े औद्योगिक घराने, नेता एवं अफसर मिलकर मन चाहे सौदे करने में सफल रहते हैं।

- **ललित महालकरी**, इंदौर

### ऑन लाइन सट्टा पर रोक लगे

**आज** 5 सालके बच्चे से लेकर युवा तथा प्रौढ़ तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युक्त स्मार्टफोन के आदी हो चुके हैं। बेशक स्मार्टफोन के बेहद उपयोगी होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। मगर अब यह कई तरह की परेशानियों का सबब बन रहा है। बच्चे पढ़ाई छोड़कर वीडियो गेम और ऑनलाइन सट्टेबाजी में लिप्त हैं। फिर टीवी और सोशल मीडिया पर बड़े-बड़ क्रिकेटर्स फिल्मस्टारों द्वारा करोड़ों रुपए कमाने के विज्ञापनों ने सभी को रातों-रात करोड़पति बनने का नुस्खा बता दिया है। जिसके चलते किशोर व युवा अपना कीमती वक्त और भारी धन लुटा रहे हैं। सरकार कानून बना कर इसे रोक सकती है। मगर सरकार इस ओर आंख मूंदे हुए हैं। और इस सट्टे बाजी की लत लग जाने के कारण पढ़ने-लिखने, और अन्य सकारात्मक गतिविधियों के प्रति वे लापरवाह हो गए हैं। जिंदगीका कीमती वक्त यूं ही बर्बाद कर रहे हैं और परिवार पर बोझ बन रहे हैं। घर में आर्थिक सपोर्ट देना चाहिए वही घर का धन और जीवन बर्बाद कर रहे हैं अब सरकार को ही सभी तरह के ऑनलाइन सट्टे गेम व अश्लील सामग्री को तुरंत प्रतिबंधित कर देना चाहिए।

- **विभुक्ति बुपक्या**, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# बारदानों की कमी से किसान परेशान, धान का उठाव नही होने से केंद्र हो रहे जाम : कांग्रेस

## केन्द्र ने धान का समर्थन मूल्य 117 रुपये बढ़ा दिया, तो अब राज्य सरकार 3,217 रुपये प्रति क्विंटल से किसानों को करें भुगतान



### सरकार धान नहीं खरीदने का षडयंत्र कर रही है : चंद्रप्रभा सुधाकर

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

विष्णु देव साय सरकार की नई नीति से स्पष्ट है कि वह किसानों से धान खरीदी कम करना चाहती है। इस बार 160 लाख मिट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है। इसके लिए 14 नवंबर से 31 जनवरी तक का समय निर्धारित है। जबकि शनिवार, रविवार और सरकारी छुट्टियों को घटाकर किसानों को अपनी उपज बेचने कुल 47 दिन मिल रहे हैं। इसका मतलब यह है कि प्रति दिन सरकार को लगभग साढे तीन लाख मिट्रिक टन की खरीदी प्रति दिन करनी होगी, तब जाकर लक्ष्य पूरा होगा। लेकिन वर्तमान में जिस रफ्तार से धान खरीदी हो रही है उसमें लक्ष्य प्राप्त करना असंभव लग रहा। उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। शनिवार दोपहर साढ़े 3 बजे जिला कांग्रेस भवन में आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हूए जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रभा सुधाकर ने कहा कि सोसाइटियो को निर्देश है कि एक दिन में अधिकतम 752 क्विंटल यानी 1 हजार 880 क?ट्टा (बोरा) धान ही खरीदा जाना है। ऐसे में एक किसान का शेष धान के लिये उसको आगामी दिनों की तारीख दी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने यह घोषणा किया है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आयेगा, लेकिन जो लोग 14 नवंबर को धान बेचे थे, उनके खाते के रकम नहीं आया है, जो रकम आ रहा है वह एकमुश्त 3100 नहीं हैं। सिर्फ समर्थन मूल्य की राशि 2300 रुपये प्रति क्विंटल ही आ रहा है। आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जिला महामंत्री रत्तीराम कोसमा, पूर्व विधायक डोमेन्द्र भेड़ियां, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बालोद चंद्रेश हिरवानी, पुरुषोत्तम पटेल, कृष्णा दुबे, यज्ञदेव पटेल, अनिल यादव सहित अन्य पदधिकारीगण मौजूद रहे।

### सोसायटी में बारदाना की कमी, किसान परेशान

पूर्व विधायक डोमेन्द्र भेड़ियां ने आरोप लगाते हुए कहा कि अनावरी रिपोर्ट गलत बनाया जा रहा, जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा। किसानो से पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है। बीज उत्पादक किसानों से सोसायटी में धान नहीं खरीदा जा रहा। सोसायटी में सूचना चस्पा किया गया है कि बीज उत्पादक किसानों का धान नहीं लिया जायेगा। जिला महामंत्री रत्तीराम कोसमा ने कहा कि सोसायटी में बारदाना की कमी है, किसान परेशान है। सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नये 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाये। लेकिन 50 प्रतिशत पुराने बरदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्रो में टोकन नहीं जारी किया जा रहा है, किसान घंटो खड़े रहते है। आनलाईन टोकन सिस्टम के कारण किसानों को 15 दिन बाद का भी टोकन नही मिल रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णा दुबे ने कहा कि धान मिलिंग के लिए कांग्रेस सरकार ने प्रति क्विंटल 120 रुपए देने का निर्णय लिया था। जिसका परिणाम यह हुआ था कि प्रदेश भर में 700 नई राइस मिलें खुली थीं। अब सरकार ने मिलर के लिए 120 को घटाकर 60 रुपए कर दिया है। इस कारण राईस मिलर हड़ताल पर है, धान सोसायटी में जाम है। मिलरों को 120 की जगह 60 रुपए देने के फैसले के बाद विभिन्न जिलों में राइस मिलर एसोसिएशन धान की मीलिंग करने में असमर्थता व्यक्त करने लगे हैं।

### धान खरीदी केन्द्रो में आ रही है जगह की कमी

पुरुषोत्तम पटेल ने कहा की सरकार धान की कीमत का भुगतान 3 हजार 217 में करे, क्योंकि 3100 रुपये भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रुपये बढ़ा दिया है। इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3 हजार 100 से बढ़ाकर 3 हजार 217 रुपये किया जाये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2 हजार 500 देने का वादा किया था लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2 हजार 640 रुपये में धान खरीदी किया था। धान उपार्जन की कांग्रेस सरकार की नीति को भाजपा सरकार ने बदल दिया है। जिससे किसानों को परेशानी हो रही हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बालोद के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने कहा कि नई नीति के अनुसार 72 घंटे में बफर स्टॉक के उठाव की नीति को बदल दिया है। पहले इस प्रावधान के होने से समितियों के पास ये अधिकार होता था कि वे समय सीमा में उठाव न होने पर चुनौती दे सकें। अब जो बदलाव हुआ है उसके बाद बफर स्टॉक के उठाव की कोई सीमा ही नहीं है। धान खरीदी केन्द्रो में जगह की कमी आ रही है। पहले मार्कफेड द्वारा समस्त धान का निपटान 28 फरवरी तक कर देने की बाध्यता रखी गई थी। अब इसे बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी 31 जनवरी को बंद होगी, यानि समितियों व संग्रहण केंद्रों में धान अब दो महीने तक रखा रहेगा।

# कमजोर और प्रतिभाशाली छात्रों के लिए विशेष पहल: परीक्षा परिणाम सुधार पर रणनीति तैयार

## परीक्षा परिणाम सुधार के लिए ब्लू प्रिंट आधारित कार्ययोजना: कलेक्टर के निर्देश पर आयोजित





पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश में शिक्षा गुणवत्ता के साथ परीक्षा परिणामों में सुधार के निर्देश दिए है। इसी कड़ी में कबीरधाम जिले में शैक्षिक गुणवत्ता को मजबूत करने और हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल, रानी दुर्गावती चौक में एक विशेष बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में चारों विकासखंडों से 128 विषय विशेषज्ञ शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य ब्लू प्रिंट आधारित परीक्षा प्रणाली को लागू करना और छात्रों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा देकर बेहतर परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करना है। इस कार्यशाला में जिला कार्यालय से सहायक संचालक एम.के.गुप्ता, यू. आर.चन्द्राकर, सतीश यदु एम.आई.एस., प्रशासक एवं विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी स.लोहरा संतोष भास्कर, कवर्धा संजय जायसवाल, बोडला एस.एल.पन्द्रो और पण्डरिया महेन्द्र गुप्ता विकासखंड नोडल अधिकारी ने विषय विषय विशेषज्ञयो से आवश्यक चर्चा की। राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निर्देशित इस बैठक में माक ड्रिल, अर्धवार्षिक परीक्षा, और प्री-बोर्ड परीक्षा की रणनीति तैयार की गई। अर्धवार्षिक परीक्षा 9 से 16 दिसंबर 2024 और प्री-बोर्ड परीक्षा 16 से 22 जनवरी 2025 तक आयोजित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। विशेषज्ञों ने ब्लू प्रिंट आधारित प्रश्न पत्र निर्माण की प्रक्रिया, प्रश्नों के अंक विभाजन, कठिनाई स्तर, और उत्तर लेखन कला के महत्व पर प्रकाश डाला। शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे छात्रों को प्रश्न पत्र की संरचना और शब्द सीमा के बारे में विस्तृत जानकारी दें।

### कमजोर और प्रतिभाशाली छात्रों पर विशेष ध्यान

बैठक में कमजोर छात्रों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं संचालित कर उपचारात्मक शिक्षा प्रदान करने के निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू ने कहा, कमजोर छात्रों को विशेष ध्यान देकर उन्हें मुख्य धारा में लाना हमारी प्राथमिकता है। वहीं, प्रतिभाशाली छात्रों को राज्य की मेरिट सूची में स्थान दिलाने के लिए विशेष मार्गदर्शन सत्र आयोजित करने की रणनीति बनाई गई।

### शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण का खाका तैयार

बैठक में यह तय किया गया कि 2 और 3 दिसंबर को विकासखंड स्तर पर चयनित विषय विशेषज्ञों द्वारा शिक्षकों को ब्लू प्रिंट आधारित प्रश्न पत्र निर्माण और परीक्षा संचालन पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को ब्लू प्रिंट की बेहतर समझ और शिक्षा उन्नयन के लिए नवाचारों से अवगत कराना है।

### विशेषज्ञों के अनुभव और शिक्षा में सुधार की पहल

बैठक के दौरान प्रमोद शुक्ला, संजय कैवर्त, ओंकार गुप्ता, चंद्र विजय जैन और अनिल महोब ने कठिनाई स्तर, विषयवस्तु और परीक्षा उद्देश्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को प्रश्न पत्र निर्माण में कुशल बनाना जरूरी है ताकि छात्र बेहतर तरीके से परीक्षा की तैयारी कर सकें। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे मेरा पढ़ाया बच्चा फेल नहीं हो सकता के विचार के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस कार्ययोजना का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम सुधारना नहीं है, बल्कि छात्रों का आत्मविश्वास और शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाना है। कार्यक्रम के अंत में यह विश्वास जताया गया कि समर्पण और अनुशासन के साथ जिले के परीक्षा परिणामों में उल्लेखनीय सुधार किया जा सकता है।

# रिसाली कालेज में सविधान दिवस मनाया गया



पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com

शासकीय नवीन महाविद्यालय रिसाली के राजनीति विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में 75 वीं संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर व्याख्यानमाला, पोस्टर प्रतियोगिता एवं प्रश्नमंच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य एवं प्राध्यापकगणों के द्वारा डॉ बीआर अम्बेडकर की तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर हुई। व्याख्यान की प्रथम कड़ी में स्वयंसेवकों व छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुपमा अस्थाना ने संविधान निर्माण की प्रक्रिया को एवं संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण व्यक्तित्वों के योगदान को याद किए। इसके पश्चात इस कार्यक्रम के मुख्य प्रवक्ता प्रो. निवेदिता मुखर्जी ने संविधान निर्माता के रूप में भीमराव अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए अपने विचार प्रेषित किये और विभिन्न धाराओं एवं अनुच्छेदों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराए।इस कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय के रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी वेदप्रकाश सिंह, सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी के द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम में प्रो. नूतन देवांगन, डॉ पूजा पांडेय, विनीता, डॉ. रितु श्रीवास्तव, लिनेंद्र वर्मा, सतीश गोटा, रोशन सिंह, जयश्री, महाविद्यालयीन स्टाफव बड़ी संख्या में छात्र- छात्राए उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत प्रश्नमंच के सभी प्रतिभागियों को प्राचार्य महोदया के द्वारा उनके शानदार प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया एवं प्रो. सतीश कुमार गोटा के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

# धान खरीदी केंद्रों में सुविधाएं बढ़ने से किसानों ने की प्रदेश सरकार की सराहना



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत सभी धान खरीदी केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, नमी मापक यंत्र एवं सीसीटीवी कैमरा, टोकन तुंहर हाथ एप्प आदि की व्यवस्था ने किसानों के धान बिक्री के कार्य को अत्यंत आसान एवं सुविधाजनक बना दिया है। इस नई व्यवस्था से किसानों की धान खरीदी केन्द्रों में अपने धान की बिक्री करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो रही है। इसके अलावा टोकन तुंहर हाथ एप्प की सुविधा मिलने से किसान अपने सुविधा के अनुरूप अपने घरों पर ही आनलाईन टोकन कटवा रहे हैं। जिससे उन्हें समय की बचत होने के साथ-साथ किसानों को धान खरीदी केन्द्रों के चक्कर लगाने की समस्या से भी मुक्ति मिल गई है। इसके अलावा सभी धान खरीदी केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था होने से धान की अवैध खरीदी की रोकथाम सुनिश्चित करने तथा धान खरीदी केन्द्र के व्यवस्थाओं के समुचित निगरानी के लिए भी अत्यंत कारगर साबित हो रहा है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत धान खरीदी केन्द्रों में की गई बेहतर व्यवस्था से कृषकों में हर्ष व्याप्त है। शासन की इस नई व्यवस्था की सराहना जिले के धान खरीदी केन्द्र सांकरा क के अंतर्गत ग्राम जमरूवा के किसान दुर्गेश्वर देवांगन एवं ग्राम करकाभाट के किसान दलसिंह साहू ने किया है। इन दोनों कृषकों ने धान खरीदी केन्द्रों में इस नवीन व्यवस्था को किसानों के लिए कारगर एवं उपयोगी बताते हुए इसकी भूरी-भूरी सराहना की है। राज्य शासन की इस नई व्यवस्था की सराहना करते हुए किसान दुर्गेश्वर देवांगन ने कहा कि उन्होंने टोकन कटने की निर्धारित तिथि 18 नवंबर को धान खरीदी केन्द्र सांकरा क में पहुँचकर अपने धान की बिक्री की है। किसान दुर्गेश्वर देवांगन ने बताया कि उन्हें इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन के माध्यम से अपने धान की तौल कराने में बहुत ही आसानी हुई। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन के माध्यम से 96 क्विंटल 80 किलो मोटे धान के तौल का कार्य बहुत ही कम समय में पूरा हो गया।

# पेड़ के बिना जीवन की कामना दुर्लभ है : शास्त्री



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ महा महोत्सव में षष्ठम दिवस की कथा भाग में आचार्य पंडित झम्मन शास्त्री महाराज ने रुक्मणी विवाह के मंगल मय प्रसंग मे समस्त भक्तो को सुनते हुए कहा की पेड़ो के बगैर जीवन की कामना दुर्लभ है। जीवन संभव ही नहीं विदेश में नदियां पर्वत पेड़ पौधे को केवल उपभोग की वस्तु ही माना जाता है जबकि भारत देश में जहां नदी और पेड़ों की पूजा होती है। देश में हो रही वृक्षों की अंधाधुंध कटाई से वायुमंडल एवं प्रकृति को कष्ट होता है इसी प्रकार यह कार्य होता रहा तो विनाश संभव है। हजारों साल पहले ही पता चला कि मानव जाति का अस्तित्व तब तक है। जब तक नदियां, गौ माता, है बच्चे कोई भी त्यौहार हो यदि एक पेड़ रोपने का मन बना लिया जाए तो 135 140 करोड़ आबादी वाले इस देश में अरबो खराबो की संख्या में पेड़ पौधे लगाए जा सकते हैं। शास्त्री महाराज ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण से हम यह सीख सकते हैं की प्रकृति से कैसे प्रेम किया जाए और भगवान श्री कृष्ण यही संदेश देते हैं। की प्रकृति से प्रेम करें यह प्रभु ने सिखाया है। की पूजा भी आवश्यक है। सनातन धर्म मे प्रभु में बिना प्रकृति के कोई भी अनुष्ठान संपन्न नहीं होते रासलीला की ही ले लो यह लीला गोलोंक की लीला है। व्यक्ति को कोशिश करनी चाहिए। कि अहंकार का अंश मात्र भी उनके अंदर मौजूद न रहे। किसी तरह आडंबर से भी बचना चाहिए। लोग आराधना के नाम पर पूजा उपासना के नाम पर दूरी बना लेते हैं। इसे बढ़ाने की जरूरत है ।तब जाकर पृथ्वी पर मनुष्य आगामी हजारों वर्षो तक स्वास्थ्य और संपन्न रहेगा ।

# सामुदायिक शौचालय बंद पाये जाने पर 4 पंचायत सचिवों को नोटिस जारी




पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद्र अग्रवाल ने 29 नवम्बर को विकासखण्ड नवागढ़ के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर शासन के योजनांतर्गत चल रहे निर्माण एवं प्रगतिरत कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होने ग्राम नारायणपुर, अमलडीहा, टेमरी, घुरसेना, परसदा, अमोरा में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत निर्माण किये गये सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण तथा घर-घर कचरा संग्रहण कार्य में संलग्न स्वच्छता दीदीयों से कार्य के बारे में बातचीत की और उनका हाल जाना। निरीक्षण के दौरान अग्रवाल ने ग्राम टेमरी, परसदा, अमोरा एवं घुरसेना में ग्राम पंचायत द्वारा सामुदायिक शौचालय का रख-रखाव नहीं करने, टूट-फूट का मरम्मत एवं पानी सप्लाई की उचित व्यवस्था नहीं किए जाने के कारण संबंधित ग्राम पंचायत के सचिवों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है एवं आवश्यक मरम्मत कार्य सुनिश्चित करते हुए सामुदायिक शौचालय को क्रियाशील करने हेतु निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिला एवं जनपद स्तर के योजना से संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# पार्षद टी.ज्योति ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंपा



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड 26 की पार्षद टी.ज्योति द्वारा डौंडी प्रवास पर आए उप मुख्यमंत्री अरुण साव को विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा है। वार्ड 26 भाजपा पार्षद टी. ज्योति दल्लीराजहरा द्वारा जनता की मांग अनुरूप मांग पत्र उपमुख्यमंत्री अरुण साव के समीप रखा गया। टी.ज्योति ने बताया कि वार्ड क्रमांक 26 नया बाजार में स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय में जीर्णोद्धार हेतु लाखों की राशि खर्च की गई थी परंतु पीडब्ल्यूडी अधिकारी व ठेकेदार के मिली भगत से निम्न स्तर का हुआ है जिसके परिणाम स्वरुप है और सामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। विद्यालय परिसर में सूक्ष्म जांच करवाकर बच्चों के भविष्य की नींव गढ़ने वाले विद्यालयों को सर्व सुविधायुक्त बनवाया जाए व वार्ड की जनता के मांग अनुरूप वार्ड में दो बोर खनन की सौगात प्रदान किया जाए तथा पाइपलाइन विस्तारीकरण का सौगात प्रदान किया जाए। वार्ड क्रमांक 26 में रेलवे स्टेशन के सामने खुला मैदान है जहां जनता की मांग अनुरूप सर्व सुविधा युक्त खेल उद्यान के रूप में विकसित किए जाने से वार्ड एवं नगर वासियों के स्वास्थ्य के लिए सर्वोच्च कार्य होगा क्योंकि दल्लीराजहरा और रेलवे के द्वारा प्रदेश तथा देश को कई होनहार खिलाड़ी दिए हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय पटल पर नगर और प्रदेश का नाम रोशन किया है ऐसे में एक खेल उद्यान विकसित करने से और अधिक प्रतिभाओं को ढूंढ निकालने में मदद मिलेगी। टी.ज्योति पार्षद ने नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव से मांगों को पूर्ण करने के लिए निवेदन किया है।

# प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना वार्डों में शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




भारत सरकार, आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा शहरी क्षेत्र में सबके लिए आवास मिशन के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत रैपिड असेसमेंट सर्वे कार्य 26 नवंबर से 3 जनवरी 25 तक 27 वार्डों में शिविर का आयोजन किया गया है। योजना अंतर्गत जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप योजना के क्रियान्वयन हेतु प्रतिदिन वार्ड के शिविर स्थल में मोहम्मद सैफ काजी, धरमूराम बक्शी, नलीनक्ष श्रीवास्तव एवं अकबर अली नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा सर्वे कार्य किया जा रहा है।

# मौसम का बदला मिजाज, खुले आसमान के नीचे रखे लाखो क्विंटल धान पर छाए संकट के बादल

## कई केंद्रों में बिना कैप कव्हर के पड़े धान, तो कही अधूरे व कटे फटे तालपतरी से की जा रही धान की सुरक्षा



पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

मौसम में उतार चढ़ाव का दौर जारी हैं। शनिवार को कड़ाके के ठंड के बीच दिनभर बादल छाए रहें। बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोन 'फेंजल' का असर जिले में भी देखने मिला। शनिवार जहां दिनभर बादल छाए थे, और ठंडी हवाएं चली। वही बूंदाबांदी के आसार भी नज़र आ रहे है। मौसम के बदले मिजाज ने चिंता बढ़ा दी है। खुले आसमान के नीचे रखें हुए साढ़े 14 लाख क्विंटल से अधिक धान पर संकट के बादल छाए गए है। कई केंद्रों में धान बिना कैप कव्हर से ढंके हुए है तो कही स्टेक को आधे अधूरे तो कही कटे फटे तालपतरी से करोड़ो रूपये के धान की सुरक्षा की जा रही है। जिले में 122 समिति अंतर्गत कुल 143 धान खरीदी केंद्र बनाए गए है, 90 केंद्रों में तो बफर लिमिट से अधिक धान का स्टॉक उपलब्ध है, जहां भी धान को सुरक्षित रखने कोई पर्याप्त व्यवस्था नही की गई हैं। कुछ केंद्रों को छोड़ कईयों में बिना कैप कव्हर के धान को खुले में रखा गया है। केंद्रों में साढ़े 14 लाख क्विंटल से अधिक धान की मात्रा, इधर राइस मिलर अपनी मांगों को लेकर नाराजगी जाहिर कर कस्टम मिलिंग हेतु पंजीयन नही करवा रहे है, उधर कछुआ गति से परिवहन व तेज गति से उठाव नही होने से बदले मौसम ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है।

### सिर्फ6,490 क्विंटल का हुआ परिवहन

उल्लेखनीय हो कि जिले में शुक्रवार तक कि स्थिति में 34 हजार 152 किसानों ने 14 लाख 76 हजार 830 क्विंटल धान बेचा है। उक्त किसानों से 45 हजार 246 बार धान खरीदा गया है। अब तक 4 हजार 31 किसानों ने 210.333300 रकबा समर्पित किया हैं। आपको बता दे कि जिले में 122 समिति अंतर्गत कुल 143 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। और इन 143 केंद्रों में 90 केंद्र में बफर लिमिट से अधिक धान रखा हुआ हैं। 14 नवंबर से धान खरीदी की शुरुआत हुई और 30 नवंबर तक 34 हजार 153 किसानों से 341 करोड़ 14 लाख 69 हजार 328 राशि का 14 लाख 76 हजार 830 क्विंटल धान की खरीदी की गई हैं। वही ऋण के विरुद्ध 109 करोड़ 91 लाख 77 हजार 639 रुपये की वसूली पश्चात 231 करोड़ 22 लाख 90 हजार 688 रुपये का शुद्ध भुगतान किसानो के खातों में किया गया हैं।

### 90 केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक धान

जिले के 90 केंद्रों में धान का स्टॉक बफर लिमिट के ऊपर हो गया है। इनमें 2 केंद्र कुसुमकसा और पलारी खरीदी में 20 हजार क्विंटल से अधिक धान की मात्रा उपलब्ध हैं। कुसुमकसा में 21 हजार 18 क्विंटल, गुजरा 19 हजार 550, गैंजी में 16 हजार 923 क्विंटल, साल्हे में 16 हजार 542 क्विंटल, भन्डेरा में 9 हजार 823 क्विंटल, फागुनदाह में 16 हजार 804 क्विंटल, अरकार में 14 हजार 64 क्विंटल, भाठागांव 13 हजार 882 क्विंटल, मिर्रीटोला में 15 हजार 663 क्विंटल, सांकरा/क में 9 हजार 216 क्विंटल, पोंडी में 9 हजार 212 क्विंटल, रेंगाडबरी में 10 हजार 661 क्विंटल, मोखा में 15 हजार 792 क्विंटल, कुरदी में 14 हजार 329 क्विंटल, गुरुर में 19 हजार 807 क्विंटल, कंवर में 15 हजार 339 क्विंटल, पलारी में 23 हजार 808 क्विंटल, बासीन में 12 हजार 473 क्विंटल, अरमरीकला में 13 हजार 306 क्विंटल, सुरेगांव में 10 हजार 54 क्विंटल, धनेली में 10 हजार 84 क्विंटल और बालोद खरीदी केंद्र 8 हजार 151 क्विंटल धान का स्टॉक सहित शेष अन्य केंद्रों में कुल 9 लाख 56 हजार एक क्विंटल धान का स्टॉक मौजूद हैं। जो कि बफर लिमिट से अधिक है। यानी कि इन 90 केंद्रों में बफर लिमिट की मात्रा 7 लाख 59 हजार 911 है, लेकिन शनिवार तक कि स्तिथि ने इन 90 केंद्रों में कुल 9 लाख 56 हजार 01 क्विंटल धान के स्टॉक की मात्रा हैं।

### परिवहन की सुस्त शुरुआत

पहले दिन शुक्रवार और दूसरे दिन शनिवार शाम 4 बजे तक कुल 6 हजार 490 क्विंटल धान का परिवहन किया जा चुका हैं। परिवहन के सुस्त शुरुआत से केंद्रों में 14 लाख 70 हजार 340 क्विंटल धान की मात्रा रखी हुई हैं। जिसके कारण केंद्रों में जाम की स्तिथि बन रही है। जाम से निपटने के लिए धान के परिवहन में तेजी की जरूरत हैं।

# किसान दे रहे मुख्यमंत्री को धन्यवाद



पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर 14 नवम्बर से प्रदेश सहित जिले के धान खरीदी केन्द्रों में किसानों से धान क्रय किया जा रहा है। इस बार केन्द्रों में किसानों के लिए विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश शासन द्वारा दिए गए हैं, जिसके पालन में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार सभी जरूरी इंतजाम केन्द्रों में किए गए हैं। सक्ती जिले के डभरा विकासखण्ड अंतर्गत धान खरीदी केन्द्र जवाली में ग्राम छेवारीपाली से आए किसान हितेंद्र कुमार पटेल के चेहरे पर खुशी एवं संतुष्टि की चमक दिखाई दी,जवाली धान खरीदी केन्द्र में धान बेचने आए किसान हितेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि वे अपना धान समर्थन मूल्य पर बेचने धान खरीदी केन्द्र जवाली आए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से धान खरीदा जा रहा है, जो किसानों के लिए बहुत बड़ी खुशी की बात है, उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुए बताया कि उक्त केन्द्र में किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं है। किसानों के लिए सभी जरूरी मूलभूत सुविधाएं यहां उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि जवाली केन्द्र में उन्हें धान विक्रय करने में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हुई । उन्होंने कहा कि धान खरीदी केंद्र पहुंचाते ही धान की नमी जाँच कर बिना किसी देरी किये तुरंत तौल भी किया गया द्य साथ ही यहाँ पानी, छाया की भी अच्छी व्यवस्था है द्य उन्होंने बताया कि धान खरीदी केंद्र में खरीदी कार्य के लिए नियुक्त प्रभारी, ऑपरेटर सहित अन्य कर्मचारियों द्वारा अच्छा सहयोग किया जा रहा है। किसान हितेंद्र कुमार पटेल ने धान खरीदी केंद्र में अच्छी व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जाहिर करते हुए शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

## जिले में अब तक 32349 क्विंटल धान की हुई खरीदी



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन में प्रदेश सहित सक्ती जिले में 14 नवंबर से धान की खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है द्य जिले में 14 नवम्बर से अब तक 32349.20 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है द्य जिला विपणन अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार 29 नवंबर 2024 को शाम 5 बजे तक की स्थिति में जिले के धान खरीदी केंद्रों में मोटा धान 5372.40 क्विंटल और सरना धान 6462.80 क्विंटल, इस प्रकार 29 नवंबर को कुल 11835.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इसी क्रम में 02 दिसंबर को धान खरीदी कार्य के लिए जिले में 1032 टोकन जारी हुवे है, जिसके तहत सोमवार को 43291.60 क्विंटल धान खरीदी कार्य किया जाएगा।

# शिवरीनारायण उपार्जन केन्द में हुई धान की बोहनी

पायनियर संवाददाता शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



सम्पूर्ण भारतवर्ष में छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है। क्योंकि धान की सबसे अधिक पैदावार छत्तीसगढ़ में होती है। प्रदेश की सभी खरीदी केंद्र में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत 14 नवंबर 2024 से हो गई है, जो 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। कुछ-कुछ खरीदी केंद्रों में धान की आवक तो शुरू भी हो गई थी मगर कुछ-कुछ खरीदी केंद्रों में धान की आवक अभी अभी शुरू हो रही है। इसी कड़ी में शिवरीनारायण खरीदी केंद्र में 28 नवम्बर को खरीदी की शुरुआत हुई है। शिवरीनारायण धान मंडी प्रभारी कांशीराम कश्यप से मिली जानकारी के अनुसार पहले दिन शैल कुमारी पटेल दुरपा व रथराम कर्ष तुस्मा कुल 2 किसानों ने अपना धान बेचा। शैल कुमारी पटेल व रथराम कर्ष से धान की खरीदी की गई। राज्य की सभी खरीदी केंद्र में पिछले वर्ष एक एकड़ में 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही थी। इस बार भी राज्य सरकार ने किसानों से 21 क्विंटल धान खरीदी करने का फैसला किया है। धान बेचने के लिए या तो किसान स्वयं भी आ सकता है या किसी कारणवश स्वयं आने में असमर्थ हैं तो किसी भी एक व्यक्ति को नामिनी बनाकर भेज सकता है। उसके लिए नामिनी बनने वाले व्यक्ति की आधार कार्ड मोबाईल नंबर सहित आवेदन प्रस्तुत करने होंगें।

**धान बिक्री के लिए टोकन अनिवार्य है**-इस सीजन में पिछले वर्ष की तरह किसानों को धान बेचने के लिए भगदड़ की स्थिति ना बने इसके लिए किसानों को ऑफ्लाइन टोकन के अलावा ऑनलाइन टोकन भी जारी किया जाएगा। शासन ने स्पष्ट किया है कि इस वर्ष छ.ग. के सभी जिलों में टोकन पद्धति से धान खरीदी करना अनिवार्य है अर्थात् सभी किसानों से जो भी धान खरीदी की जायेगी उसके लिए टोकन अनिवार्य है। बिना टोकन के किसी भी किसानों से धान खरीदी नही की जायेगी। किसान मोबाईल में ऐप डाउनलोड कर घर बैठे ही टोकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। शासन ने किसानों को टोकन के लिए धान खरीदी केन्द्रों में जाकर भटकना न पड़े इसके लिए व्यवस्था इस साल भी रहेगी। इस एप से किसान अपने बेचने वाले धान का टोकन खुद काट सकेगा। उसे सहकारी समिति में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। नए किसानो को एप में रजिस्ट्रेशन के समय समिति के द्वारा जारी किसान पंजीयन क्रमांक मोबाइल नंबर व किसानों को अपनी भूमि संबंधी जानकारी को एप में डालना होगा। सभी आवश्यक जानकारियॉ प्रविष्ट करने पर धान बिक्री करने दिनांक सहित टोकन क्रमांक प्रदान की जायेगी। इस बार लघु सीमांत कृषक अधिकतम दो बार तथा दीर्घ कृषक अधिकतम तीन बार ही टोकन काट सकेगा।

**नए किसान को एक बार करना होगा रजिस्ट्रेशन**-इस सीजन में धान बेचने वाले नए किसानो को धान बेचने से पहले टोकन तुहर हाथ एक में एक बार रजिस्ट्रेशन करना होगा। उन्हें पहले से इस एप को मोबाइल के प्ले स्टोर से डाउनलोड करना होगा।

# फ्लोरा मैक्स धोखाधड़ी मामले पर बोली कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत- कंपनी से वसूली कर शासन महिलाओं को दिलाये कर्ज से मुक्ति

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश में हजारों की संख्या में महिलाओं के साथ फ्लोरा मैक्स कंपनी द्वारा की गई धोखाधड़ी मामले पर कोरबा लोकसभा क्षेत्र की कांग्रेस पार्टी की संसद ज्योत्सना महंत में बड़ा बयान देते हुए कहा है कि महिलाओं को कर्ज से मुक्ति दिलाने कंपनी से वसूली कर महिलाओं को शासन को राहत देनी चाहिए, कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने स्व. बिसाहू दास महंत मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला चिकित्सालय में इलाज के नाम पर लगातार हो रही मौतों पर चिंता जाहिर करते हुए स्थानीय व मेडिकल कॉलेज प्रशासन से व्यवस्था में सुधार लाने और दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंच रहे।



**मरीजों का उचित ख्याल रखने को कहा है**-सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि कोरबा के मेडिकल कालेज अस्पताल में दो दिन में तीन बच्चे और एक माँ ने जान गवाई है ऐसी जानकारी मिली है। इससे पहले भी करतला के जोगीपाली ग्राम के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की जुड़वा बच्चो की मौत की सूचना आई थी। सांसद ने कहा कि दुखद बात यह भी है कि राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र संरक्षित कोरवा आदिवासी के नवजात पुत्रो को भी जान गवानी पड़ी है। सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की लचर स्वास्थ्य ब्यवस्था को सुधारने की नितांत आवश्यकता है। साथ ही शासन व प्रशासन व कोरबा के मेडिकल कालेज प्रबंधन से कहा है कि मेडिकल कालेज की ब्यवस्था पर ध्यान देने की जरूरत है। सांसद ने कहा कि सूचना यह भी है कि एम्बुलेंस वाहनों में पर्याप्त संसाधन के साथ-साथ संचालन की भी दिक्कत आ रही है, जिसे दूर किए जाने की भरपूर आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सांसद मद से हर ब्लॉक में एम्बुलेंस प्रदाय किया गया है जिसे भी ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा के लिए उपयुक्त उपयोग करने की जरूरत है। सांसद ने कोरबा जिले सहित आसपास के जिलों में चिट फंड कंपनी फ्लोरा मैक्स के माध्यम से बड़ी संख्या में हजारों ग्रामीण महिलाओं से आत्मनिर्भर बनाने के नाम पर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी की गई है।

# जिला प्रशासन ने सराहनीय पहल करते हुए सेवानिवृत्ति पर दो प्रधानपाठकों को प्राधिकार पत्र जारी किया

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन मुंगेली द्वारा सराहनीय पहल करते हुए सेवानिवृत्ति पर ही दो प्रधानपाठकों को प्राधिकार पत्र जारी किया गया है। कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट में प्रधानपाठक राजेन्द्र यादव और प्रमोद धगुव को प्राधिकार पत्र प्रदान किया और शॉल व श्रीफल भेंटकर उन्हें स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय सेवक अपने जीवन के आधे से ज्यादा समय शासकीय सेवा में समर्पित रहते हैं।

सेवानिवृत्ति के पश्चात यदि उन्हें समय पर पेंशन का भुगतान न हो, तो पेंशनधारियों को बिना कारण के भटकना पड़ता है। इसे ध्यान में रखते में हुए यह पहल किया गया है।



जिला कोषालय अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि खण्ड शिक्षा अधिकारी मुंगेली के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला जमकोर के प्रधानपाठक राजेन्द्र यादव और प्राथमिक शाला भठलीकला के प्रधानपाठक प्रमोद ध्रुव दोनों शासकीय सेवा उपरांत 30 नवंबर 2024 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। शनिवार को शासकीय अवकाश होने के कारण एक दिवस पूर्व उन्हें प्राधिकार पत्र प्रदान किया जा रहा है। प्राधिकार पत्र जारी करने में खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रतिभा मण्डलोई तथा उनके स्टॉफ का सराहनीय प्रयास रहा है। जिला प्रशासन के इस पहल की सराहना करते हुए दोनों प्रधानपाठकों ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# संस्कार सेंट्रल स्कूल में इंटर-स्कूल वाद-विवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन



पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com

संस्कार सेंट्रल स्कूल में एक अंतर-विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में संस्कार सेंट्रल स्कूल और संस्कार इंग्लिश मीडियम स्कूल के कक्षा 8 और 9 के छात्रों ने भाग लिया। छात्रों ने विकास और अंग्रेजी भाषा के वैश्विक महत्व जैसे विषयों पर गहन चर्चा की। प्रतियोगिता में छात्रों ने अपने विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया और अपनी तार्किक क्षमता और वकतव्य कला का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों में शामिल थीं- नीमा चंद्रा, इंदुमती साहू, संजय राय, साहनी (प्राचार्या, संस्कार इंग्लिश मीडियम स्कूल) और एस.एल. नपित (प्राचार्य, संस्कार सेंट्रल स्कूल), जिन्होंने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और प्रेरणादायक विचार साझा किए। यह आयोजन छात्रों की बौद्धिक वृद्धि को प्रोत्साहित करने और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने की दोनों स्कूलों की प्रतिबद्धता का प्रमाण था।

# प्राचार्यों की बैठक आयोजित



पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में बोर्ड परीक्षाओं में जिले का शतप्रतिशत परिणाम लाने पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दाऊपारा में जिले के 130 शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों हेतु अर्धवार्षिक परीक्षा एवं प्री बोर्ड परीक्षा संबंधी प्रश्न पत्र निर्माण, अर्धवार्षिक परीक्षा कक्षा 10वीं एवं 12वीं हेतु ए, बी, सी तीन सेट में प्रश्न तैयार करने हेतु जिला स्तरीय विषय विशेषज्ञों की समिति तैयार कर प्रश्न पत्र छाटने हेतु चर्चा हुई। जिला शिक्षा अधिकारी सी. के. घृतलहरे ने बताया कि बैठक में बोर्ड परीक्षाओं में जिले का शतप्रतिशत परिणाम लाने, परख सर्वे 2024, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र का अपार आईडी में अद्यतन, महारानी लक्ष्मीबाई कराटे प्रशिक्षण और सभी आहरण संवितरण अधिकारियों को सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों निर्धारित समय पर पूर्ण करने आदि के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में सहायक जिला परियोजना अधिकारी अजय नाथ एवं सहायक परियोजना अधिकारी अशोक कश्यप के साथ-साथ खंड प्रभारी लिपिक बलदेव पोरते एवं कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

# फ्लोरा मैक्स कंपनी के 03 आरोपियों को पकड़ने में पुलिस मिली सफलता

- आरोपियों द्वारा 2700 लोगो से 30-30 हजार रुपए को झांसा देकर कुल लगभग 08 करोड़ों रुपया लेकर किया गया धोखाधड़ी

पायनियर संवाददाता जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



फ्लोरा मैक्स कंपनी के 03 आरोपियों को पकड़ने में पुलिस मिली सफलता। निरा साहू निवासी दारंग थाना चांपा जिला जांजगीर-चाम्पा द्वारा थाना चाम्पा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 25.04.23 से लगातर आरोपी कंपनी का डारेक्टर अखिलेश सिंह एवं उनके अन्य साथियों द्वारा संगठित होकर फ्लोरा मैक्स सर्विस प्राइवेट लिमिटेड नाम से कंपनी संचालित कर रहे थे, जिसका मुख्य ब्राच कोरबा था एवं चाम्पा में शाखा खोलकर एक व्यवसायिक स्कीम के तहत आम नागरिकों एवं सदस्यों से 30-30 हजार रुपये जमा कराते थे तथा हर महिना प्रत्येक सदस्य को 2.700/ रूपया देने का वादा करते थे तथा सदस्यों 35000/ रूपया का समान जैसे साड़ी, बर्तन, जूते, आभूषण बेनटेक्स) आदि सामान बेचने के लिए देते थे और उक्त समान को बेचकर पूनः 35000/ हजार रूपये कंपनी में जमा करते थे। जिसमें से सदस्यों को 3500/ रूपयें कमीशन मिलता था यदि कोई सदस्य समान नही देता था उसे सिर्फ हर महिने 2700/ रूपये 24 माह तक देने का झांसा दिते थे इसके अतिरिक्त सदस्यों द्वारा अपने अंदर में जितना सदस्य जोड़े उन सदस्यों के हिसाब से प्रति महिना 300/ रूपया कमिशन के रूप में देते थे जिसकी लालच में आकर ग्रामिण के लोगो द्वारा विभिन्न बैंको से लोन लेकर 30-30 हजार रूपया जमा किया गया है। कंपनी द्वारा सदस्यों को पीछले 04 माह से वादा की गई 2700/ रूपयें देना बंद कर फरार हो गये कि रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध थाना चाम्पा में अपराध 6,10 छत्तीसगढ़ निवेशकों का संरक्षण अधिनियम, 2005 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। धोखाधड़ी जैसे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चाम्पा के निर्देशन में आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तारी हेतु अति. पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। गठित टीम के द्वारा आरोपियों का लगातार पतासाजी की जा रही थी इसी क्रम में चाम्पा यदुमणि सिदार के कुशल मार्ग दर्शन में मुखबीर सूचना पर अलग-अलग जगहों से आरोपी 01. ईश्वर दास महंत निवासी लीमगांव थाना उरगा जिला कोरबा 02. संतोष दास मानिकपुरी निवासी रोगदा थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चाम्पा 03. गोपी किशन सुखसारथी निवासी लहंगा थाना बाराद्वार जिला सक्ती को पकड़ा। जिसको घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किये जिन्होंने लगभग 10-10 लाख रूपये लेना स्वीकार किये।

# ईश्वर ने कोई जाति, धर्म, समुदाय, भाषा आदि नहीं बनाया : पूज्य कापालिक बाबा

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



अघोर आश्रम पोड़ी दल्हा में 29 नवम्बर को परम पूज्य अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम का 33वाँ महानिर्वाण दिवस आश्रम के प्रांगण में परम पूज्य कापालिक धर्म रक्षित राम जी के सान्निध्य में तथा बाबा के हजारों शिष्यों एवं भक्तों द्वारा श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः लगभग 8 बजे परम पूज्य बाबा जी द्वारा अघोरेश्वर महाप्रभु के चित्र मे पुष्प अर्पित कर पूजन एवं आरती की गयी। आश्रम के भक्तों द्वारा सफलयोनि का पाठ हुआ। तदुपरांत श्रद्धालुगणो द्वारा भी पूजा-अर्चना की गई। इस बीच हवन का कार्यक्रम सम्पन्न किया। प्रसाद वितरण के बाद भत्तों ने पूज्य बाबा का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। परम पूज्य अवधूत भगवान राम के महानिर्वाण दिवस पर अघोर आश्रम में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया था जहां बिलासपुर के प्रथम हॉस्पिटल एव जांजगीर के श्री मल्टी स्पेशालिटी हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डाक्टर्स ने अपनी सेवाएं दी। इस पुनीत कार्य में पोड़ी दल्हा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा भी अपना सहयोग प्रदान किया गया साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य के केन्द्र, आयुष विभाग अकलतरा ने अपने सारे साजों सामान अर्थात अपने मेडिकल टीम एवं उपकरण तथा दवाइयों सहित पूरे दिन बीमारों को देखती रही कुल 660 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां और जरूरत अनुसार इंजेक्शन दिए गए। लगभग तीन बजे परम पूज्य कापालिक धर्म रक्षित राम जी बाबा के चरण- कमलों के सान्निध्य में कंबल वितरण का कार्य शुरू किया गया जो 9 बजे तक चलता रहा। इस पुनीत अवसर पर इस वर्ष लगभग सात हजार जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया और आसपास के गांवों से लोगों ने स्वास्थ्य शिविर में लाभ उठाया। परम् पूज्य बाबा ने गोष्ठी में कहा की ईश्वर ने कोई जाति, धर्म, समुदाय, भाषा आदि नहीं बनाया है। उसने हमें मनुष्य बना कर मनुष्यता के आचरण निमित्त इस लोक में भेजा है। यथार्थ में हमारी मूल जाति 'मानव जाति' है एवं हमारा धर्म मानवता निर्वाह करना है।मनुष्य बनें; एवं मन, वचन तथा कर्म से मनुष्यता का निर्वाह करें।

## पुजारी के सर्वराकार बनते ही लोकन्यास की चल अचल संपत्ति पर शुरू हुई टेढ़ी नजर

# डोंगाघाट मंदिर के पुजारी को गलत तरीके से नियुक्त किया था सर्वराकार, पूर्व सर्वराकार महंत शंकरदास का सामने आया वसीयत

पायनियर संवाददाता जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



डोंगाघाट लोक न्यास पब्लिक ट्रस्ट पंजीयन के लिए आमंत्रित दावा आपत्ति के दौरान पूर्व सर्वराकार स्व महंत शंकरदास गुरू तपसीबाबा का वह वसीयत सामने आया है, जिससे सनसनी फैल गई है। 29 जून 1996 के इस वसीयत में पूर्व सर्वराकार स्व. महंत नरोत्तम दास को सर्वराकार रहने के बजाय आजीवन हनुमान मंदिर में आजीवन पूजा पाठ करना लिखा गया है। वहीं उनके बाद महंत नृत्य गोपाल दास गुरू मनोहर दास को सर्वराकार नियुक्त किया था। इस वसीयत में उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा है यदि डोंगाघाट लोक न्यास की चल अचल संपत्ति की खरीदी बिक्री या अपने लाभ के लिए किसी को लीज पर देते हैं तो उसे वसीयत का उल्लंघन माना जाएगा। ऐसी स्थिति में डोंगाघाट लोक न्यास का संचालन शहर के गणमान्य नागरिक करेंगे। इस वसीयत के सामने आते ही इलाके में सनसनी फैल गई तो वहीं लोक न्यास की संपत्ति का जिस तरह से बंदरबाट हुआ है, क्या उसे वसीयत का उल्लंघन नहीं माना जाएगा। वसीयत के सामने आते ही कई सुलगते सवाल उठ खड़े हुए हैं, जिसका जवाब शायद किसी के पास नहीं है। वसीयत के मुताबिक, पूर्व सर्वराकार स्व. महंत नरोत्तम दास महंत को सिर्फ हनुमान जी मंदिर में आजीवन पूजा पाठ की जिम्मेदारी दी गई थी, फिर वो सर्वराकार के रूप में कमान अपने हाथों में क्यों लिया। फिर उनके देहांत पश्चात उनकी इच्छानुसार नए सर्वराकार महंत नारायण दास को नियुक्त किया है। लोगों का कहना है कि पूर्व सर्वराकार स्व. महंत शंकरदास ने जब 1996 में ही वसीयत कर दिया था, तब फिर पूर्व सर्वराकार स्व. महंत नरोत्तम दास को सर्वराकार आखिर क्यों बनाया गया। उन्हीं के समय से वसीयत का उल्लंघन करते हुए निजी लाभ के लिए बेशकीमती भूमियों को जहां किराए में देकर लाभ कमाया गया तो वहीं लीज के नाम पर भी जमीन की खरीदी बिक्री की गई। लीज के मुताबिक, वसीयत का उल्लंघन करने पर लोक न्यास संचालन का कमान चांपा के गणमान्य लोगों के हाथों में होगा। लोगों का आरोप है कि अभी अपने निजी लाभ के लिए महंत के बाद उनके चेले को ही नए सर्वराकार बनाने की परंपरा बनाकर चंद लोग लोक न्यास व जनता की चल अचल संपत्ति व जेवरों का बंदरबाट कर रहे हैं। यहां से शुरू हुआ बंदरबाट का सिलसिला-डोंगाघाट लोक न्यास की चल अचल संपत्ति का बंदरबाद किए जाने से शहर की जनता पहले ही नाराज है। चंद रणनीतिकारों ने पूर्व सर्वराकार स्व. शंकरदास के वसीयत की धज्जियां उड़ा दी। विवाद का जन्म 16 नवंबर 1997 को हुआ, जब वसीयत का उल्लंघन करते हुए महंत नृत्य गोपाल दास गुरू मनोहर दास को सर्वराकार नियुक्त करने के बजाय पुजारी नरोत्तम दास को सर्वराकार नियुक्त कर दिया गया। बताया जाता है पूर्व सर्वराकार स्व. शंकरदास के देहांत पश्चात ही डोंगाघाट लोक न्यास की चल अचल सपंत्ति में टेढ़ी नजर रणनीतिकारों की शुरू हो गई थी। पुजारी नरोत्तम दास को नए सर्वराकार बनाने के साथ ही सलाहकार समिति बनाई गई, जिसमें स्व. रूढ़मल अग्रवाल, स्व. नर्मदा प्रसाद, स्व. रामअवतार मोदी व बजरंग लाल डिडवानिया व बजरंग लाल मित्तल को शामिल किया गया। 8 लोगों की बनाई गई सलाहकार समिति - पुजारी स्व. नरोत्तम दास के बाद नए सर्वराकार के रूप नारायण दास को नियुक्त करते ही विवाद बढ़ गया। क्योंकि महंत नारायण दास ने अपने गुरू से भी एक कदम आगे बढ़कर आठ लोगों की एक सलाहकार समिति बना दी, जिसमें बजरंगलाल डिडवानिया, कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, नंदकुमार देवांगन, मोहनलाल गुलाबानी, शैलेष डिडवानिया, किशोर मोदी, हनुमान कुमार देवांगन, दीपक सिंघानिया शामिल है। इन्हीं सलाहाकर समिति के पंजीयन का दावा किया गया है। लोगों का यह भी कहना है यदि सलाहकार के रूप में समिति गठित की गई है तो फिर निर्णय लेकर 72 साल पुराने हनुमान व्यायाम शाला भवन को क्यों तोड़ दिया गया। ये बात हम नहीं कह रहे हैं, बल्कि स्वयं बजरंगलाल डिडवानिया ने एक प्रतिष्ठित अखबार को दिए अपने व्यू में कहा है।

# संविधान दिवस पर चिकित्सकों ने किया 1100 से ज्यादा मरीजों का उपचार

## दो दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर कोसा नगर में, 'प्रथम अध्यापिका क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले' फिल्म का पोस्टर भी लांच

पायनियर संवाददाता ✓ भिलाई
www.dailypioneer.com






भारतीय संविधान दिवस पर भीम मेला समारोह कोसा नगर में विविध आयोजन हुए। यहां डॉक्टर अंबेडकर स्वास्थ्य मिशन और इंडियन अंबेडकराइट डॉक्टर्स फेडरेशन छत्तीसगढ़ की टीम ने दो दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया। वहीं समाज में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले प्रमुख व्यक्तित्वों का सम्मान किया गया। आयोजन में फिल्म का पोस्टर भी लांच किया गया। आयोजन में सिद्धार्थ बौद्ध ने सभी डॉक्टरों को संविधान की प्रस्तावना की प्रति भेंट कर प्रस्तावना का पाठ कराया। लगातार चिकित्सा शिविर लगाने हेतु इस शिविर की संयोजिका प्रेरणा धाबर्डे को बौद्ध कल्याण समिति कोसा नगर भिलाई के अध्यक्ष आयुष्मान नरेंद्र शेन्डे की समिति ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। सभी डॉक्टरों को पंचशील का दुपट्टा पहनाकर और मोमेंटो देकर मंच से सम्मानित किया। प्रेरणा यूनिवर्सल फिल्म प्रोडक्शन हाउस भिलाई द्वारा निर्मित बॉलीवुड हिंदी फिल्म 'प्रथम अध्यापिका क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले' का पोस्टर भी मंच से लॉन्च किया गया जिसे छत्तीसगढ़ में फिल्माया जाएगा। यहां दो दिवसीय चिकित्सा शिविर में 1150 मरीजों की जांच की गई। इनमें ज्यादातर मरीज सर्दी खांसी और त्वचा संबंधी व्याधियों से ग्रसित थे। कई लोगों का रक्तचाप बहुत ज्यादा बढ़ा हुआ था उन्हें भी आवश्यक दवाइयां के साथ जरूरी हिदायतें दी गई। दर्द के पुराने मरीजों को भी एक्यूप्रेशर से काफी आराम मिला। आयुष्मान चंद्रशेखर जनबंधु ने डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ के लिए निशुल्क चाय और कॉफी की व्यवस्था लगातार दो दिन की। आयुष्मान बुधराम मेश्राम ने अपने हाथों से बनाएं थर्मोकोल की मूर्तियां सभी मेडिकल स्टाफ को चिकित्सा सेवाएं देने हेतु आशीर्वाद स्वरुप भेट दी। इस शिविर में लगातार 30 वर्षों से डॉक्टर्स अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनमें प्रमुख रूप से डॉक्टर उदय धाबर्डे सर्जन, डॉक्टर शिरसाट फिजियोथैरेपिस्ट, डॉ अखिल धर बनर्जी चेस्ट फिजिशियन, डॉक्टर जीवन लाल घीडले डीएम गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, डॉ अरुण निकोसे वरिष्ठ फ़िज़ीशियन, डॉक्टर अशोक कुमार आप्थाल्मोलॉजिस्ट, डॉ भूमिका तभाने आयुर्वेदाचार्य, डॉक्टर अरविंद चौधरी आयुर्वेदाचार्य, डॉक्टर वेदिता जोग आयुर्वेदाचार्य , डॉक्टर राजकुमार दामले पैथोलॉजिस्ट, डॉक्टर गिरीश उमरेडकर ईएनटी स्पेशलिस्ट, हरिदास मेश्राम एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ , मंगला जाधव एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ, डॉ भूषण भोईर दंत रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर सोनिका बोधि दंत मसूड़ा रोग विशेषज्ञ और डॉक्टर फरहाना परवीन दंत रोग विशेषज्ञ आदि ने अपनी सेवाएं दी। चिकित्सा व्यवस्था में तथा दवाई वितरण में सहयोगी माया राउत, योगेश सहारे और अनिल जोग ने विशेष सहयोग दिया। शिविर का संयोजन आयुष्मति प्रेरणा ने किया।

## आयुष्मान वय वंदना कार्ड, 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा मुफ्त स्वास्थ्य सेवा

पायनियर संवाददाता ✓ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार देश के समस्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत लाभ दिये जाने हेतु आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से योजना का शुभारंभ किया गया है। राज्य के सभी शासन के निर्देशानुसार वरिष्ठ नागरिकों को योजना का लाभ दिया जाना है, जिसके लिए कोंडागांव जिले के समस्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर योजना अंतर्गत पंजीयन ई केवायसी किया जाना आवश्यक होगा। तत्पश्चात अतिरिक्त रुपये 5 लाख का टॉप-अप योजना अंतर्गत प्राप्त होगा, जो कि परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा योजना अंतर्गत उनकी पात्रता के अनुसार प्रस्तावित बीमा कवर का आंशिक या पूर्ण उपयोग कर लेने के पश्चात भी वरिष्ठ नागरिकों का प्रदान किया जायेगा। जिले में आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजना अंतर्गत पंजीयन का कार्य समस्त उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, शासकीय जिला अस्पताल कोण्डागांव में किया जा रहा है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड में पंजीयन हेतु राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं मोबाइल नम्बर लेकर आना आवश्यक है। राज्य नोडल एजेंसी छ.ग. से कोण्डागांव जिला को आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजनांतर्गत् पंजीयन हेतु 20393 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें विकासखण्ड कोण्डागांव के 7021, फरसगांव के 3878, केशकाल के 3209, बडेराजपुर के 2779 और माकड़ी के 3506 का लक्ष्य शामिल हैं। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में कोण्डागांव जिले के सभी विकासखंड में आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया जा रहा है।

## 4 दिसम्बर तक चलेगा पुरुष नसबंदी पखवाड़ा

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने समय सीमा की बैठक में राज्य शासन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 21 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक चलने वाले पुरुष नसबंदी पखवाड़ा आयोजन की तैयरियां पर चर्चा की। कलेक्टर ने परिवार नियोजन अभियान को सफल बनाने एवं व्यापक प्रचार प्रसार करने सहित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल. राज ने बैठक में बताया कि पुरुष नसबंदी एक सुरक्षित, प्रभावी और स्थायी विकल्प है और पखवाड़े के दौरान इससे जुड़े मिथकों को तोड़ने का प्रयास किया जाएगा। कबीरधाम जिले में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन 21 नवंबर से 4 दिसंबर 2024 तक किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य पुरुषों को परिवार नियोजन के स्थायी और सुरक्षित तरीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। पखवाड़े के दौरान पुरुष नसबंदी और कंडोम के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान और विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। पखवाड़े की थीम आज ही शुरुआत करें, पति-पत्नी मिलकर परिवार नियोजन की बात करें के माध्यम से परिवार नियोजन में सामूहिक भागीदारी पर जोर दिया गया है। कार्यक्रम को दो चरणों में विभाजित किया गया है। पहला चरण, मोबिलाइजेशन चरण (21-27 नवंबर), जागरूकता फैलाने और पुरुषों को नसबंदी के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों पर केंद्रित है। दूसरा चरण, सेवा चरण (28 नवंबर-4 दिसंबर), के दौरान जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर इच्छुक पुरुषों के लिए निःशुल्क नसबंदी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## कलिंगा विश्वविद्यालय में 63वें राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह 2024 का समापन हुआ

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com







राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह अस्पतालों, बाह्य रोगी क्लीनिकों और अन्य स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्थाओं में रोगी देखभाल में फार्मासिस्टों और फार्मेसी पेशेवरों की भूमिका को प्रोत्साहित और सम्मानित करता है। कलिंगा विश्वविद्यालय में 63वें राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह 2024 का समापन स्वास्थ्य सेवा में फार्मासिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका पर एक सार्थक सत्र के साथ हुआ। 17 से 23 नवंबर तक आयोजित सप्ताह भर के इस समारोह की थीम थी Think Health, Think Pharmacy" जिसमें आकर्षक गतिविधियां, रचनात्मक प्रतियोगिताएं और ज्ञानवर्धक चर्चाएं शामिल थीं। सिटी आई केयर हॉस्पिटल एवं रेटिना केयर, रायपुर के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। नेत्र जांच शिविर में डॉ. मनीष कुमार मारकंडे (फार्मासिस्ट), डॉ. शहरयार खान, साक्षी शर्मा (ऑप्टोमेट्रिस्ट), साहिना खान (ऑप्टम) संसाधन व्यक्ति थे। नेत्र जांच शिविर में कलिंगा विश्वविद्यालय के लगभग 118 छात्रों और कर्मचारियों ने भाग लिया। नेत्र जांच शिविर के साथ-साथ, मनोरंजक वाद-विवाद प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें 45 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वाद-विवाद प्रतियोगिता के विषय थेः दवा वितरण में रोबोटिक्स, टेलीफार्मेसी/ई-फार्मेसी/ऑनलाइन फार्मेसी, स्व-चिकित्सा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य पेशेवरों, रोगियों और समुदायों के बीच जागरूकता, शिक्षा और सहयोग को बढ़ावा देकर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में फार्मासिस्टों की अमूल्य भूमिका को मान्यता देना और बढ़ावा देना था। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्रों ने न केवल विषय की गहरी समझ हासिल की, बल्कि फार्मेसी पेशे के प्रति उत्साह और रुचि भी विकसित की। इस कार्यक्रम ने वैश्विक स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने में फार्मासिस्टों की भूमिका के प्रति गौरव की भावना को बढ़ावा दिया तथा विश्व भर में स्वस्थ समुदायों के निर्माण में उनके योगदान पर जोर दिया। यह कार्यक्रम फार्मेसी संकाय के प्राचार्य डॉ. संदीप प्रसाद तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया और इसका समन्वयन डॉ. इंदु लता कंवर, प्रांजुल श्रीवास्तव, डॉ. संदीप कुमार मिश्रा और खुशबू गुप्ता ने किया।

## 1572 हितग्राहियों का घर पहुंच कर बनाया आयुषमान कार्ड



पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश एवं कमिश्नर सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन पर दीनदयाल अंतोदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एवं आंगनबाड़ी मितानिन द्वारा घर-घर पहुंचकर छूटे हुए का आयुष्मान कार्ड बना रहे हैं। इसके लिए कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी एवं कमिश्नर सुमित अग्रवाल द्वारा जल्द से जल्द शहर में छूटे हुए लोगो का आयुषमान कार्ड बनवाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है।उन्होंने कहा कि शहर क्षेत्र के घरों में पहुंचकर कर्मचारी अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाये।इसके लिए आयुष्मान अभियान के पहले प्रशिक्षण भी कर्मचारियों को दिया गया है। लगातार वार्डो आयुष्मान कार्ड अभियान में आजीविका मिशन एवं आंगनबाड़ी मितानिन सहित अमला द्वारा 10 दिनों में 1572 छूटे हुए हितग्राहियों का आयुषमान कार्ड घर में पहुंचकर बनाया। उल्लेखनीय है कि कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों को आयुष्मान योजना का लाभ अधिक से अधिक दिलाने के निर्देश दिए है। बता दे कि कर्मचारी द्वारा घर-घर पहुंचकर नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बना रही है। इसमें पांच लाख रूपए तक इलाज की सुविधा है।नागरिकों के निरंतर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं, लेकिन जिन नागरिकों का आयुष्मान कार्ड नहीं बना हैं, उनका कार्ड घर पहुँचकर बनाया जा रहा है। इसके लिए टीम लगातार मेहनत कर घर-घर पर पहुंचकर आयुष्मान कार्ड बना रही है।

## टीबी मरीजों को फूड बास्केट का वितरण

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com




कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ. बी.के. चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में सिविल अस्पताल खरसिया में खरसिया ब्लॉक के टीबी मरीजों को फूड बास्केट का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है टीबी रोग को जड़ से समाप्त करने के लिए शुरू किए गए प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान अंतर्गत वर्ष 2025 तक भारत देश से टीबी को समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी दृढ़ इच्छाशक्ति और एकजुटता का परिचय देते हुए अधिक से अधिक निक्षय मित्र बनकर दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता को पूरा करने के उद्देश्य से जिले के पूर्णेंदु कुमार सीएसआर हेड एवं विवेक पांडे प्रोग्राम मैनेजर अदाणी पावर लिमिटेड रायगढ़ के एस.आर.विभाग के द्वारा खरसिया ब्लॉक के 60 मरीजों को गोद लेकर फूड बास्केट का वितरण किया गया। इस दौरान सभी टीबी मरीजों को नियमित दवाई के साथ अतिरिक्त पोषण लिए जाने हेतु आग्रह किया गया, जिससे मरीज शीघ्र रोग मुक्त हो सके। स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह बीमारी लाइलाज नहीं है, इसका इलाज अब संभव है। जरूरत है तो सिर्फ लोगों को जागरूक होने कि अगर किसी प्रकार का लक्षण दिखाई दें तो व्यक्ति अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर इसका निःशुल्क इलाज करा सकते है। भारत सरकार द्वारा शुरू की गयी निक्षय मित्र योजना रोगियों के लिए सकारात्मक पहल के रूप में समाज के सामने आ रही है। सबसे अहम बात यह है कि टीबी रोगियों के उपचार में सहायता के साथ ही खानपान के लिए फूड पैकेट दिया जाता है।

## डॉ. अंकुर सिंघल ने 105 किलो के मरीज का किया रिवीजन जोड़ प्रत्यारोपण

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



अभी हाल ही में शहर के जाने-माने रामकृष्ण केयर अस्पताल के जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. अंकुर सिंघल ने मिनीमम कट तकनीक द्वारा 105 किलो वाले मरीज का सफल रिवीजन नी-रिप्लेसमेन्ट (टीकेआर) परफॉर्म किया। इस सर्जरी की खास बात यह थी मरीज का वजन 105 कि.ग्रा. था और BASAL METABOLIC INDEX 43 और वह मोटापे की Morbid Obesity कैटेगरी में आता था। ज्यादा वजनी का ऑपरेशन ना सिर्फ कठिन होता है इसमें, इंफेक्शन की संभावनाएं अधिक होती है। Dr. Ankur Singhal, MS Ortho (Mumbai) FJRS (UK) FRJS (US) Senior Joint Replacement Surgeon मरीज का प्राइमरी सर्जरी लगभग 15 वर्ष पहले हुआ था और लगभग 1 वर्ष तक चलने में भी तकलीफ हो रही थी तथा जोड भी लूज हो गया था। तत्पश्चात वह डॉ. सिंघल से मिली और उन्होंने मरीज का सफल रि-ऑपरेशन किया। मरीज पूरी तरह स्वस्थ्य है एवं अपनी सामान्य जीवन-यापन कर रहा है तथा उसका घुटना पूरी तरह ठीक हो गया है। डॉ. सिंघल ने बताया कि रिवीजन नी रिप्लेसमेन्ट टीकेआर एक अपने आप में जटिल क्रिया है जिसमें कोई भी खराब घुटने को मिनीमम कट तकनीक द्वारा फिर से ठीक किया जाता है। यह रिवीजन नी रिप्लेसमेन्ट टीकेआर बहुत जटिल एवं काम्प्लेक्स होता है जिसको करने के लिये व्यापक ट्रेनिंग की जरूरत पड़ती है। डॉ. सिंघल ने इस सर्जरी के लिये विदेश जैसे इग्लैण्ड एवं अमेरिका में ट्रेनिंग लिया है। डॉ. अंकुर सिंघल ने बताया कि मरीजों में उनके द्वारा इज़ात की हुई इस मिनिमम कट तकनीक से 8000 से भी ज्यादा सफल जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी की है। इस तकनीक से नरीजों की रिकवरी फास्ट होती है और जटिल से जटिल सर्जरी आसानी से की जा सकती है। इस तकनीक से मरीज न सिर्फ केवल कुछ घंटे बाद चल सकता है बल्कि अपनी सामान्य जीवन में तेजी से वापस लौट सकता है।

## स्कूलों में जब से मिल रहा नाश्ता, जुड़ने लगा पढ़ाई से वास्ता





पायनियर संवाददाता ✓ कोरबा
www.dailypioneer.com

कुछ दिन पहले की ही बात है, विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा वाले बसाहट में संचालित प्राथमिक शाला कदमझेरिया, कोरई में पढ़ाई करने वाले कई पहाड़ी कोरवा विद्यार्थियों का मन सुबह स्कूल आने में नहीं लगता था। कक्षा पहली में पढ़ाई करने वाला सम्लेश्वर हो या फिर कक्षा तीसरी में पढ़ने वाला बम्लेश्वर, दोनों भाई स्कूल जाने से पहले घर में तरह-तरह के बहाने मारते थे और स्कूल जाने में भी रूचि नहीं दिखाते थे। कुछ इसी तरह की मिलती-जुलती कहानी पहाड़ी कोरवा छात्रा ज्योति, सुमित्रा की भी थी। सुबह स्कूल जाने से पहले घर में खाना तो मिलता था, लेकिन अपनी थाली में दाल चावल मिलने और इसे खाने के बाद भी कई बार कुछ न कुछ बहाने कर स्कूल नहीं जाते थे। अब जबकि स्कूल खुलते ही विद्यार्थियों को गरम नाश्ते के रूप में उनके पसंद का स्थानीय नाश्ता, पोहा, उपमा, भजिया, पूड़ी, खीर आदि मिलने लगे हैं तो शहर के स्लम क्षेत्रों सहित दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में भी विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ने लगी है। बच्चों को सुबह के गरम नाश्ते पसंद आने लगे हैं और उनका वास्ता नाश्ते के साथ पढ़ाई से भी जुड़ने लगा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दिशा-निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ से कोरबा जिले के कक्षा एक से लेकर कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों को स्कूल खुलने के साथ ही गरम नाश्ता देने की शुरूआत की गई है। दोपहर में मिलने वाले मध्यान्ह भोजन के अतिरिक्त मिलने वाले नाश्ते को खाने के लिए शहर के स्लम क्षेत्रों के विद्यालयों सहित आदिवासी बाहुल्य इलाकों में स्थित स्कूलों में विद्यार्थियों की रूचि स्पष्ट नजर आ रही है। लगभग तीन महीने पहले 14 अगस्त को कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड सहित कोरबा ब्लॉक के शहरी क्षेत्रों के स्कूलों में विद्यार्थियों के थाली में गरम नाश्ता परोसने का सिलसिला प्रारंभ किया गया। लगभग ढ़ाई माह तक नाश्ता परोसने और इससे हुए सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले के सभी विकासखण्डों में इसे प्रारंभ करने के निर्देश दिए। आखिरकार दीपावली अवकाश के पश्चात स्कूल खुलते ही कोरबा ग्रामीण, पाली, करतला, कटघोरा के शेष स्कूलों में भी नाश्ता देना प्रारंभ कर दिया गया है।

## नवीन को मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से मिली आर्थिक सहायता

पायनियर संवाददाता ✓ अंबिकापुर
www.dailypioneer.com



सरगुजा जिले के सीतापुर ब्लॉक के ग्राम प्रतापगढ़ के गोयल परिवार पर तब मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा, जब पता चला कि परिवार के इकलौते सहारे नवीन जगदेव गोयल को किडनी में समस्या है और उन्हें ट्रांसप्लांट की जरूरत है। एक सामान्य परिवार के लिए अचानक इस तरह स्वास्थ्य संबंधी परेशानी का आना भारी है, इसके साथ ही बीमारी के साथ आता है बड़ा खर्च भी। 48 वर्षीय नवीन के परिवार में पत्नी है और उनके दो बच्चे कक्षा 7वीं और 10 वीं में पढ़ाई कर रहे हैं। नवीन अपने परिवार का पालन-पोषण कपड़े और मनिहारी के व्यवसाय से करते हैं, महंगे इलाज के खर्च में उनकी जमा पूंजी खत्म हो गई और व्यवसाय भी बंद करना पड़ा। नवीन बताते हैं कि जब उन्होंने जांच कराया तो पता चला कि उनकी स्थिति काफी गम्भीर है और तत्काल किडनी ट्रांसप्लांट करना होगा। हमारे लिए यह काफी मुश्किल समय था। उन्होंने अपना पहला चेकअप कराया जिसके बाद उन्हें अहमदाबाद के जी आर दोषी एंड के एम मेहता इंस्टीट्यूट ऑफकिडनी एंड रिसर्च सेंटर में रिफर किया गया। नवीन और उनका परिवार काफी परेशान थे कि किस तरह इलाज का खर्च निकलेगा, और इस दौरान उन्हें 'मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना' के बारे में पता चला। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से और कुछ अपने जान पहचान के लोगों से इस बारे में जानकारी ली।नवीन को गंभीर बीमारी के इलाज के लिए 'मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना' के तहत सहायता राशि स्वीकृत हुई, जिससे उनका इलाज हुआ और परिवार ने राहत की सांस ली है। अब गोयल परिवार के जीवन में फिर खुशियां लौट आई हैं, पूरे परिवार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की संवेदनशील पहल के लिए आभार जताया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत गंभीर रोगों के इलाज के लिए 25 लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता दी जाती है।

## इस सत्र से 12 वीं पास सौ छात्रों को ही मेडिकल, इंजीनियरिंग की परीक्षाओं की तैयारी हेतु डीएमएफसे दी जायेगी वित्तीय मदद

### कलेक्टर ने क्लासरूम में विद्यार्थियों से किया संवाद, पढ़ने और आगे बढ़ने किया प्रेरित



पायनियर संवाददाता ✓ कोरबा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अजीत वसंत ने पाली ब्लॉक में पोड़ी और निरधि ग्राम पंचायत में प्राइमरी, मिडिल सहित हायर सेकंडरी स्कूल जाकर विद्यार्थियों से सवांद किया। उन्होंने क्लास रूम में पहुँचकर विद्यार्थियों की रुचि जानी और पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी की अपनी अलग प्रतिभा और रुचि होती है। आप अपने रुचि के अनुरूप कैरियर के निर्माण कर सकते है। शासन-प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों के कैरियर निर्माण के लिए सहयोग किया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करते हुए अच्छे नम्बरों से परीक्षा पास करने पर मेडिकल, इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए प्रषिक्षण सहित सम्पूर्ण खर्च उठाने सहित राज्य से बाहर के विश्वविद्यालय में दाखिला मिलने पर जिला प्रशासन द्वारा सहयोग करने की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि बीते सत्र में 10 वीं परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रषिक्षण एवं पढ़ाई हेतु जिले से बाहर भेजा गया है। इस सत्र से 12 वीं पास सौ विद्यार्थियों को भी मेडिकल, इंजीनियरिंग की परीक्षाओं की तैयारी के लिये डीएमएफसे वित्तीय मदद दी जायेगी। ग्राम पोड़ी के स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय में कलेक्टर ने स्कूल के प्राचार्य विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कक्षा 12 वीं बायोलॉजी के विद्यार्थियों से संवाद किया और प्रदेश स्तर पर अच्छे अंक लाने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि वित्तीय अभाव में किसी की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को बड़े विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए लिए जाने वाले टेस्ट परीक्षा आदि की भी जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को जनरल नॉलेज की तैयारी कराने, डिजिटल उपकरणों का अध्यापन में उपयोग करने के निर्देश प्राचार्य को दिए।


**न्यायालय नायब - तहसीलदार मुंगेली, जिला- मुंगेली (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क./ /अ-6अ/2024-25
ग्राम-सिल्ली प.ह.नं.- 26

एतद् द्वारा ग्राम सिल्ली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णा पिता स्व. दयालदास, जाति- सतनामी निवासी सिल्ली तह. व जिला मुंगेली छ.ग. के द्वारा ग्राम सिल्ली प.ह.नं. 26 रा.नि.मं. खैरासेतगंगा स्थित भूमि खसरा नं. 133/6 शामिल 133/7, 144/2, 269/2, 269/7 कुल रकबा 2.566 हे. का ऑनलाईन अभिलेख सुधार हेतु न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 09/12/2024 समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नामक तहमीनदार
मुंगेली (छ.ग.)



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बालोद (छ.ग.)**

Har Ghar Jal
Jal Jeevan Mission

निविदा क्र. 30 से 41/ ले.शा./ ज,जी.म./ का.अ./ लो.स्वा.यां. खण्ड/2024 बालोद, दिनांक: 26.11.2024

// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना //

ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र-ए में प्रतिशत दर पर नीचे उल्लेखित कार्य के लिए कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद द्वारा के एकीकृत पंजीयन व्यवस्था ई-रजिस्ट्रेशन की सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का विवरण-बालोद जिले के वि.खं. गुण्डरदेही, बालोद, डौंडीलोहारा तथा गुरूर के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत नलकूप खनन कार्य।**

| | नि.सू क्र/सिस्टम नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 30/161737 | विकासखंड गुण्डरदेही के विभिन्न ग्रामों में 10 नग। | रू. 12.30 लाख |
| 2 | 31/161738 | विकासखंड गुण्डरदेही के विभिन्न ग्रामों में 11 नग। | रू. 13.53 लाख |
| 3 | 32/161739 | विकासखंड गुण्डरदेही के विभिन्न ग्रामों में 7 नग। | रू. 10.22 लाख |
| 4 | 33/161740 | विकासखंड डौंडीलोहारा के विभिन्न ग्रामों में 12 नग। | रू. 13.32 लाख |
| 5 | 34/161741 | विकासखंड डौंडीलोहारा के विभिन्न ग्रामों में 9 नग। | रू. 11.07 लाख |
| 6 | 35/161742 | विकासखंड बालोद के विभिन्न ग्रामों में 13 नग। | रू. 14.43 लाख |
| 7 | 36/161743 | विकासखंड बालोद के विभिन्न ग्रामों में 13 नग। | रू. 15.99 लाख |
| 8 | 37/161744 | विकासखंड बालोद के विभिन्न ग्रामों में 12 नग। | रू. 14.76 लाख |
| 9 | 38/161745 | विकासखंड बालोद के विभिन्न ग्रामों में 11 नग। | रू. 13.53 लाख |
| 10 | 39/161746 | विकासखंड गुरूर के विभिन्न ग्रामों में 10 नग। | रू. 12.30 लाख |
| 11 | 40/161747 | विकासखंड गुरूर के विभिन्न ग्रामों में 10 नग। | रू. 12.30 लाख |
| 12 | 41/161748 | विकासखंड गुरूर के विभिन्न ग्रामों में 14 नग। | रू. 15.54 लाख |

1. **बिड सबमिशन प्रारंभ की तिथि-28/11/2024**
2. **बिड सबमिशन की अंतिम तिथि-16/12/2024**

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्ततृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारीई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in दिनांक 28/11/2024 से एवं कार्यालयीन समय पर कार्यालय में देखे जा सकते हैं।

G-242504198/3

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद**
**जिला-बालोद (छ.ग.)**

# स्टेट हाइवे किनारे गली में वृद्धा की जघन्य हत्या

## फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वांयड ने की पड़ताल, पुलिस 5 संदिग्ध युवकों को उठाकर कर रही जांच

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com





नगर में शनिवार को हत्या की वारदात हो गई। नए बस स्टैंड व पुलिस थाना के मध्य स्लम बस्ती की रहवासी एक वृद्धा की अज्ञात लोगों के द्वारा जघन्य हत्या कर दी गई है। घटना तड़के लगभग 4 से 6 बजे के मध्य होने का अंदाज लगाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने घटनास्थल पहुंचकर पड़ताल की। दोपहर डॉग स्क्वॉड व फोरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य जुटाकर गहन पड़ताल किये जाने की खबर है।

पुलिस के मुताबिक नगर में पुलिस थाना के बगल में वार्ड 15 स्थित स्लम बस्ती निवासी वृद्धा रुकमणी साहू पति भगवान दास साहू, लगभग 70 वर्ष की नए बस स्टैंड के पीछे लाश पाई गई। सूचना में घटनास्थल को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की गई। प्रारंभिक तौर पर मृतिका के माथे व गाल पर चोट के निशान मिले हैं। प्रथम दृष्टया हत्यारे द्वारा किसी हथियार व पत्थर से वार करने की अटकलें लगाई जा रही हैं। वहीं वृद्धा के शरीर में जेवर गायब थे। पुलिस की माने तो परिजनों ने मृतिका के शरीर में कुछ जेवर होने की बातें बताई है। यानि अज्ञात हत्यारे द्वारा जेवर के लिए ही हत्या करने का अंदाजा लगाया जा रहा है। वहीं नए बस स्टैंड के आसपास के लोगों का कहना है कि उक्त वृद्धा पुलिस थाना के बगल स्लम बस्ती में अकेली रहती थी, तथा सामने ही नए बस स्टैंड के कोने में स्थित सार्वजनिक शौचालय समीप सार्वजनिक नल में सुबह पानी ले जाने आती थी। यानी वृद्धा रोजाना की तरह शनिवार तड़के भी पानी लेने सार्वजनिक सुलभ शौचालय पहुंची होगी, तथा इसी दरम्यान जेवर अथवा अन्य कारणों से उनके साथ अप्रिय घटना घटित हो जाने का अंदाजा लगाया जा रहा है। इसी के मद्देनजर डॉग स्क्वॉड व फोरेंसिक टीम की मदद ली गई है।

### परिवार से अलग रहती थी वृद्धा

परिजनों के मुताबिक 70 वर्षीय मृतिका रुकमणी साहू थाना के बगल में स्लम बस्ती में छोटे से मकान में रहती थी। भारतीय पब्लिक स्कूल के पास ठेले खोमचे में बच्चों के खाद्य सामग्री बेचकर जीवन यापन करती थी। वे मेनरोड स्थित एमपी बेकरी के परिवार की सदस्य थीं। हालांकि वे काफी वर्षों से अपने पति भगवान दास साहू एवं अपने 4 पुत्रों से अलग रहकर जीवन यापन कर रही थी। उनका छोटा पुत्र ही कभी अपनी माँ से मिलने आता था।

### पुलिस ने उठाये 5 संदिग्ध युवक

नगर में हत्या की वारदात के बाद स्थानीय पुलिस दबाव में गई है। एडिशनल एसपी राहुलदेव शर्मा मामले में मोर्चाबंद हैं। पुलिस की माने तो डॉग स्क्वॉड को सिम्टम्स मिलने के आधार पर तथा एक घरेलू सीसीटीवी के फुटेज आधार पर 5 संदिग्ध युवकों को उठाकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने जल्द ही मामला सुलझा लेने की बात कही है।

> वृद्धा की हत्या हुई है। डॉग स्क्वांयड व फोरेंसिक टीम की सहायता ली गई है। हत्या की गुत्थी जल्द सुलझा ली जायेगी।
> **- राहुलदेव शर्मा,** एएसपी

उल्लेखनीय है नगर में हत्या की वारदात में एडिशनल एसपी राहुलदेव शर्मा ने मोर्चा संभालते हुए पड़ताल की है। इस दौरान टीआई उपेन्द्र शाह सहित पुलिस बल मौजूद थे।

# मशरूम के युवा उद्यमी सुधीर एवं रुपेश को जबलपुर में मिला नवाचारी के रूप में पांच लाख का ग्रांट

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले संस्कारधानी के दो नवाचारी युवा उद्यमियों को बीते दिनों मध्यप्रदेश के जबलपुर में पांच पांच लाख रुपये का ग्रांट दिया गया। ज्ञात हो कि जवाहर आर-एबीआई कोहोर्ट 5.0 के एग्री स्टार्टअप्स के साथ इन युवा उद्यमियों का एमओए हुआ है। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य में आयोजित इस समारोह में संस्कारधानी के सुधीर मिश्रा एवं रुपेश चौबे को यह ग्रांट मिला। दोनों ही युवा एम् जी मशरूम एवं गोकुल ग्रामोद्योग के नाम से कंपनी का संचालन करते हैं और अपने इस क्षेत्र में नए रोजगार के अवसर युवाओं को उपलब्ध कराते हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि की आंसदी से कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने कहा कि आप सभी के स्टार्टअप्स अपने नये-नये आईडियाज एवं रोजगार के साधन तैयार करने हेतु दूसरों के लिये उदाहरण बन रहे हैं। कृषि क्षेत्र में भविष्य के विकास के क्षेत्र में सेकेण्डरी एग्रीकल्चर अर्थात मूल्य संवर्धन, पैकेजिंग एवं प्रोसेसिंग से ग्रामीण रोजगार के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में विश्व विद्यालय प्रमुख भूमिका निभा रहा है। उक्त आयोजन में आईएआरआई नईदिल्ली ने भी ऑनलाइन जुड़कर एग्री स्टार्टअप्स प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना की और स्टार्टअप्स को बधाई देते हुये कहा कि कृषि के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। साथ ही सफल उद्यमी बनने के लिये कड़ी मेहनत और लगन के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। जिसमें मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र के 15 एग्री स्टार्टअप्स में महिला 4 और पुरूष एग्री स्टार्टअप्स 11 उपस्थित रहे। उक्त आयोजन में पूरे भारत में लगभग 45 स्टार्टअप ने इसमें हिस्सा लिया जिसमें शीर्ष 17 स्टार्टअप को ही ग्रांट प्रदान किए गए,जिसमें छत्तीसगढ़ के 2 स्टार्टअप कंपनी एमजी मशरूम और गोकुल ग्रामोद्योग मुख्य रूप से सम्मिलित हैं। सुधीर मिश्रा व् गोकुल चौबे को इस उपलब्धि पर उनके सहयोगियों , मित्रों व् सहकर्मियों ने उन्हें बधाई दे कर उनके उज्जवल बह्विश्य की कामना की है।

# मुर्गी पालन व्यवसाय से आर्थिक समृद्ध बनने का मिला सुनहरा अवसर

पायनियर संवाददाता ◄ मोहला
www.dailypioneer.com




विकासखंड मोहला के ग्राम पंचायत उरवाही के संजय के जीवन में अब समृद्धि ने दस्तक दी है। अब वह अपने जीवन को आर्थिक तन्हाई से दूर कर आर्थिक समृद्धि में जीवन व्यतीत करने लगा है। संजय ने बताया कि वह मजदूरी के साथ खेती-किसानी का काम करता है। उन्होंने बताया कि उनके जीवन में हमेशा तंगहाली होता था। इसके चलते वह अपने परिवार की जरूरत को पूरा नहीं कर पता था। इस स्थिति में उन्होंने मुर्गी पालन का व्यवसाय करने का निश्चय लिया और ग्राम पंचायत से संपर्क किया। ग्राम पंचायत के द्वारा मनरेगा के तहत उसके घर की बाड़ी में मुर्गी शेड बनाया गया है। मुर्गी शेड में वह 500 देसी मुर्गी का पालन कर रहा है। उन्नत एवं देशी नस्ल की मुर्गी पालन से उसे काफी अच्छी आमदनी हो रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष उसे अभी तक 50 हजार की आर्थिक आमदानी हो चुकी है। मुर्गी बेचकर मिली राशि से वह अपने परिवार की जरूरत को पूरा कर रहा है। उन्होंने बताया कि मुर्गी पालन से अब उसके घर में उमंग भर आया है। उन्होंने योजना के लिए शासन के प्रति आभार जताया है।

# नव निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण आज



**सरायपाली।** लंबर से दस किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पतेरापाली में नवनिर्मित राठिया कंवर समाज का सामुदायिक भवन का लोकार्पण व वार्षिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है जिसका रविवार सुबह 10 बजे किया जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि लालजीत सिंह राठिया विधायक धरमजयगढ़ अध्यक्षता चातुरी डिग्री लाल नंद विधायक सरायपाली विशिष्ट अतिथि उत्तरी गनपत जांगड़े विधायक सारंगढ़, कविता प्राण लहरे विधायक बिलाईगढ़, किस्मत लाल नंद पूर्व विधायक व लीलाबाई देवकुमार सिदार सरपंच लोहडीपुर होगें व सभी राठिया कंवर समाज फुलझर के सभी माता भाई बहनों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील फुलझर राठिया कंवर समाज ने की है।

# विधायक दीपेश साहू पहुंचे मां महामाया मंदिर बुचिपुर, प्रदेश की खुशहाली की मांगी मन्नत

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधायक दीपेश साहू एवं साजा विधायक ईश्वर साहू कार्यक्रम मे दौरे के दौरान जिले के सबसे सुप्रसिद्ध मंदिर श्री सिद्ध शक्ति पीठ माँ महामाया धाम बुचीपुर पहुंचे । जहाँ माँ महामाया माता की दर्शन पूजन क्र आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेश वासियों के खुशहाली के लिए मन्नत मांगी। इस दौरान मंदिर समिति के सदस्यों और ग्रामवासियो से विकाश कार्यो को लेकर गहन चर्चा भी हुई। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा की हमारी भाजपा की सरकार और छत्तीसगढ़ विष्णुदेव की सुशासन वाली सरकार अपने घोषणा पत्र के मुताबित शक्ति पीठ परियोजना अंतर्गत धार्मिक पर्यटन स्थलों को संवारने का काम करने जा रही है जिससे प्रदेश के चिनहांकित धार्मिक पर्यटन स्थल है वहां केंद्र सरकार विकाश कार्यो के लिए मंजूरी दें दी गई जिसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ तीर्थ स्थलों को विकसित करना है। निश्चित ही इस योजना से छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों को विकाश होगा जिससे आने वाले समय में छत्तीसगढ़ मे टूरिस्ट की संख्या बढ़ेगी और छत्तीसगढ़ के लोगो को रोजगार भी उपलब्ध होगा।

इस दौरान भाजपा जिला ओमप्रकाश जोशी, महामंत्री नरेंद्र वर्मा, भाजपा नेता होरी लाल सिन्हा, परमेश्वर साहू, मंदिर समिति अध्यक्ष ओंकार वर्मा, पूर्व अध्यक्ष सुरेश वर्मा, सरपंच भुवनलाल वर्मा, तोषु राम साहू, सचिव तुकाराम निषाद, भूपेंद्र साहू, संजू राजपूत, त्रिलोकी साहू, टिकेंद्र साहू, बीरेंद्र साहू, सोनसाय वर्मा, भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्त्ता समिति के सदस्य गण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# झाखरपारा के धान कारोबारी के खिलाफ कार्यवाही नहीं सांठ-गांठ का आरोप

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



एसडीएम तहसीलदार सहित तमाम अधिकारियों की दिन रात गस्ती और अस्थाई चेक पोस्ट में कर्मचारी होने के बाद भी झाखरपारा पर उड़िसा का धान ताबड़तोड़ तरीके से पहुंच रहा है लेकिन अपसोस की बात आज तक इस इलाके से एक भी कार्यवाही को अंजाम नहीं दिया जा सका है शायद यही वजह है कि ज़िम्मेदार अधिकारियों के कार्यप्रणाली पर सवाल करते पक्षपात कार्यवाही करने का आरोप लगाया जा रहा है उड़िसा के धौरपुर बेहरगुडा जेयतपुर मिर्जापुर सहित अन्य गांव से हजारों क्विंटल की तादात में धान की सप्लाई पर गौदाम में भर रहे हैं जानकारों का कहना है कि भले उड़िसा सरकार 3100 के समर्थन मूल्य में धान खरीद रही हैं लेकिन उत्पादन अनुसार किसान बेच नहीं पाते ऐसे ज्यादातर किसान नगद राशि के चलते स्थानीय कोचिया को धान बेच देते है और उक्त धान को झाखरपारा सहित अन्य इलाके के कारोबारी 21 सौ 50 रुपए में खरीद कर किसानो के बीच 23 से 24 सौ के बीच खफा देते हैं इसके कुछ कारोबारी भोले भाले किसानो को सेटिंग उनके पट्टा के माध्यम से सीधा उपार्जन केंद्र में बेचकर प्रति क्विंटल 800 से अधिक रुपए कमा लेते है मतलब उड़िसा के धान बेचकर बिचौलिया तो लाखो रुपए बना लेते हैं लेकिन इसका नुकसान सरकार को उठाना पड़ता है जिससे प्रशासनिक अमला अवगत होते सीमावर्ती क्षेत्रों में चेकपोस्ट स्थपित किया है फिर भी उड़ीसा का धान रोकने में पूरी तरह असफल दिखाई पड़ रही है क्योंकि आज सैकडो क्विंटल पिकअप ट्रक से उड़िसा का धान झाखरपारा सहित अन्य गांव में पहुंच रहा है। 9 पिकअप पर कार्यवाही झाखरपारा से एक भी नहीं : झाखरपारा के धान तस्करों को स्थानीय प्रशासन ने किस तरह छूट दिया है महज कार्यवाही के आंकड़े देख अंदाजा लगाया जा सकता है कैंटपदर खुटगांव खोकसरा सहित अन्य इलाकों से उड़िसा का धान लाती 9 पिकअप के खिलाफ कार्यवाही किया गया इसके धान लदी 1 टैक्टर को भी जब्त किया गया लेकिन आज तक झाखरपारा इलाके से एक भी गाड़ी के खिलाफ कार्यवाही नहीं हो पाया है जबकि दिन रात पिकअप से उड़िसा का धान लाया जा रहा है जिससे स्थानीय प्रशासन भी भली भांति अवगत हैं लेकिन आज तक कोई बड़ी कार्यवाही को अंजाम नहीं दिया है सिर्फ गस्ती चेकपोस्ट होने सहित अन्य बहानेबाजी करते पल्ला झाड़ लेते है तभी अधिकारियों के कार्यवाही को लेकर चौक चौराहा पर सवाल खड़ा करते कहा जाता है कि छूट मूठ घरों और गिनते के पिकअप पर कार्यवाही कर बड़े बड़े धान तस्करो खुली छूट दे रखा है।

# चंडीमाता मंदिर, भूतेश्वर नाथ मंदिर का महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com




स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ऊषाकिरण अग्रवाल के संरक्षण एवं यू के बरिहा और डॉ. आर एस पटेल के नेतृत्व में महाविद्यालय के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया। शैक्षणिक भ्रमण के प्रथम चरण में घूंचापाली में स्थित देवी मां चंडीमाता का दर्शन का कराया गया तथा उससे संबंधित जानकारी को बताया गया ।तत्पश्चात गरियाबंद में स्थित विश्व का सबसे बड़ा शिव मंदिर भूतेश्वरनाथ का दर्शन कराया गया तथा वहां के निवासियों से इस संबंध में जानकारी प्राप्त की गई यह मंदिर का निर्माण एवं पूजा आराधना की स्थिति के बारे में पूछा गया। अंतिम चरण में छत्तीसगढ़ के गंगा के रूप में प्रसिद्ध तीर्थ स्थल राजिम का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया, जहां प्रत्येक वर्षअर्धकुंभ मेले का आयोजन किया जाता है ।महानदी के बीच में स्थित कुलेश्वर महादेव मंदिर के बारे में दर्शन करा कर उसके ऐतिहासिक स्वरूप को बताया गया। नदी के दूसरी छोर में स्थित सातवीं शताब्दी में स्थापित भगवान राजीव लोचन के मंदिर का दर्शन कराया गया और उसके ऐतिहासिक स्वरूप के बारे में मंदिर पुजारी से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की गई। शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि होने के साथ-साथ अपने देश के गौरवशाली अतीत को जानने का अवसर भी प्राप्त होता है, विद्यार्थी नए परिवेश में जाकर अपने राज्य के ऐतिहासिक स्थलों और स्मारकों के बारे में जानकारी प्राप्त कर गौरवान्वित म ह स ू स करते हैं।

# शिक्षक संघ ने नव चयनित जिला महिला बाल विकास अधिकारी को बधाई दिया



**भानुप्रतापपुर।** कांकेर बस्तर अंचल के अंदरूनी गांव मोहगांव भानुप्रतापपुर से छत्तीसगढ़ राज्य सिविल सेवा में प्रतिष्ठापूर्ण पद जिला महिला बाल विकास अधिकारी के रूप में चयनित तनुजा बेलसरिया ने अपनी योग्यता से सबको प्रेरित किया है। आज शिक्षक संघ का दल बस्तर बिटिया से मिलकर, मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दिया साथ ही महिलाओं और बच्चों के लिए उक्त पद में रहकर नवाचारी कार्य की मंशा लिए मंगल कामनाएं भी की। उल्लेखनीय है कु.तनुजा शिक्षक दंपत्ति हेमलाल बेलसरिया और उमा बेलसरिया की सुपुत्री है। शिक्षक संघ माता पिता के रूप में उन्हें भी सम्मानित किया। दोनों शिक्षक संघ के आजीवन सदस्य होने के साथ साथ शिक्षक संघ के ब्लाक/तहसील पदाधिकारी भी हैं। चाचा संजय बेलसरिया भी समाज के सक्रिय पदाधिकारी है।

## शहर व जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ प्रेसवार्ता

# समर्थन दर पर धान खरीदी कांग्रेस सरकार की नीति को भाजपा सरकार ने बदला : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



वर्तमान में समर्थन दर पर धान खरीदी जिस रफ्तार से चल रही है। उससे लक्ष्य को प्राप्त करना लगभग संभव है। यह बात कहते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने आज प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता में पत्रकारों से कहा है कि पूर्व में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की धान खरीदी नीति को उपार्जन केंद्रों में मौजूदा मुख्यमंत्री विष्णुदेव सय नीत भाजपा सरकार ने बदल दिया है। इसी के साथ उन्होंने सेवा सहकारी समितियां के माध्यम से किसानों से धान खरीदने के संबंध में 23 बातों में उन्होंने अपने बातें कही हैं।

शहर जिला कांग्रेस व जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वधान में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि छग की विष्णुदेव साय सरकार की नई नीति से स्पष्ट है कि वह किसानों से धान खरीदी कम करना चाहती है। इस बार 160 लाख मिट्रिक धान खरीदी का लक्ष्य है इसके लिए 14 नवंबर से 31 जनवरी तक का समय निर्धारित है, शनिवार, रविवार व सरकारी छुट्टी घटाकर कुल 47 दिन ही मिल रहे। इसका मतलब यह है कि प्रति दिन सरकार का लगभग साढे तीन लाख मिट्रिक टन की खरीदी प्रति करनी होगी, तब जाकर लक्ष्य पूरा होगा।

साहू ने आगे कहा कि वर्तमान में जिस रफ्तार से धान खरीदी हो रही है उसमें लक्ष्य प्राप्त करना असंभव लग रहा। सोसाइटियों को निर्देश है कि एक दिन में अधिकतम 752 क्विंटल यानी 1880 कट्टा धान ही खरीदा जाना है। ऐसे में एक किसान का शेष धान के लिये उसको आगामी दिनों की तारीख दी जा रही है। सरकार ने यह घोषणा किया है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आयेगा, लेकिन जो लोग 14 नवंबर को धान बेचे थे, उनके खाते के रकम नहीं आया है, जो रकम आ रहा है वह एक मुश्त 3100 नहीं सिर्फ 2300 रूपए प्रति क्विंटल ही आ रहा है। (जो समर्थन मूल्य है उतना) अनावरी रिपोर्ट गलत बनाया जा रहा है जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा है किसानों से पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है। बीज उत्पादक किसानों से सोसायटी में धान नहीं खरीदा जा रहा। सोसायटी में सूचना चस्पा किया गया है कि बीज उत्पादक किसानों का धान नहीं लिया जायेगा। सोसायटी में बारदाना की कमी है किसान परेशान है। सरकार ने कहा कि 50 प्रतिशत नये 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाये। 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। धान खरीदी केन्द्रों में टोकन नहीं जारी किया जा रहा है किसान घंटों खड़े रहते है। आनलाइन टोकन सिस्टम के कारण किसानों को 15 दिन बाद भी टोकन नहीं मिल रहा है। धान की कीमत का भुगतान 3217 रूपए में करें क्योंकि 3100 रूपए भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रूपए बढ़ा दिया है। इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रूपए से बढ़ाकर 3217 रूपए किया जाये। कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 देने का वादा किया था लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 रूपए में धान खरीदी किया था।धान उपार्जन की कांग्रेस सरकार की नीति को भाजपा सरकार ने बदल दिया है। नई नीति के अनुसार 72 घंटे में बफर स्टॉक के उठाव की नीति को बदल दिया है। पहले इस प्रावधान के होने से समितियों के पास से अधिकार होता था कि वे समय सीमा में उठाव न होने पर चुनौती दे सके। अब जो बदलाव हुआ हुआ है है उसके बाद बफर स्टॉक बाद बफर स्टॉक के उठाव की कोई सीमा ही नहीं है। धान खरीदी केन्द्रों में जगह की कमी आ रही है।

**छत्तीसगढ़ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**
**नारायणपुर वनमंडल के काष्ठागार के नीलाम का संक्षिप्त विवरण**

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नारायणपुर वनमंडल के नारायणपुर काष्ठागार में संग्रहित पुराना ईमारती काष्ठ का घोष विक्रय द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि, घोष विक्रय में भाग लेवें। घोष विक्रय की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमण्डल से प्राप्त की जा सकती है।

नीलाम दिनांक, स्थान एवं समय - 05.12.2024 को कोण्डागांव काष्ठागार में दक्षिण वनमण्डल कोण्डागांव काष्ठागार के नीलामी के पश्चात्

| प्रजाति | पुराना वनोपज (काष्ठ) | | | |
|---|---|---|---|---|
| | ईमारती काष्ठ | | बल्ली | डेंगरी |
| | नग | घ.मी. | (नग में) | (नग में) |
| साल | 507 | 55.501 | 136 | 28 |
| बीजा | 201 | 29.760 | 5 | - |
| साजा | 54 | 4.207 | 7 | - |
| सागौन | 131 | 23.928 | 17 | - |
| धावड़ा | 255 | 28.389 | - | - |
| हल्दू | 51 | 11.327 | - | - |
| तिन्सा | 79 | 6.678 | - | - |
| जामुन | 46 | 3.963 | - | - |
| तेन्दू | 29 | 4.270 | 2 | 1 |
| अन्य | 287 | 28.687 | 63 | 17 |
| **योग :-** | **1640** | **196.710** | **230** | **46** |

| प्रजाति | अविक्रित निरस्त वनोपज (काष्ठ) | | | |
|---|---|---|---|---|
| | ईमारती काष्ठ | | बल्ली | डेंगरी |
| | नग | घ.मी. | (नग में) | (नग में) |
| साल | 296 | 47.782 | - | - |
| बीजा | 88 | 6.389 | - | - |
| **योग :-** | **384** | **54.171** | - | - |

**दूरभाष क्रमांक - नारायणपुर वनमण्डल, नारायणपुर (07781-252228)**

01. प्रत्येक क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के प्रत्येक लाट के संबंध में जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है, उसके 10 प्रतिशत के बराबर राशि या 1000/- रूपये इसमें जो भी अधिक हो जमा करें।
02. क्रेता द्वारा नीलाम में बोली लगाने के पूर्व कैलेण्डर वर्ष 2024 का पंजीयन प्रमाण पत्र, GST प्रमाण पत्र एवं आयकर पेन कार्ड की छाया प्रति ई.एम.डी. कक्ष में जमा करना अनिवार्य है।
03. विनिर्माता/उपभोक्ता/व्यापारी लायसेंस GST कर एवं आयकर पेन नंबर की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने पर ही वर्कआर्डर जारी किया जावेगा।
04. नीलाम में क्रय किये गये लाटों का विक्रय मूल्य सहित ई.एम.डी. जमा पर्ची के पीछे अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा।
05. GST रकी राशि का भुगतान पृथक से ''नारायणपुर वनमण्डल नारायणपुर'' के नाम से बैंक ड्राफ्ट जो नारायणपुर में देय हो, तैयार कर प्रस्तुत करना होगा।

**वनमंडलाधिकारी**
**नारायणपुर वनमंडल, नारायणपुर**

जी- 242504214/6

# होलीक्रॉस इंग्लिश मीडियम स्कूल, घोलेंग में वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन, पूर्व विधायक विनय हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




होलीक्रॉस इंग्लिश मीडियम स्कूल, घोलेंग में वार्षिक खेल दिवस बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक विनय भगत ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष कल्पना लकड़ा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल बैंड द्वारा मुख्य अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। इस आकर्षक प्रदर्शन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद स्कूल के बच्चों ने एक सुंदर संस्कृत कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों की झलक देखने को मिली। यह प्रस्तुति सभी उपस्थित जनों को भारतीय संस्कृति की विविधता और समृद्धि का अनुभव कराने में सफल रही। इसके पश्चात खेल स्पर्धाओं का शुभारंभ हुआ, जिसमें छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया। पोटैटो रेस, ब्रिक रेस, झंडा रेस और बैलेंस रेस जैसी रोचक और रोमांचक प्रतियोगिताओं ने दर्शकों को खूब आनंदित किया। इसके अलावा फुटबॉल और बास्केटबॉल जैसे प्रमुख खेल भी आयोजित किए गए, जिनमें बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभा और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि विनय भगत ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, जो न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि आत्मविश्वास और अनुशासन भी सिखाते हैं। उन्होंने छात्रों को जीवन में खेलों के महत्व को समझने और उसमें उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि कल्पना लाखरा ने अपने संबोधन में बच्चों के उत्साह और प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों को इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के समापन पर स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर नूतन एक्का ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों और छात्रों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सभी के सहयोग और मेहनत का परिणाम है। उन्होंने बच्चों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम हैं, बल्कि यह छात्रों के सर्वांगीण विकास में भी सहायक होते हैं। इस वार्षिक खेल दिवस ने न केवल छात्रों के उत्साह को बढ़ाया, बल्कि अभिभावकों को भी बच्चों की प्रतिभा देखने का अवसर प्रदान किया।

पूरे दिन का यह आयोजन ऊर्जा और उमंग से भरपूर रहा। होलीक्रॉस इंग्लिश मीडियम स्कूल का यह आयोजन सभी के लिए एक यादगार अनुभव बन गया।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस क्षेत्र के साथ पूरे प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध : कौशल्या

- कौशल्या साय ने ब्लॉक स्तरीय युवा उत्सव में भाग ले रहे युवाओं का किया उत्साहवर्धन

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय मिनी स्टेडियम सलियाटोली, कुनकुरी में ब्लॉक स्तरीय युवा उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपने क्षेत्र एवं पूरे प्रदेश के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत एवं प्रतिबद्ध हैं। साय ने इस युवा उत्सव में आए युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस आयोजन में जो संगीत का सुर बज रहा है। इस सुरमई संगीत की धुन और इससे उत्पन्न खुशी को जीवन में भी बरकरार रखें। उन्होंने कहा कि मुझे काफी खुशी होती है कि लड़कियां अब इस तरह के आयोजन में बढ़चढ़ कर भाग लेती है। यह उनके आगे बढ़ने की ललक और कुछ कर गुजरने की चाह को दर्शाता है। साय ने सभी प्रतिभागियों को पूरे उत्साह के साथ बेहतर प्रदर्शन कर राज्य स्तर पर विजेता बनने हेतु प्रोत्साहित भी किया। उन्होंने बच्चों को शिक्षकों के साथ मुख्यमंत्री आवास रायपुर आने के लिए आमंत्रित भी किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीनायक मिश्रा, मंडल महामंत्री राजकुमार गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुदबल राम यादव,वरिष्ठ भाजपा नेता घनश्याम होता, सी आर भगत विकास खंड शिक्षा अधिकारी, बेमता टोली सरपंच राजकुमारी लकड़ा सहित शिक्षक,कर्मचारी एवं अधिकारी तथा कुनकुरी विकासखंड के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में साहित्यिक, सांस्कृतिक, अकादमिक एवं महिला खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन अलग अलग आयु समूहों के लिए किया गया है। विकासखण्ड स्तरीय युवा महोत्सव 30 नवंबर 2024 तक होगा। इसके बाद जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन होगा। जिला और ब्लॉक स्तर पर हुए युवा उत्सव के आयोजन के पश्चात विजेताओं को राज्य युवा महोत्सव में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। राज्य युवा महोत्सव के विजेताओं को नगद पुरस्कार दिए जाएंगे।

# धान खरीदी को लेकर कांग्रेस ने लगाया आरोप कहा, सरकार धान नहीं खरीदने बना रही बहाना

## नई नीति से स्पष्ट है कि वह किसानों से धान खरीदी कम करना चाहती है

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने विष्णुदेव सरकार की धान नीति पर सवालिया निशान लगाते हुए इसे किसानों के लिए अहितकर बताया है। जिला कांग्रेस कमिटि के अध्यक्ष सागर यादव ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि प्रति दिन सरकार को लगभग साढ़े तीन लाख मिट्रिक टन की खरीदी प्रति दिन समय निर्धारित है. शनिवार, रविवार और सरकारी छुट्टियों को घटाकर कुल 47 दिन मिल रहे हैं। इस बार 160 लाख मिट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है. इसके लिए 14 नवंबर से 31 जनवरी तक का करनी होगी, तब जाकर लक्ष्य पूरा होगा। उन्होंने दर्जनों आरोप लगाते हुए धान नीति को गलत बताया है।

**खरीद की रफ्तार धीमी**-जिलाध्यक्ष यादव ने कहा, वर्तमान में जिस रफ्तार से धान खरीदी हो रही है उसमें लक्ष्य प्राप्त करना असंभव लग रहा जाना है। ऐसे में एक किसान का शेष धान के लिये उसको आगामी दिनों की तारीख दी जा रही है। सोसाइटियो को निर्देश है कि एक दिन में अधिकतम 752 क्विंटल यानी 1880 कट्टा धान ही खरीदे।

## 14 दिसम्बर को जिले में लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा

**मुंगेली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के तत्वाधान में 14 दिसम्बर को जिले में लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत को सफल बनाने हेतु आज जिला न्यायालय परिसर में आवश्यक बैठक हुई। इस अवसर पर अध्यक्ष व जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार अजगल्ले ने सभी बैंको, विद्युत विभाग एवं नगरीय निकाय को प्री-लिटिगेशन प्रकरण को अधिक से अधिक संख्या में लगाये जाने तथा इसमें मिलने वाली छुट की जानकारी पक्षकारगण को दिये जाने हेतु कहा गया। बैठक में प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज शर्मा, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक वरिष्ठ श्रेणी रेशमा बैरागी पटेल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कंचन लता आचला, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के प्रथम अति. न्यायाधीश नारायणी कच्छप मुंगेली तथा बैंक के अधिकारी, नगर पालिका, विद्युत विभाग के अधिकारी एवं अधिवक्त ागण उपस्थित रहे।

# विश्व दिव्यांगता दिवस पर 03 दिसंबर को मुखर्जी स्टेडियम में होंगे विविधि कार्यक्रम

## विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को अपनी प्रतिभा को निखारने मिलेगा अवसर

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com




विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर 03 दिसंबर को समावेशी शिक्षा अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में सुबह 08 बजे खेलकूद, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारने, आत्मसम्मान, सामाजिक कौशल और आत्म विश्वास को बेहतर बनाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुंगेली, लोरमी एवं पथरिया से बच्चों को कार्यक्रम तक लाने एवं ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था के लिए बीआरपी (समावेशी शिक्षा) एवं स्पेशल एजुकेटर को अधिकृत किया गया है। इसके साथ ही दिव्यांग बच्चों के लिए चाय, नाश्ता, भोजन की भी व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में प्रारंभिक स्तर के लिए अस्थि बाधित बच्चों हेतु कुर्सी दौड़ व 50 मीटर दौड़, श्रवण बाधित बच्चों के लिए 100 मीटर दौड़ व गोला फेंक, बाधित बच्चों हेतु मटका फोड़ व 25 मीटर दौड़, मानसिक मंदता बच्चों हेतु सॉफ्ट बॉल थ्रो व 50 मीटर दृष्टि दौड़, सांस्कृतिक कार्यक्रम एकल नृत्य, समूह नृत्य व एकल गीत अन्य दिव्यांग बच्चों हेतु रंगोली, कुर्सी दौड़ व जलेबी दौड़ एवं माध्यमिक स्तर के लिए अस्थि बाधित बच्चों हेतु कुर्सी दौड़, श्रवण बाधित बच्चों के लिए गोला फेंक, दृष्टि बाधित बच्चों हेतु मटका फोड़ व 100 मीटर दौड़, मानसिक मंदता बच्चों हेतु सॉफ्ट बॉल थ्रो सांस्कृतिक कार्यक्रम एकल नृत्य, समूह नृत्य व एकल गीत अन्य दिव्यांग बच्चों हेतु रंगोली, कुर्सी दौड़ व जलेबी दौड़, सांस्कृतिक कार्यक्रम एकल नृत्य, समूह नृत्य व भाषण का आयोजन किया जाएगा।

# करुणा श्री कैंसर हॉस्पिटल के 4 साल पूरे



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

करुणा श्री कैंसर हॉस्पिटल ने अपनी स्थापना के 4 साल पूरे कर लिए है। पचपेड़ीनाका स्थित इस हॉस्पिटल ने अपनी इस अल्प अवधि में बहुत सी उपलब्धियां हासिल की है इस दौरान यहाँ 15000 से अधिक ओपीडी की गई तथा 5000 से ज़्यादा कैंसर पीड़ितों का सफल इलाज किया गया। यहां अब तक 20000 से ज़्यादा कीमोथेरेपी की का चुकी है। हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. प्रशांत कसेर में बताया कि हमारे यहां हम कैंसर के खिलाफ जंग में उच्च स्तरीय सेवाओं के साथ दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने बताया हमारे यहाँ आयुष्मान योजना द्वारा भी इलाज किया जाता है। डॉ. नीलम लदेर ने इस अवसर पर कहा की आप सभी का धन्यवाद जिन्होने हमारा साथ दिया और हम पर विश्वास किया। उन्होंने बताया की यहाँ एडवांस स्टेज में मरीज़ भी आते है जो हमारे इलाज़ से पूर्णतः संतुष्ट है। इस हॉस्पिटल में कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी, सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।

# छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक ने शुरू की सीआरजीबी महतारी शक्ति ऋण योजना का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा शुरू की गई सीआरजीबी महतारी शक्ति ऋण योजना का शुभारंभ वित्त मंत्री (छत्तीसगढ़) ओ.पी. चौधरी एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार अरोरा द्वारा किया गया। यह योजना विशेष रूप से छत्तीसगढ़ की महिलाओं को समर्पित है, और इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक स्वावलंबन और सशक्तिकरण के लिए प्रेरित करना है। इस योजना के अंतर्गत, महिलाओं को रु. 25,000/- तक का ऋण प्रदान किया जाएगा, जो उन्हें अपने व्यवसाय या अन्य आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने में मदद करेगा। इस पहल के माध्यम से छत्तीसगढ़ की महिलाओं को आर्थिक दृष्टि से सशक्त बनाने का लक्ष्य है, ताकि वे अपने परिवार और समाज में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। महतारी शक्ति ऋण योजना महिलाओं को उनकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक कदम और बढ़ाने के अवसर प्रदान करेगी, जिससे वे अपने छोटे व्यवसायों या आत्मनिर्भर कार्यों को सशक्त बना सकें। योजना के शुभारंभ में बैंक द्वारा एक दिन में 1000 महिलाओ को कुल ऋण राशि रु.2.25 करोड़ का ऋण स्वीकृत किया गया।

# 2 फरवरी से होगा दिलीप सिंह जूदेव मेमोरियल फुट्बॉल टूर्नामेंट

- आयोजक कमेटी ने देश की 22 प्रसिद्ध टीमों को भेजा आमंत्रण

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



केंद्रीय मंत्री रहे दिवंगत दिलीप सिंह जूदेव मेमारियल ऑल इंडिया गोल्ड फुट्बॉल टूर्नामेंट कप आयोजन समितिं के पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक कृष्ण कुमार राय के अध्यक्षता में सम्पन्न हई जिसमें समिति के सभी सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां दी गई। इस दौरान टूर्नामेंट का आयोजन 2 फरवरी 2025 से कराने पर सभी सदस्यों ने सहमति प्रदान की। उक्त जानकारी टूर्नामेंट के कार्यकारी अध्यक्ष ओम प्रकाश सिन्हा के द्वारा दी गई है। टर्नामेंट में टीमों को आमंत्रित करने की जिम्मेदारी टूर्नामेंट के जनरल सचिव सरफराज आलम को दी गयी है। सरफराज आलम ने टूर्नामेंट में शामिल होने के लिए देश के प्रसिद्ध फुटबॉल क्लबों को आमंत्रण भेजते हुए उसकी जानकारी मीडिया से साझा की है।

### इन्हें भेजा गया है आमंत्रण

वाय.बी.सी.मणिपुर इम्फाल ईस्ट, तामिलनाडु पुलिस, जिंक फुटबॉल राजस्थान, सेल फुटबॉल एकेडमी बोकारो झारखण्ड, एच.ए.एल. बैंगलूरू कर्नाटक, केरेला पुलिस, राउलकेला रेड उड़ीसा, आर्मी आर्टीलरी सेंटर हैदराबाद आन्ध्रप्रदेश, सहारा एफ.सी. लखनऊ उ.प्र., जम्मू कश्मीर बैंक, बी.एन.आर.कोलकाता पश्चिम बंगाल, एफ.सी.नागपुर महाराष्ट्र पंजाब पुलिस एफ.सी.नालंदा बिहार, एफ. सी. बालाघाट म.प्र., चेन्नई कस्टम, सी.ए.जी. पटना बिहार, स्पोर्टिंग क्लब झारखण्ड, आर.के.एम. नारायणपुर बस्तर (छ.ग.), जे.एफ.सी. जम्शेदपुर झारखण्ड, सी.आई.एस.एफ. दिल्ली, आर्मी सिकन्दराबाद तेलंगाना।

# भाटापारा विधानसभा को विकसित और जनसुविधा युक्त क्षेत्र बनाने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं : शिवरतन शर्मा

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com




विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कडार में बने आंगन बाड़ी भवन व सरस्वती शिशु मंदिर भवन का लोकार्पण एवं नगर के प्रेम प्रकाश कालोनी में बनने वाले शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा के कर कमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि हमने विकसित भाटापारा बनाने का जो संकल्प लिया है, उसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं। हमारे भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में भी शहरी क्षेत्र के विभिन्न अधोसंरचना विकास, शहरों का सौंदर्यीकरण, सड़कें, पुल-पुलिया, बिजली एवं स्वच्छ जल की आपूर्ति हो इसके लिए हम लगातार प्रयास करते रहेंगे। शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों के होने से जनता को सुविधा के साथ ही क्षेत्र का विकास भी सुनिश्चित होता है। हम भाटापारा विधानसभा को विकसित और जनसुविधा युक्त क्षेत्र बनाने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में विकास कार्य ठप्प पड़ गए थे, लेकिन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ एक बार फिर से विकास के रास्ते पर कार्य तेजी से हो रहे हैं। जनता को सरकार की हर योजनाओं का लाभ मिल रहा है। प्रदेश में डबल इंजनों की सरकार द्वारा निर्मित ही आवास योजना से जनता को पक्के आवास मिल रहे हैं, किसानों को उनका अधिकार मिल रहा है, युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं हैं, महिला सशक्तिकरण का प्रयास जारी है, महतारी वंदन का लाभ प्राप्त हो रहा है और हमारे वृद्धजनों को आयुष्मान का उपहार मिल रहा है। यह सभी भाजपा के साफ और सही नियत के उद्देश्य को निर्धारित करता है, जिससे प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। उक्त अवसर पर सुनील यदु, आशीष जायसवाल, योगेश अंनत, राजा कामनानी, राधा बाई रूपेंद्र बंजारे सरपंच, धन्नू लाल धीवर, ठाकुर राम साहू, दिनबंधु दुबे, सुनील यदु, रामकुमार निषाद, बलदाऊ ध्रुव, सहित स्थानीजन उपस्थित थे।

# कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने उपलब्धी की सराहना करते हुए कुमारी किरण को बधाई एवं शुभकामनाएं दी

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने 28 नवंबर को सीजी पीएससी 2023 का रिजल्ट जारी किया, जिसमें मुंगेली जिले के विकासखंड लोरमी के ग्राम नवागांव वेंकट की कुमारी किरण राजपूत ने चैथा रैंक हासिल किया है। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने जिले के बेटी की इस उपलब्धी की सराहना करते हुए कुमारी किरण और उनके परिजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिला कलेक्टोरेट में मुलाकात के दौरान कलेक्टर ने कहा कि एक किसान की बेटी ने कई चुनौतियों के बावजूद अपनी कड़ी मेहनत और लगन से सीजीपीएससी में चैथा रैंक हासिल की है, जो जिले के लिए गौरव की बात है। कलेक्टर ने कुमारी किरण राजपूत को भविष्य में जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, उसे बखूबी निर्वहन करने, दीन दुखियों व गरीबों को न्याय दिलाने और अपने सभ्यता-संस्कृति को सहेजते हुए कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने जिले के प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि प्रतिभा के सामने सारी चुनौतियां नतमस्तक है। अपनी मेहनत और लगन को जारी रखते हुए विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए भी लक्ष्य से नहीं भटकना है। तभी आपको मंजिल मिलेगी। पुलिस अधीक्षक ने कुमारी किरण को इस सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी और आगे भी अपनी पढ़ाई को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। कुमारी किरण राजपूत ने बताया कि उनका पारिवारिक पृष्ठभूमि कृषक परिवार से है। वह 2021-22 से बिलासपुर में रहकर सीजीपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रही थी, उनकी प्रारंभिक शिक्षा गॉव के स्कूल और कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई झाफल में हुई। बिलासा गर्ल्स कॉलेज बिलासपुर में स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद निजी संस्थान से कोचिंग की। जिसके बाद घर में सेल्फ स्टडी कर परीक्षा की तैयारी कर रही थी। पहले प्रयास में सीजीपीएससी की मुख्य परीक्षा में नहीं निकलने पर उनका आत्मविश्वास कम हो गया था, लेकिन परिजनों ने हौंसला बढ़ाते हुए तैयारी जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया, जिसका सकारात्मक परिणाम सीजीपीएससी 2023 के रिजल्ट में देखने को मिला। वह दूसरे प्रयास में चैंथे रैंक से परीक्षा पास की। किरण के पिता गजेन्द्र सिंह राजपूत ने अपनी बेटी की सफलता पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि किरण शुरू से पढ़ाई में मेधावी थी, जिसक चलते उन्हें उम्मीद थी कि वह एक दिन अफसर बनकर परिवार, समाज और जिले का नाम रोशन करेगी। किरण की माता सरोज राजपूत ने बताया कि बेटी की सफलता का श्रेय परिवारजनों को देते हुए प्रसन्नता जाहिर की। इस अवसर पर लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी, तहसीलदार शेखर पटेल और कुमारी किरण राजपूत के परिवारजन मौजूद रहे।

# पीआईसी भंग करने का निर्णय कांग्रेस का केवल छलावा : आशीष जायसवाल

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com



विगत 5 वर्षों में कांग्रेस शासित नगर पालिका भाटापारा क्षेत्र का विकास करने में अक्षम साबित हुई है। कांग्रेस पार्टी के पार्षदों द्वारा चुनी गयी नगर पालिका अध्यक्षा सुनीता गुप्ता वर्ष में एक बार ही नगर पालिका कार्यालय आती रही जिसका प्रत्यक्ष नुकसान नगर वासियो को उठाना पड़ा। पालिका कार्यालय के कर्मचारी अध्यक्षा के नियंत्रण से बाहर रहे। आम लोगों को छोटे-छोटे रोजमर्रा के कार्यों के लिए भी पालिका प्रशासन के चक्कर काटने पड़े। पालिका अध्यक्षा एवं उनकी पूरी टीम 5 वर्षों तक ठेकेदारों और सप्लायरों के बिलों को पास करने में लगी रही।

### पीआईसी भंग करने का निर्णय हास्यास्पद

कांग्रेस शासित वर्तमान नगर पालिका के 5 वर्ष पूर्ण होने को है ऐसी अवस्था में पालिका अध्यक्षा द्वारा पीआईसी काउंसिल को भंग करने का निर्णय हास्यास्पद है। वर्तमान इकाई का कार्यकाल मात्र एक माह शेष बचा है आम जनता के साथ साथ कांग्रेस के नेता भी दबी जवान में नगर पालिका अध्यक्षा के कार्यकाल को सर्वथा नाकाम बता रहे हैं।

### प्रदेश की साय सरकार ने दी करोड़ो की सौगात

प्रदेश में विष्णु देव साय की सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने जा रहा है। जहां तक भाटापारा नगर पालिका का सवाल है अब तक लगभग 12 करोड़ रुपए विकास राशि की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। क्षेत्र में बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल रहा है। जनहित की सभी योजनाओं के क्रियांन्वन में तेजी आई है। नगर की सफाई व्यवस्था से लेकर पेयजल व्यवस्था तक निर्माण की गुणवत्ता से लेकर प्रकाश व्यवस्था तक, नक्शे पास करने से लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना के ि यान्वन तक और केंद्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से लेकर विकास का रोड मैप तैयार करने तक कांग्रेस शासित नगर पालिका पूर्ण रूप से फेल हो चुकी है। भाटापारा क्षेत्र की जनता ऐसी अकर्मन्य और निषि य व्यवस्था को उखाड़ फेंकने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है।

# छत्तीसगढ़ में भाजपा के 60 लाख सदस्य बनना ऐतिहासिक उपलब्धि : नितिन नबीन

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने भाजपा संगठन महापर्व सदस्यता अभियान को छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक सफलता के लिए प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव समेत पूरे संगठन और बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। सदस्यता अभियान की समीक्षा के साथ ही संगठन चुनाव कार्यशाला और निकाय व पंचायत चुनावों के मद्देनजर आहूत भाजपा की संभागवार बैठकों में मार्गदर्शन करने पहुंचे नवीन कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कायालय में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। भाजपा प्रदेश प्रभारी नवीन ने कह कि भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के ने जिस अपेक्षा व विश्वास के साथ प्रदेश भाजपा के लिए सदस्यता का जो लक्ष्य तय किया था छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं ने उसे अर्जित किया और संगठन महापर्व को नई संजीवनी देने और नए सदस्यों व कार्यकताओं को जोड़ने का कार्य किया है है, जो स्वागत योग्य है। भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने पूरी तरह से इस अभियान की सफलता के लिए प्रदेश की टीम को बधाई दी है। नवीन ने कहा कि संगठन पर्व की अगली कड़ी के रूप में अब बूथ से लेकर प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर संगठन चुनाव प्रारंभ हुए हैं। बूथ कमेटियों के गठन के बाद अब मंडल, जिला अध्यक्षों का चुनाव होगा और फिर प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होगा। अब यह प्रक्रिया चल रही है और भाजपा ने जिस तरह संगठन-रचना को पहले भी खड़ा किया है, उसी तरह अब भी पूरी नई टीम संरचना में आए, उसी के मद्देनजर शनिवार को संगठन कार्यशाला रखी गई। इसी के साथ नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत संभागवार रणनीति भी बनाई जा रही है। नवीन ने दावा किया कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार ने काम करते हुए लगभग एक वर्ष में जिस तरह केंद्र और प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतार है, मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादों पर तेजी से अमल किया है, वह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है और हम मुख्यमंत्री साय और प्रदेश संगठन के नेतृत्व में निकाय और पंचायत चुनाव में भी शानदार सफलता अर्जित करेंगे।

## श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन ने किया एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं पार्षद सहदेव विभार के सौजन्य से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर शनिवार को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक पार्षद कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से जनसमस्याओं पर चर्चा की। जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति बंसोड, जनरल मेडिसिन डॉ. धनेंद्र साहू, नेत्र रोग से डॉ.वेद, हड्डी रोग से डॉ.संतोष सिंह अस्पताल मार्केटिंग टीम से चंद्रकांत श्रीवास, आकाश एवं विवेकानंद मिश्रा एवं नर्सिंग स्टाफ सोरेन, हेमा सिंह एवं पार्षद और यहा के कर्मचारी एवं वार्ड निवासीगण उपस्थित रहे। शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, जनरल मेडिसिन, हड्डी रोग, नेत्र रोग, स्त्री रोग का निःशुल्क इलाज किया गया। आयोजकों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल में संचालित योजनाओं जिनमें मुख्य रूप से निःशुल्क डिलीवरी व निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन योजना की विशेष सराहना की एवं समस्त टीम का आभार व्यक्त किया।

## 2024 बैच के 3 आईएएस को मिला छत्तीसगढ़ कैडर

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

केंद्रीय कार्मिक प्रशिक्षण मंत्रालय ने 2024 बैच के आईएएस को कैडर एलॉट कर दिया है। 2024 बैच के 180 आईएएस को कैडर एलॉट हुआ है। छत्तीसगढ़ को भी तीन आईएएस मिले हैं। ये तीनों आईएएस आउटसाइडर है। केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण मंत्रालय के द्वारा एलॉटमेंट लिस्ट जारी करने के बाद संबंधित राज्य सरकारें इन आईएएस अधिकारियों की पोस्टिंग करेंगी। छत्तीसगढ़ को तीन आईएएस मिले है। यूपीएससी में 75 रैंक लाने वाले अक्षय दोशी को छत्तीसगढ़ कैडर मिला है। अक्षय पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। वे जनरल केटेगरी से आते हैं। उनके अलावा 238 रैंक पर आने वाले विपिन दुबे को भी छत्तीसगढ़ कैडर एलॉट हुआ है। विपिन जनरल कैटेगिरी से आते है।


## एक करोड़ की लागत से होगा पीएचसी का रिनोवेशन

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



बिलासपुर जिले के सीपत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लगभग एक करोड़ रुपए की लागत से रिनोवेशन किया जाएगा। विभिन्न योजनाओं के कन्वर्जेंस से यह राशि जुटाई जाएगी। बिलासपुर के कलेक्टर अवनीश शरण ने अस्पताल भवन एवं परिसर का निरीक्षण कर डॉक्टरों और इंजीनियरों के साथ बैठकर रिनोवेशन की कार्ययोजना बनाई। उन्होंने सीजीएमएससी (छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन) और आरईएस (ग्रामीण यांत्रिकी सेवा) के अधिकारियों को अगले तीन महीनों में रिनोवेशन का काम पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल श्रीवास्तव, पीएचसी की प्रभारी डॉ. आकांक्षा दुबे और डीपीएम पीयूली मजूमदार सहित आरईएस और सीजीएमएससी के अधिकारी भी इस दौरान मौजूद थे। कलेक्टर अवनीश शरण ने अस्पताल परिसर में बने शासकीय आवास गृहों में रहने वाले स्वास्थ्य कर्मियों की समस्याएं सुनी और रिनोवेशन की कार्ययोजना में इसे भी शामिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने इलाज कराने आए मरीजों से मुलाकात कर अस्पताल की व्यवस्था के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने महिला वार्ड का भ्रमण कर प्रसव की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। शरण ने बढ़ते ठंड को देखते हुए जिले के सभी अस्पतालों में तीन दिनों में मरीजों के लिए कंबल की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने मुख्यालय में रहने वाले स्वास्थ्य कर्मियों की प्रशंसा करते हुए उनके आवास की मरम्मत और पेयजल की समस्या को दूर करने के निर्देश दिए।

## राज्यपाल डेका को सोल्जराथान कार्यक्रम के लिए आमंत्रण दिया सैन्य अधिकारियों ने



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में कोसा मुख्यालय छत्तीसगढ़ एवं ओड़ीसा सब एरिया (कोसा) मुख्यालय नया रायपुर के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों कर्नल सुमीत शर्मा एवं कर्नल शैलेन्द्र पटनायक ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने विजय दिवस के अवसर पर सेंट्रल पार्क नया रायपुर में आयोजित होने वाले सोल्जराथान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल को आमंत्रित किया। यह दौड़ कार्यक्रम सन 1971 में भारत की पाकिस्तान पर विजय की स्मृति में मनाए जाने वाले विजय दिवस के अवसर पर आयोजित की जा रही है, जिसमें सेना के योद्धाओं के साथ-साथ आम नागरिक भी भाग लेंगे।

## सरकार 21 क्विंटल के आधार पर खरीदी नहीं कर रही : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



सरकार किसानों का 21 क्विंटल धान की खरीदी नहीं करना चाह रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में सोसायटी वार जो अनावरी रिपोर्ट बनाया गया उसमें 75 प्रतिशत से अधिक क्षेत्रों में अनावरी रिपोर्ट षड़यंत्रपूर्वक 21 क्विंटल से कम 9, 10, 14, 16 क्विंटल बनवाया गया है। खरीदी अनावरी रिपोर्ट के आधार पर की जा रही है। कम खरीदी करने के बाद झूठा दावा किया जा रहा कि पूरा 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से खरीदी हो रही है। सरकार प्रदेश के सभी जिलों की अनावरी रिपोर्ट सार्वजनिक कर दे सच्चाई सामने आ जायेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि टोकन काटने के बाद भी किसान अपना धान बेच नहीं पा रहे है, क्योंकि टोकन कटने की तारीख से 3 से 7 दिन बाद धान बेचने के लिये किसानों को बुलाया जा रहा है। ऑनलाइन 15 दिसंबर तक टोकन नहीं मिल रहा। सोसाइटियों को निर्देश है कि एक दिन में अधिकतम 752 क्विंटल यानी 1880 कट्टा धान ही खरीदा जाना है।

## 2 अंतरराज्यीय समेत 3 अफीम तस्कर गिरफ्तार



**रायपुर।** थाना डी.डी. नगर पुलिस ने नारकोटिक एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 545 ग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ अफीम के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो आरोपी अंतर्राज्यीय तस्कर हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से अफीम के अलावा नगद 20,000, चार मोबाइल फोन और एक स्विफ्ट कार (सीजी/04/पीआर/5213) भी जप्त की है। जप्त सामान की कुल कीमत 8,50,000 आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरुद्ध विशेष कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 29 नवंबर को थाना डी.डी. नगर पुलिस को सूचना मिली कि एक चारपहिया वाहन में अफीम की तस्करी हो रही है। पुलिस ने डी.डी. नगर क्षेत्र में जगुआर शोरूम के पास नाकेबंदी की। जब संदिग्ध वाहन को रोका गया, तो उसमें तीन व्यक्ति सवार थे। पूछताछ और तलाशी के दौरान वाहन से 545 ग्राम अफीम बरामद की गई। आरोपियों के विरूद्ध थाना डी.डी.नगर में अपराध क्रमांक 457/2024 धारा 18बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई।

## किसानों को राहत के लिए जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर द्वारा जिलाधीश के नाम सौंपा ज्ञापन




पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस रायपुर किसानों के मुद्दे पर आंदोलित जिला कांग्रेस रायपुर द्वारा कांग्रेस भवन में आंदोलन की रूपरेखा बनाकर उधो राम वर्मा जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने समस्या को विस्तार से जानकारी में ये बात कही किसानों की बारदाना, टोकन के एवं एक बार में में 3100+117 रु देने की मांग को लेकर जिला स्तरीय कमेटी, ब्लॉक स्तर में खरीदी केंद्र स्तरीय समिति बना है जो किसानों के हित में हर समस्या के लिए किसानों के साथ संघर्ष करने की बात, इसके लिए व्यवस्था में सुधार, किसानों को राहत हेतु जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर द्वारा जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा। अगर व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर आंदोलन की बात कही, बैठक में संविधान रक्षक दिवस कार्यक्रम के तहत बूथ, जोन एवं ब्लॉक स्तर में कार्यक्रम तय किया गया है जिसमें जिले के सभी नेता शामिल होंगे। बैठक में शिव डहरिया पूर्व मंत्री ने कहा कि सरकार धान खरीदना ही नहीं चाहती इसलिए टोकन, वारदाना एवं धान उठाव में लगातार अड़चन डाल रहे है, ताकि किसानों का धान खरीदना ही नहीं पड़े, हम सभी कांग्रेसजनों को मिलकर किसानों की समस्या के समाधान के लिए काम करना है। बैठक में छाया वर्मा पूर्व सांसद, डोमेश्वरी वर्मा, पंकज शर्मा, नंदलाल देवागन, प्रवीण साहू, पप्पू राजेंद्र बंजारे ने अपनी बात रखी। ज्ञापन सौंपने वालो में भावेश बघेल कृपा राम निषाद, मोहन वर्मा, धनराज मध्यानी, कन्हैया यादव, दिनेश ठाकुर, केशरी मोहन साहू, प्रशांत गोस्वामी, सुनील सोनी, देवा टंडन, चूड़ामणि, संतोष पाल, भूषण साहू, अरुण शुक्ला, रहमत उल्ला खान, देवेंद्र मिश्रा, प्रणव ठाकुर, श्रवण निषाद, प्रकाश बांधे सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।






सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403